राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विंबलडन रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे : नोवाक

31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा: अमित शाह 12

वर्ष : 13 | अंक : 81 | पटना, मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

## हमारी संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है : राष्ट्रपति मुर्मू

प्रात: किरण

बरेली/नई दिल्ली। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मैं जिस परिवेश से आती हूं, वह सहज रूप से प्रकृति के निकट है।उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में कार्य करें तो मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना हो। पशु व मानव का रिश्ता परिवार का है। अभी हम आधुनिक जीवनशैली की जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन जब छोटे थे तो टेक्नोलॉजी का साधन नहीं था तब पशु ही हमारे साधन थे।पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते थे। पशु हमारे जीवन का धन हैं। उनके बिना हम जिंदगी के बारे में सोच नहीं सकते थे। यह धरती व मानव जाति इससे खुशहाल होती थी।हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल भी प्रदान किया।

### पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रहीं बेटियां

राष्ट्रपति ने उपाधि व पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की बड़ी संख्या देखकर गर्व हो रहा है कि बेटियां अन्य क्षेत्र की तरह पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रही हैं, यह शुभ संकेत है।राष्ट्रपति ने कैटल शेड की चर्चा करते हुए कहा कि मां, बहन गायों की सेवा करती थीं।गायों व पशुओं से माता-बहनों का जुड़ाव अधिक है।इस क्षेत्र में बेटियों का जुड़ाव देखकर बहुत अच्छा लगा।

### सत्य गुण से होती है ज्ञान की प्राप्ति

राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि करियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है।इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनःङ्ख की भारतीय सोच का भी योगदान रहा है।राष्ट्रपति ने संस्थान का ध्येय वाक्य सुनाकर



उसके भावार्थ की चर्चा की कि सत्य गुण से ज्ञान की प्राप्ति होती है।विश्वास है कि इसी भावना के साथ आपने शिक्षा प्राप्त की होगी और भविष्य में भी इसी मूल भावना के साथ कार्य करते होंगे।जब भी आपके सामने दुविधा का क्षण हो तब उन बेजुबान पशुओं के बारे में सोचिए, जिनके कल्याण के लिए आपने शिक्षा ग्रहण की है।आपको सही मार्ग जरूर दिखाई देगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस संस्थान में पशु विज्ञान इनक्यूबेटर कार्यरत है।इस सुविधा का लाभ लेते हुए उद्यम स्थापित करने चाहिए।इससे न केवल जरूरतमंदों को रोजगार दे पाएंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान कर पाएंगे।विश्व भर के प्रतिष्ठित संस्थानों, उद्यमों, सेवारत पूर्व विद्यार्थी भी इसमें मार्गदर्शन कर सकते हैं।

### मानव, जानवर, वनस्पति व पर्यावरण एक-दूसरे पर हैं आश्रित

राष्ट्रपति ने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा महत्व प्राप्त कर रही है।माना जाता है कि मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं।हमें अपनी परंपरा व इस अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए।प्रमुख पशु संस्थान के रूप में इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट जेनेटिक बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है।उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

### कोरोना ने किया आगाह, उपभोग आधारित संस्कृति पहुंचा सकती है अकल्पनीय क्षति

राष्ट्रपति ने कहाकि कोरोना महामारी ने आगाह किया है कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है।उन्होंने पशु कल्याण के लिए पशु आरोग्य मेलों के आयोजन पर जोर दिया।इनके तहत गांव-गांव में कैंप लगाकर पशुओं की चिकित्सा के साथ ही समाज भी स्वस्थ रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कमजोर समुदाय के बच्चों के शिक्षा अधिकार को छीन रहा है भाजपा का विकास मॉडल : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को दलित, आदिवासी और पिछड़ा विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसका विकास मॉडल इन वर्गो के बच्चों के शिक्षा के अधिकारों को छीनने वाला है इसीलिए भाजपा सरकार के आने के बाद 84 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किये गये हैं। श्री गांधी ने कहा, ह्लभाजपा का विकास मॉडल गरीबों से, खासकर दलितों, आदिवासियों और ओबीसी बच्चों से, शिक्षा का अधिकार छीनने वाला मॉडल है। उत्तर प्रदेश में 5,000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। साल 2014 से अब तक देशभर में 84,441 सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं जिनमें से अधिकांश तीन भाजपा शासित राज्यों, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और असम में बंद हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ स्कूल बंद करना नहीं है, बल्कि संविधान में दिए गए शिक्षा के अधिकार और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के उस ऐतिहासिक कानून पर सीधा हमला है, जिसने हर गांव के बच्चे को स्कूल तक पहुंचाया और नामांकन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की थी। बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा, लेकिन आज शिक्षा ही छीनी जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि स्कूल बंद करने के फैसले के खिलाफ छात्र और शिक्षक सड़कों पर हैं, मगर सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय उन्हें सताने और शिक्षा व्यवस्था को और कमजोर करने में जुटी है। जबकि जरूरत इसे मजबूत करने और हर बच्चे तक समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की है।

### न्यायालय ने बोधगया मंदिर अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र क्षेत्रों में से एक है। बोधगया वह स्थान है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश की गयी। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से याचिका में उठाए गए मुद्दे के बारे में पूछा। वकील ने कहा, मैंने (याचिकाकर्ता) अनुरोध किया है कि बोधगया मंदिर अधिनियम को अवैध बताते हुए रद्द किया जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए।

पीठ ने पूछा, आप यह मामला उच्च न्यायालय के समक्ष क्यों नहीं उठाते? न्यायालय ने कहा, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी

# रेलवे ने आज से यात्री किरायों में बढ़ोत्तरी का किया एलान



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीजन टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गयी है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराये पर 15 रुपये बढ़ाये गये हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीजन टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। रेल मंत्रालय के वाणिज्यिक परिपत्र में कहा गया है कि तेजस राजधानी, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, गैर उपनगरीय पैसेंजर गाड़ियों, अनुभूति कोच एवं विस्टाडोम कोच आदि के मूल किराये नई दरों के हिसाब से होंगे। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट आदि शुल्क पूर्ववत रहेंगे और उनमें कोई वृद्धि नहीं की गयी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भी पूर्ववत लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गयी थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गयी थी। वर्ष 2019 में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर दो पैसे बढ़ाये गये थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में दो पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी दो पैसे की बढ़ोतरी की गयी है। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर एक पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान चार पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गयी थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी।

### रेलवे अब आठ घंटे पहले तैयार करेगा आरक्षण तालिका

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने दूरदराज के स्थानों से यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद के वास्ते लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए मौजूदा चार घंटे के बजाय आठ घंटे पहले आरक्षण तालिका तैयार करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय हाल में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। वैष्णव के मार्गदर्शन में, अधिकारी मौजूदा चार घंटे के बजाय ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं। बयान में कहा गया कि अपराह्न दो बजे से पहले रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए चार्ट पिछली रात नौ बजे तैयार किया जाएगा। इसमें कहा गया कि रेल मंत्री ने निर्देश दिया है कि चरणबद्ध तरीके से बदलाव को लागू किया जाए जिससे कोई अवरोध पैदा नहीं हो। इस कदम से प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के लिए अनिश्चितता कम हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि प्रतीक्षा सूची की स्थिति पर पहला अपडेट पहले ही साझा किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, इससे लंबी दूरी की ट्रेनों को पकड़ने के लिए दूरदराज के स्थानों या प्रमुख शहरों के उपनगरों से यात्रा करने वाले यात्रियों को फायदा होगा।

# मतदाता सूची की समीक्षा की जरूरत : निर्वाचन आयोग

### योग ने कहा-सिर्फ पात्र नागरिक हो सकते हैं शामिल

प्रात: किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि ये कई कारणों से बदलती रहती हैं और संविधान में प्रावधान है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची का हिस्सा हों और जो नहीं हैं, वो वोट नहीं दे सकें। आयोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब कई विपक्षी दलों ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के कारण राज्य मशीनरी का उपयोग करके बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने का खतरा है। आयोग ने एक बयान में कहा कि मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है क्योंकि यह निरंतर बदलाव से गुजरने वाली सूची होती है जो मौतों, प्रवासन के कारण लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नए मतदाताओं के जुड़ने के कारण बदलती रहती है। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 4।96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसका उपयोग 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में कर सकते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की उपलब्धता के कारण राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काफी सुविधा होगी क्योंकि अब कुल मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा।

उन्हें बस 2003 की मतदाता सूची से अपना विवरण सत्यापित करना होगा और भरा हुआ गणना फॉर्म जमा करना होगा। मतदाता और बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) दोनों ही इन विवरणों को आसानी से देख सकेंगे। इसमें कहा गया है कि जिस किसी का नाम 2003 की बिहार मतदाता सूची में नहीं है, वह अब भी अपनी मां या पिता के लिए कोई अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के बजाय 2003 की मतदाता सूची के उद्धरण का उपयोग कर सकता है। ऐसे मामलों में माता या पिता के लिए किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। केवल 2003 ईआर का प्रासंगिक उद्धरण/विवरण ही पर्याप्त होगा। ऐसे मतदाताओं को भरे हुए गणना फॉर्म के साथ केवल अपने लिए दस्तावेज जमा करने होंगे। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक चुनाव से पहले, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 25 के अनुसार मतदाता सूची में संशोधन अनिवार्य है। सभी राजनीतिक दल लगातार और अधिक बीएलए नियुक्त कर रहे हैं ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हो सके। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि वे समय रहते प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बीएलए नियुक्त करें ताकि बाद में मतदाता सूची में त्रुटियों की शिकायत करने की आवश्यकता ही न पड़े। आयोग का स्पष्ट मत है कि सही समय पर सहभागिता से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रह सकती है।

## तेलंगाना में रसायन फैक्ट्री में विस्फोट, छह की मौत, 20 घायल

प्रात: किरण/एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना में संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह एक केमिकल फैक्ट्री के रिएक्टर में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत नाजुक है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट सिगाची इंडस्ट्रीज में हुआ। विस्फोट के कारण फैक्ट्री के कुछ हिस्सों में भीषण आग लग गयी। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। विस्फोट इतना जोरदार था कि कुछ कर्मचारी 100 मीटर दूर जाकर गिरे।

फैक्ट्री प्रबंधन ने बताया कि घटना के समय करीब 30 कर्मचारी ड्यूटी पर थे। इस घटना में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। विस्फोट से फैक्ट्री के निर्माण और प्रशासनिक भवनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। घायलों को इलाज के लिए तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने आशंका जतायी है कि घायलों की हालत को देखते हुए मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। विस्फोट के बाद फैले रासायनिक धुएं को देखते हुए पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के इलाकों को खाली करा दिया। संगारेड्डी कलेक्टर प्रवीण्या और पुलिस अधीक्षक परितोष घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## सेनाध्यक्ष की भूटान यात्रा, रक्षा सहयोग को मिलेंगे नए आयाम

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। सेनाध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे गहरे व विश्वासपूर्ण रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 2 जुलाई तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। यह यात्रा भारत-भूटान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक विश्वास को दर्शाती है। दौरा भारत की अपने पड़ोसी देश भूटान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराता है। सेना प्रमुख का यह दौरा दोनों राष्ट्रों के बीच पारंपरिक मित्रता तथा सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इसी वर्ष रॉयल भूटान सेना के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए थे। उनकी यात्रा के दौरान भारत ने भूटान को रक्षा तैयारियों में मदद देने की बात की थी। भारत द्वारा किए जाने वाले इस सहयोग को लेकर भूटान ने भारत की सराहना की है।

### केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने सभी राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के साथ की बैठक

# पांच वर्ष में हर गांव में सहकारी संस्था होगी सरकार राष्ट्रीय सहकारी नीति भी लायेगी: शाह

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार ने अगले पांच वर्षों में हर गांव में सहकारी संस्था के गठन का लक्ष्य रखा है और जल्द ही राष्ट्रीय सहकारी नीति की भी घोषणा की जायेगी। श्री शाह ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 के उपलक्ष्य में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ मंथन बैठक की अध्यक्षता में यह बात कही। सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में देशभर के सहकारिता मंत्रियों, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और सहकारिता विभागों के सचिवों ने भाग लिया। मंथन बैठक का उद्देश्य भारत में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए योजनाओं की समीक्षा, उपलब्धियों का आंकलन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना है। श्री शाह ने कहा कि भारत में लगभग 60 से 70 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पास कई पीढ़ियों तक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक के दस वर्ष के कालखंड में ही मोदी सरकार ने इन करोड़ों लोगों का जीवनस्वप्न पूरा कर इन्हें घर, शौचालय, पीने का पानी, अनाज, स्वास्थ्य, गैस सिलिंडर आदि सुविधाएं मुहैया करायी हैं। उन्होंने कहा कि ये करोड़ों लोग अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए



उद्यम करना चाहते हैं लेकिन इनके पास पूंजी नहीं है और इनकी छोटी-छोटी पूंजी से बड़ा काम करने का एकमात्र रास्ता सहकारिता है। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति के लिए काम के सृजन के लिए सहकारिता के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है और इसीलिए चार वर्ष पहले बहुत दूरदर्शिता के साथ सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। श्री शाह ने कहा कि हमें संवेदनशीलता के साथ देश के करोड़ों छोटे किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करना ही होगा क्योंकि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। श्री शाह ने कहा कि इस चिंतन और मंथन से तभी भला हो सकता है जब देश के 140 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त कर परिश्रम के साथ अपना जीवन व्यतीत करें और इसे सफल बनाने के लिए सरकार ने 60 पहल की हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का निर्माण जिसकी मदद से हम कमियां ढूंढ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस इसीलिए बनाया गया है कि राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला और तहसील स्तर की सहकारी संस्थाएं मिलकर ये देख सकें कि किस राज्य के किस गांव में एक भी सहकारी संस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अगले 5 वर्ष में देश में एक भी गांव ऐसा न रहे जहां एक भी सहकारी संस्था न हो और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहकारी डेटाबेस का उपयोग करना चाहिए। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत में सहकारिता आंदोलन के छिन्न-भिन्न होने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि हमने समय के साथ कानून नहीं बदले, जो अब मोदी सरकार ने बदल दिए हैं।

## चुनाव आयोग का मतदाता पुनरीक्षण बड़ा मुद्दा, पता नहीं उनकी मंशा क्या है : गहलोत

प्रात: किरण/एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर कांग्रेस के नेता भाजपा को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसी बीच बिहार की राजधानी पटना पहुंचे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं।

पटना में मीडिया से बातचीत में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन बड़ा मुद्दा है। पता नहीं इनकी मंशा क्या है? उन्होंने कहा कि हम बार-बार कहते हैं कि ये लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। हम समझते हैं कि वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का फैसला भी कंफ्यूजन पैदा कर रहा है। इसे लेकर स्पष्टता से चुनाव आयोग भी कुछ बता नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव से पहले यह बिना विपक्ष को विश्वास में लिए हुए नई पहल कर रहे हैं। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी होती है कि वह पक्ष-विपक्ष से बातचीत करे, उसे सहभागी बनाए और उसके बाद फैसला करे। इस प्रकार से एकतरफा फैसले करना उचित नहीं है।

इससे जनता में विश्वास भी समाप्त हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यहां के जो लोग दिल्ली में काम करते हैं, वे भी जब वहां मिलते हैं तो बताते हैं कि हम अपने मां-बाप का बर्थ सर्टिफिकेट कैसे लाएंगे। इस तरह की कंफ्यूजन बनती जा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग को सलाह देते हुए कहा कि जल्द इस तरह के कंफ्यूजन को दूर करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 01 जुलाई, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जायजा लिया

दानापुर नगर के अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देश के तहत प्रखंड मे शुरू हुए विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद सोमवार को जमसौत पहुंचे। उन्होने गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओ से मिलकर जानकारी ली। साथ ही कार्य मे लगे बीएलओ व सुपरवाईजर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ससमय कार्य पुरा करने की बात कही। उन्होने कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य शत प्रतिशत पुरा करने को लेकर बीएलओ को निर्देश दिया गया है। कार्य मे बीएलओ व सुपरवाईजर लगे है। इस दौरान कमल रंजन व कर्मी उपस्थित थे।

### 26 रेलकर्मियों को समापक भुगतान सह विदाई समारोह किया गया

दानापुर खगौल रेल मंडल द्वारा सोमवार को जून माह में सेवानिवृत्त हुए 26 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई कार्यक्रम की शुरुआत अतुल कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्यूप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया।

### दानापुर प्लेटफार्म नंबर 1 से मोबाइल चोर गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल पुलिस ने प्लेटफॉर्म संख्या1ए पूर्वी छोड के पास से एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार युवक की पहचान मोतिहारी के संग्रामपुर निवासी राजु कुमार के रूप मे किया गया। उसके पास से रेल पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल बरामद किया गया

### साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स प्रोग्राम नागरिक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

दानापुरः नगर के अंतर्गत बिहार रेजिमेंट केंद्र में साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स प्रोग्राम नागरिक जागरुकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सैन्य अधिकारियों और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया और सैन्य कर्मियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।इस गरिमामयी कार्यशाला के मुख्य अतिथि रहे ब्रिगेडियर विवेक वर्मा सेवानिवृत्त जो वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज इन इंडिया यूएसआई के सेंटर फॉर इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज फॉर आत्मनिर्भर भारत में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। ब्रिगेडियर वर्मा ने भारतीय सेना में 35 वर्षों से अधिक की सक्रिय सेवा का अनुभव साझा किया। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के छात्र रहे हैं और उन्होंने 1989 में आर्टिलरी रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त किया था। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में ब्रिगेडियर वर्मा ने नॉन-कॉन्टेक्ट वॉरफेयर, चीन की सैन्य क्षमताओं की विश्लेषणात्मक समीक्षा और डिजिटल युग में साइबर चेतना की आवश्यकता जैसे विषयों पर गहन विचार व्यक्त किए। उनकी लिखी पुस्तक नॉन कॉन्टैक्ट वॉरफेयर और चीन की सैन्य क्षमताओं का मूल्यांकन चर्चा का विशेष विषय रही। कार्यशाला में साइबर पीस फाउंडेशन से शुभांगी शिफा, असिस्टेंट मैनेजर मीडिया ने भी सहभागिता की। वे एक समर्पित मीडिया प्रोफेशनल, प्रशिक्षक और कंटेंट क्रिएटर हैं, जो साइबर हाइजीन, ऑनलाइन सुरक्षा और शैक्षणिक संचार में विशेषज्ञता रखती हैं। उन्होंने सैन्य कर्मियों को डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए जागरूक किया।इस कार्यशाला का समापन ब्रिगेडियर कमलदीप जसपाल, समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र द्वारा मुख्य वक्ताओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित करने के साथ हुआ।

# राज्य के 24 जिलों में होगी नए गर्भनिरोधक की शुरूआत

## नोडल सलाहकार को गर्भनिरोधको के उठाव से संबंधित भी दिए गए निर्देश

- 13 जिलों में एमपीए सबक्यूटेनियस और 11 जिलों में सब डर्मल इंप्लांट का होगा क्रियान्वयन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। आरती,पूजा,नीतू और कोमल जैसी महिलाओं को लंबे अंतराल वाले गर्भनिरोधक के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राज्य में पायलट के रूप में इस्तेमाल और सफलता के बाद एमपीए सबक्यूटेनियस और सबडर्मल इंप्लांट को अन्य 24 जिलों में विस्तारित किया जा रहा है। इसके लिए जिलों का चुनाव भी कर लिया गया है। जिन 13 जिलों में एमपीए सबकुटेनियस को क्रियान्वित किया जाएगा। उनमें औरंगाबाद, बेगूसराय, बक्सर, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल एवं वैशाली और जिन 11 जिलों में सबडर्मल का क्रियान्वय किया जाएगा उनमें अररिया,दरभंगा,पूर्वी चंपपारण, गया जी, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पूर्णियां, सहरसा, सारण,एवं पश्चिम चंपारण शामिल है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परिवार नियोजन, डॉ. सरिता ने बताया कि गर्भनिरोधकों के लिए जरूरी कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। जिलों में सेवा प्रारंभ करने के पूर्व संबंधित जिलों को परिवार नियोजन सामग्री भी उपलब्ध कराया जा रहा है। नोडल सलाहकार को गर्भनिरोधको के उठाव से संबंधित भी दिए गए निर्देश दिए जा चुके हैं। एम्स पटना एम्स में एडिशनल प्रोफेसर सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन कराने वाली अधिकतर महिलाओं की मांग सबसे अधिक ऐसे गर्भनिरोधकों की होती है जो लंबे समय के लिए हो । ऐसे में एमपीए सबक्यूटेनियस और सब डर्मल दोनों ही योग्य लाभार्थियों की मांग को पूरा करती है। दो जिलों से हुई थी पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत गर्भनिरोधक के रूप में इस्तेमाल होने वाले एमपीए सबक्यूटेनियस (शेखपुरा एवं मुंगेर) और सब डर्मल इम्प्लांट (पटना एवं भागलपुर) की शुरूआत पायलट के तौर पर दो जिलों में की गयी थी। सबडर्मल जहां माचिस की तिली जैसी एक गर्भनिरोधक है वहीं सबक्यूटेनियस प्री लोडेड और कम चुभने वाली सूई है। दोनों का इस्तेमाल गर्भनिरोधक के रूप में किया जाता है।

## महिला शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और चरणबद्ध ढंग से पूर्ण करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कुल 10,322 महिला शिक्षकों की पोस्टिंग से संबंधित विवरण जारी किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के अंतर्गतः 881 महिला शिक्षकों, जिन्हें जिला आवंटित हो चुका था लेकिन स्कूल आवंटन लंबित था, को आज स्कूल आवंटित किया जाएगा। 1,063 महिला शिक्षकों, जिन्हें वर्तमान स्कूलों में रिक्तियों के अभाव के कारण अभी तक जिला और स्कूल आवंटित नहीं किए जा सके थे, को आज जिला एवं स्कूल दोनों आवंटित किए जाएंगे। कक्षा 6 से 12 तक के 8,378 महिला शिक्षकों में से 2,043 शिक्षकों को आज जिला एवं स्कूल दोनों आवंटित किए जाएंगे। 6,335 शिक्षकों को आज केवल जिला आवंटित किया जाएगा। इन्हें स्कूलों का आवंटन संबंधित जिला स्थापना समिति द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार, आज कुल 10,322 महिला शिक्षकों के पदस्थापन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अब तक कुल 65,277 शिक्षकों के तबादले किए जा चुके हैं, जिनमें से केवल 4,110 शिक्षकों ने अपने तबादलों से इनकार किया है, जो कि कुल संख्या का एक बहुत ही छोटा हिस्सा है। यह आंकड़ा विभाग की पारदर्शिता, प्रक्रिया की विश्वसनीयता और शिक्षकों के सहयोग को दशार्ता है।

## राजगीर और किउल के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन अब आज से 30 जुलाई तक चलेगी राजगीर और खगड़िया के मध्य

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नटेसर-तिलैया-नवादा-वारिसलीगंज के रास्ते गाड़ी सं. 14223/14224 वाराणसी-राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस के रैक द्वारा राजगीर और किउल के मध्य गाड़ी सं. 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है । अब दिनांक 01.07.2025 से 30.07.2025 तक सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार को इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे राजगीर और खगड़िया के मध्य चलाया जाएगा । गाड़ी सं. 03266 राजगीर-किउल-खगड़िया स्पेशल राजगीर से 06.10 बजे खुलकर 06.30 बजे नटेसर, 07.15 बजे तिलैया, 08.03 बजे नवादा, 08.28 बजे वारिसलीगंज, 09.00 बजे शेखपुरा रूकते हुए 10.10 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से यह 10.15 बजे खुलकर 10.36 बजे अभयपुर, 10.52 बजे जमालपुर, 11.40 बजे मुंगेर रूकते हुए 13.00 बजे खगड़िया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03265 खगड़िया-किउल-राजगीर स्पेशल खगड़िया से 14.00 बजे खुलकर 14.55 बजे मुंगेर, 15.22 बजे जमालपुर, 15.58 बजे अभयपुर रूकते हुए 16.53 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से 16.58 बजे खुलकर 17.25 बजे शेखपुरा, 18.00 बजे वारिसलीगंज, 18.33 बजे नवादा, 19.00 बजे तिलैया, 20.20 बजे नटेसर रूकते हुए 21.25 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

## महाप्रबंधक द्वारा राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/ हाजीपुर। महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल श्री छत्रसाल सिंह द्वारा राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा कोचिंग कम्पलेक्स में कोचों के रख-रखाव पर जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान एलएचबी रैक के पावर कार के रख-रखाव पर विशेष चर्चा की गयी । एचएचबी रैक में पावर कार कोच एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जिससे पूरे रैक को जरूरी पावर की सप्लाई होती है । पावर कार कोच सही ढंग से कार्य कर रहा या नहीं इसके लिए इसका ह्यनिर्धारित डी-चेकह्व 06 वर्षों में एक बार किया जाता है। वर्तमान में पावर कार का डी-चेक हरनौत वर्क्सशॉप में किया जाता है जहां पहले से ही काफी कोचों के पीओएच/आईओएच कार्य का दबाव है । उक्त कार्य को सुगमता से करने के उद्देश्य से राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स में ही पावर कार के डी-चेक की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है । राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स में यह सुविधा उपलब्ध हो जाने से 03 से 04 दिनों में ही पावर कार का रख-रखाव अर्थात डी-चेक किया जा सकेगा जिसमें वर्तमान में काफी समय लग जाता था । इससे पावर कार कोच कोच की उपलब्धता बढ़ जाएगी ।

## 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का स्थापना दिवस मनाया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुरः नगर के अंतर्गत बिहार रेजीमेंट केंद्र, दानापुर छावनी में बिहार रेजिमेंट की सबसे नवगठित 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बटालियन की स्थापना 30 जून 2004 को कर्नल आनंद भूषण के नेतृत्व में की गई थी। उन्होंने इस बटालियन को एक सशक्त, प्रशिक्षित और प्रभावी लड़ाकू दल के रूप में गठित किया, जिसे विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में काउंटर इंसर्जेंसी और काउंटर टेररिज्म अभियानों के लिए तैयार किया गया। 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन को द फोर्थ डाइमेंशन के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह बिहार रेजीमेंट के अंतर्गत गठित चौथी राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन है। बटालियन ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनाती के दौरान बहुत ही सराहनीय काम किया है तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। बटालियन में तैनात देश की सेवा में लगे हुए वीर बिहारी योद्धाओं का जज्बा, जुनून और उत्साह काबिल-ए-तारीफ है। इन बिहारी सैनिकों ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस और शौर्य के प्रदर्शन से सभी को चकित कर दिया, जिसके चलते इन योद्धाओं को और बटालियन को अनेक वीरता पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से नवाजा गया है।

## इवेंटजिक मीडिया एवं इवेंटजिक मीडिया आउटडोर के द्वारा बिहार टॉक सीजन 05 सह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना, इवेंटजिक मीडिया एवं इवेंटजिक मीडिया आउटडोर के द्वारा बिहार टॉक सीजन 05 सह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह का आयोजन होटल मौर्या में किया गया! इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता स्वास्थ्य मंत्री एवं विधि मंत्री मंगल पांडे एवं आईपीएस विकास वैभव, सलाहकार बिहार राज्य विकास परिषद, मौजूद रहे, वही दीप प्रजनन के समय बिहार टॉक के आयोजन चंदन राज ,डॉक्टर कुमार राजेश रंजन, बिहार राज्य बाल आयोग के अध्यक्ष बिहार राज्य बाल आयोग के उपाध्यक्ष बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा सहित गई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक चंदन राज ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि एक ऐसा बड़ा मंच तैयार करना जहां पूरे विश्व के चुनिंदा बिहारी को हम लोग उनके अच्छे कामों के लिए सम्मानित करें और एक बड़ा सम्मान बिहार के तरफ से उनके लिए हो, अच्छे कामों को हमेशा प्रोत्साहित करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में इलेक्शन काम करने के लिए स्मृति रावत ,अभिषेक श्रीवास्तव को टेक्नोलॉजी में ,डॉक्टर संजीव कुमार को बायो फ्यूल कॉर्पोरेशन में शत्रुघ्न चौरसिया को बेस्ट इंटरव्यू इन बिहार का सम्मान मिला। पदमराज भारद्वाज को बेस्ट मुखिया इन बिहार का डॉक्टर अमृता सिन्हा को वेस्ट मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर इन बिहार का, चंदन कुमार को बेस्ट बिजनेसमैन इन बिहार गुलशन सिंह को बेस्ट आईएएस कोचिंग इन पटना, नूपुर और दिवांशु को सीए इन पटना का अवार्ड मिला। आशीष झा को बेस्ट एंटरप्रेन्योर इन पटना का, चंदन कुमार सिंह को बेस्ट लीडर इन सीतामढ़ी का, सचिन कुमार को बेस्ट सीनियर फोटो जर्नलिस्ट इन पटना, जानवी राय को बेस्ट नेशनल स्केट्स प्लेयर इन बिहार वहीं दूसरी और बिहार टॉक स्पीकर के रूप में राहुल राणा राहुल, प्रबंध निदेशक स्कॉलर एबोड स्कूल सिंह,डॉक्टर कुमार राजेश रंजन, निदेशक सत्यदेव सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल,डॉ स्मृति पांडे, जय डेंटल क्लिनिक,विभेष आनंद प्रखंड विकास पदाधिकारी दानापुर, उत्कर्ष किशोर को एंड फाउंड टीम यूके, शशिकेश कुमार तिवारी मोटिवेशनल स्पीकर बिजनेस कोच डॉक्टर राजेश कुमार,सावन पांडे, समाज से भी मुजफ्फरपुर, किसलये किशोर, समाजसेवी,वैशाली डॉ जयकुमार पांडे भाजपा प्रवक्ता सुमित शशांक, कुंतल कृष्णा, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा, राकेश सदियाल, वूड्स फर्नीचर के सीओओ अरविंद ठाकुर और सीईओ विकास कुमार, अनुराग दुबे, ट्रेड नीति सहित बेस्ट फिल्म जर्नलिस्ट प्रेम कुमार को मिला,कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग जख्मी

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम। स्थानीय शहीद चौक समीप रविवार की देर रात एक तेजरफ्तार बाइक ने चलती ट्रक में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए । टक्कर की आवाज सुन पास के घर का सोनू गुप्ता घटना स्थल पहुंचा व मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस की टीम की मदद से जख्मी को अस्पताल पहुंचाया । घायलों को पहले विक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां गंभीर स्थिति में दो को पटना एम्स रेफर कर दिया गया है। इधर घायलों की पहचान पवन कुमार ,गजेंद्र पासवान सुजीत कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों बाइक सवार बिहटा के अमहारा गांव में मजदूरी कर देर रात्रि एक ही बाइक से घर लौट रहे थे जिस दौरान दुर्घटना हो गई। बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची और उनका तत्काल इलाज के बाद दो लोगों को पटना एम्स भेज दिया गया।फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## इस वर्ष जून माह के समय पालन में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार दर्ज हुआ


प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन के उद्देश्य से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । यात्रियों को आरामदायक तरीके से उनके गंतव्य स्थानों तक पहुंचाना पूर्व मध्य रेल की प्राथमिकता में शामिल रही है । इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान (अप्रैल से जून माह तक) पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से प्रारंभ/समाप्त होने/गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों द्वारा 5486 फेरे लगाए गए जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में स्पेशल ट्रेनों 2131 फेरे लगाए गए थे । इस प्रकार इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अप्रैल से जून माह तक पिछले वर्ष के इसी अवधि की तुलना लगभग ढाई गुणा अधिक फेरे लगाए गए । इसके साथ ही 11 जोड़ी वंदे भारत, 02 जोड़ी अमृत भारत एवं 01 जोड़ी नमो भारत का भी नियमित परिचालन प्रारंभ किया गया है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव भी प्रदान किये गए हैं । नियमित ट्रेनों के अलावा ढाई गुणा अधिक स्पेशल ट्रेनों के फेरों के बावजूद भी समय पालन में सुधार ही दर्ज हुआ है । पिछले वर्ष जून माह में समय पालन जो 81.7 प्रतिशत था वो बढ़कर इस वर्ष जून माह में 82.66 प्रतिशत हो गया है । इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से 60 लाख से अधिक अतिरिक्त आरक्षित बर्थ उपलब्ध कराए गए जिससे इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों को अपने गंतव्य तक की यात्रा काफी सुगम हुई । इसके साथ ही यात्रियों को आसानी से आरक्षित टिकट उपलब्ध कराने हेतु रेलवे द्वारा कई कदम उठाए गए हैं जिनमें एडवांडस रिजर्वेशन पीरियड (अप्ध) को 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दिया गया है । साथ ही टिकट दलालों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तत्काल टिकट को मोबाइल आधारित ओटीपी से जोड़ने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण जरूरी होगा जो आधार से जुड़े मोबाईल नंबर पर आएगा । रेलवे एजेंट तत्काल बुकिंग शुरू होने के पहले 30 मिनट तक तत्काल टिकट नहीं बुक कर सकेंगे । इसके साथ ही रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ट्रेनों का आरक्षण चार्ट यात्रा के 08 घंटे पहले जारी करने की योजना बनाई जा रही है । इससे वेंटिग वाले यात्रियों को यात्रा के 08 घंटे पहले ही यह पता चल जाएगा कि उनका टिकट कंफर्म हुआ है या नही जिससे वे समय रहते ही वैकल्पिक व्यवस्था कर सकेंगे । वर्तमान में चार्ट यात्रा के 04 घंटे पहले जारी किया जाता है।

## नहीं चलेगी गरीबों की वोटबंदी : दीपंकर भट्टाचार्य

पटना। भाकपा-माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने एक बयान में कहा कि बिहार में अपनी निश्चित हार से बौखलाई मोदी-नीतीश सरकार अब चुनाव आयोग के जरिए गरीबों-वंचितों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। यह वोटबंदी ठीक उसी तरह की साजिश है जैसे 2016 की नोटबंदी थी - गरीबों को निशाना बनाने वाली एक जनविरोधी कार्रवाई। हाल ही में चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बिहार की मतदाता सूची को एक महीने के भीतर अपडेट किया जाएगा, और इसके लिए राज्य के 8 करोड़ मतदाताओं से नागरिकता संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है, वे बड़ी संख्या में गरीब, मजदूर, खेतिहर, प्रवासी मजदूर और वंचित वर्गों के पास नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई का महीना कृषि कार्यों का महीना है। करोड़ों की संख्या में बिहार के मजदूर बाहर हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का जरिया बन सकती है। यह संविधानप्रदत्त सार्वभौमिक मताधिकार पर हमला है और लोकतंत्र की खुली हत्या है। बिहार के मेहनतकश नागरिकों ने लंबे संघर्षों के जरिए जो मताधिकार हासिल किया, उसे हम किसी भी कीमत पर छीने नहीं जाने देंगे।

## बिहार की जनता चिराग पासवान को एक विकल्प के रूप में देख रही : डॉ. शशि भूषण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। लोजपा (रामविलास) द्वारा राजगीर में आयोजित बहुजन संकल्प समागम कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। पार्टी के प्रवक्ता डॉ. शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि इस आयोजन ने बिहार की राजनीतिक दिशा को नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने दावा किया कि पूरे राज्य से लाखों की संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट अभियान के समर्थन में खड़े नजर आए। डॉ. प्रसाद ने बताया कि पूरे प्रदेश से सैकड़ो गाड़ियों में सवार होकर लोग चिराग पासवान को सुनने राजगीर पहुंचे। चारों ओर पार्टी के झंडे लगे गाड़ियां ही सड़कों पर दिख रही थी और पूरा क्षेत्र चिराग पासवान जिंदाबाद के नारे से गूंज रहा था। उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता चिराग पासवान को एक विकल्प के रूप में देख रही है। प्रवक्ता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि समागम में उमड़ी भीड़ ने विपक्ष के होश उड़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेता चिराग पासवान ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। डॉ. प्रसाद ने विश्वास जताया कि चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी न सिर्फ बिहार में नई राजनीतिक उम्मीद बनेगी, बल्कि बहुजन समाज को उसका अधिकार और सम्मान भी दिलाएगी।

# सीबीआई कोर्ट, पटना ने ओआईसीएल में बीमा धोखाधड़ी के मामले में तीन को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। की सीबीआई कोर्ट नंबर-1 ने , तीन अभियुक्तों, जिनमें अशोक कुमार, तत्कालीन सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ), ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना; अमरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन सहायक, ओआईसीएल, डिवीजन ऑफिस, पूर्णिया, बिहार और समीर कांत झा, बीमा एजेंट शामिल हैं, को ओआईसीएल में बीमा धोखाधड़ी के मामले में 3 वर्ष के कठोर कारावास (आरआई) और कुल 67,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। सीबीआई ने इस मामले को 03.05.2005 को पांच अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज किया था, जिनमें तत्कालीन शाखा प्रबंधक (मृत), ओआईसीएल, सहरसा, बिहार; अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना; तत्कालीन डीओ (मृत), ओआईसीएल, सहरसा; अमरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन सहायक, ओआईसीएल, डिवीजन ऑफिस, पूर्णिया, बिहार; मोहन मिश्रा (निजी व्यक्ति) (मृत) शामिल थे। आरोप था कि इन लोगों ने जाली मवेशी बीमा पॉलिसियों का उपयोग करके ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 50,000 रुपये की ठगी की। जांच के दौरान यह पता चला कि तत्कालीन डीओ (मृत), ओआईसीएल, सहरसा और अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके सुपौल के पूर्व विधायक और एक अन्य व्यक्ति के फर्जी नामों पर मवेशी बीमा पॉलिसियां जारी कीं, जिससे ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सहरसा को 50,000 रुपये का अनुचित नुकसान हुआ। सीबीआई ने 30.09.2005 को अभियुक्तों (1) शिव शंकर गुप्ता (सार्वजनिक सेवक), तत्कालीन शाखा प्रबंधक, ओआईसीएल, सहरसा, बिहार (2) अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना (3) नरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन डीओ, ओआईसीएल, सहरसा (4) अमरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन सहायक, ओआईसीएल, डिवीजन ऑफिस, पूर्णिया, बिहार (5) मोहन मिश्रा (निजी व्यक्ति) (6) समीर कांत झा, बीमा एजेंट के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। तीन अभियुक्त (1) शिव शंकर गुप्ता, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, ओआईसीएल, सहरसा, बिहार, (2) नरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन डीओ, ओआईसीएल, सहरसा और (3) मोहन मिश्रा (निजी व्यक्ति) का मुकदमे के दौरान निधन हो गया। मुकदमे के बाद, कोर्ट ने अभियुक्तों को दोषी पाया और तदनुसार सजा सुनाई। सीबीआई कोर्ट नंबर-1, पटना ने दिनांक 30/06/2025 को अभियुक्तों (1) अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना (2) अमरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन सहायक, ओआईसीएल, डिवीजन ऑफिस, पूर्णिया, बिहार और (3) समीर कांत झा, बीमा एजेंट को निम्नलिखित सजा सुनाईः (ए-2) अशोक कुमार और (ए-4) अमरेंद्र कुमार मिश्राः (कुल 03 वर्ष कठोर कारावास और 30,000 रुपये का जुमार्ना) - धारा 420ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 467ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 468ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 471ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 477-एः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 13(2) १/६ 13(1)(f)ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) 2. (ए-6) समीर कांत झाः (कुल 03 वर्ष कठोर कारावास और 7,000 रुपये का जुमार्ना) - धारा 420ः 03 वर्ष कठोर कारावास और 5,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) - धारा 471ः 01 वर्ष कठोर कारावास और 2,000 रुपये का जुमार्ना (जुमार्ना न चुकाने पर 03 माह का साधारण कारावास) मामला संख्या फ़छ0232005अ0012* को सीबीआई ने 03.05.2005 को दर्ज किया था, जिसमें (1) शिव शंकर गुप्ता (सार्वजनिक सेवक), तत्कालीन शाखा प्रबंधक, ओआईसीएल, सहरसा, बिहार (2) अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना (3) नरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन डीओ, ओआईसीएल, सहरसा (4) अमरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन सहायक, ओआईसीएल, डिवीजन ऑफिस, पूर्णिया, बिहार (5) मोहन मिश्रा (निजी व्यक्ति) के खिलाफ आरोप लगाए गए थे कि इन्होंने जाली मवेशी बीमा पॉलिसियों का उपयोग करके ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 50,000 रुपये की ठगी की। जांच के दौरान यह सामने आया कि नरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन डीओ, ओआईसीएल, सहरसा और अशोक कुमार, तत्कालीन एएओ, ओआईसीएल, डीओ-क्क्ष् बैंक रोड, जैतपुर कोठी, पटना ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके सुपौल के पूर्व विधायक श्री अमरेंद्र मिश्रा और सुश्री लुसी कुमारी के फर्जी नामों पर मवेशी बीमा पॉलिसियां (संख्या 567/03 और 629/03) जारी कीं, जिससे ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सहरसा को 50,000 रुपये का अनुचित नुकसान हुआ।

## साधारण बोर्ड की बैठक में नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत नगर परिषद के कार्यालय में साधारण बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य चौक चौराहो समेत अन्य स्थानो पर सीसीटीवी लगेगा। इसके लिए खगौल थाना व नगर परिषद कार्यालय में कंट्रोल रूम बनेगा। साधारण बोर्ड की बैठक में ये निर्णय लिया गया। सोमवार को मुख्य पार्षद सुजीत कुमार के अध्यक्षता मे बोर्ड की बैठक में आयोजित किया गया। जिसमें हाउस होल्ड डस्टबीन क्रय करने व मुख्य सचिव के पत्रांक 9544 एवं प्रमण्डलीय आयुक्त के बैठक में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व खगौल थाना एवं नगर परिषद कार्यालय में बनाने को निर्णय लिया गया। इसके साथ बैठक में पंचम वेतनमान नियमित कर्मियों पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनभागियों को दिनांक 1 जनवरी 25 से के प्रभाव से 455% के सथान पर 466% महंगाई भता किया गया। षष्ठम् वेतनमान कर्मियों पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनभोगियों को प्रभाव से 246% के स्थान पर 252% महंगाई भत्ता की स्वीकृति प्रदान की गई।

# एलएनजेपी अस्पताल में एमआरआई सेवा का किया गया है शुभारंभ: मंगल

## सीएम नीतीश के मार्गदर्शन में वर्ल्ड क्लास हो रही बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं

**अब मरीजों को राज्य में ही मिलेगी अत्याधुनिक जांच की बेहतर सुविधाएं**



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने सोमवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल एलएनजेपी राजवंशीनगर परिसर में एमआरआई सेवा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर दीघा के विधायक संजीव चौरसिया की भी उपस्थिति रही। स्वास्थ्य मंत्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर का अस्पताल बनाया जा रहा है। लगभग 2 महीने में 215 करोड़ की लागत से 400 बेड का एलएनजेपी अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। यह भारत का सबसे बड़ा न्यूरो और ऑर्थो का अस्पताल होगा। यहां स्पोर्ट्स इंजुरी यूनिट की भी शुरूआत होगी और आधुनिक उपकरणों को जल्द से जल्द लगाया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में आज 7.5 करोड रुपए की लागत से एमआरआई सेवा की शुरूआत की गई है। 8 जुलाई 2025 से यह सेवा आम लोगों को मिलने लगेगी। यह सेवा सीजीएचएस रेट से भी 6 प्रतिशत कम पर उपलब्ध होगी। इस सेवा का उद्देश्य आम जनता को सुलभ, आधुनिक और विश्वसनीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अब इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को एमआरआई जांच के लिए इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनके इलाज में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित होंगी। यह पहल पटना समेत राज्य के अन्य जिलों के मरीजों के लिए भी राहतदायक सिद्ध होगी, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो महंगी निजी जांच सेवाओं का खर्च नहीं उठा सकते हैं। एलएनजेपी अस्पताल में पहले से ही सीटी स्कैन, एक्स रे आदि आधुनिक उपकरण कार्यरत हैं। यहां ट्रामा सेंटर भी कार्यरत है। श्री पांडेय कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत हर साल 1.5 करोड़ रुपए का इलाज लोगों को मुफ्त में मिल रहा है। राज्य में 4 करोड़ लोगों का आयुष्मान बन गया है, जिसमें से 3 करोड़ 10 लाख आयुष्मान कार्ड पिछले 15 महीने में बनाए गए हैं। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और जांच सेवाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो रही हैं।

माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने एलएनजेपी के निदेशक डॉ. सुभाष चन्द्रा के सेवानिवृत्ति पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. सुभाष चन्द्रा पिछले 6 साल से निदेशक के रूप में इस अस्पताल में कार्य कर रहे हैं और पिछले 18 साल से लोगों की डॉक्टर के रूप में बेहतर सेवा की है। इस अवसर पर विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है जहां इस अस्पताल में एमआरआई सेवा का लोकार्पण किया गया है। इससे आम जन को कम पैसे में बेहतर जांच की सुविधा मिलेगी और उनका बेहतर इलाज होगा। इस कार्यक्रम में डॉ. सुभाष चंद्र, निदेशक, एलएनजेपी, अस्पताल, कुमारी सीमा, सीजीएम, सप्लाई चेन, बीएमएसआईसीएल के साथ स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

# तकनीक आधारित खेती से आत्मनिर्भर बनेंगे हमारे किसान भाई : विजय

## राज्य के 101 अनुमंडलों में किसानों को मिलेगा ड्रोन के क्रय पर अनुदान

**स्मार्ट खेती, पर्यावरण संतुलन और टिकाऊ कृषि की दिशा में बड़ा कदम**



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ने आधुनिक तकनीकों के उपयोग से कृषि को सशक्त और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पोपुलराइजेशन ऑफ एरियल स्प्रे ऑफ पेस्टीसाइड एंड लिक्विड फर्टिलाइजर बाई ड्रोन योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा कीटनाशक व तरल उर्वरकों के प्रभावी और संतुलित छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य के 101 अनुमंडलों में कृषि ड्रोन के क्रय पर अधिकतम 3.65 लाख रुपए या लागत का 60 प्रतिशत (जो भी कम हो) की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा, शेष राशि लाभार्थी स्वयं वहन करेंगे। इस मद में कुल 368.65 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, चयनित लाभार्थियों को ड्रोन संचालन हेतु पायलट प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसके लिए प्रति प्रशिक्षणार्थी 35 हजार रुपए की दर से 101 प्रशिक्षणार्थी पर कुल 35.35 लाख रुपए सरकार द्वारा खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत किसान, कृषि यंत्र बैंक, कृषि क्लिनिक संस्थापक, स्वयं सहायता समूह, अनुज्ञप्तिधारी कीटनाशी विक्रेता तथा किसान उत्पादक संगठन जैसे सभी पात्र आवेदन कर सकते हैं। कृषि ड्रोन पर अनुदान के लिए आवेदन ओएफएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन लिया जाएगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी, कृषि कार्यों को दक्ष और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाएगी, तथा स्मार्ट खेती की ओर एक बड़ा कदम होगा। यह योजना न केवल उत्पादन लागत को कम करेगी, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी वृद्धि सुनिश्चित करेगी। राज्य सरकार सतत और तकनीक आधारित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है।

# सभी समाज के लोग लेते हैं दानवीर शूरवीर भामाशाह से प्रेरणा : विजय

पटना। सोमवार को पटना के बापू सभागार में महापौर सीता साहू जी की अध्यक्षता में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी समाज के लोग भामाशाह से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धा सुशील कुमार मोदी जी व्यापार को बढ़ाने के लिए अनेकों काम किया। परंतु उन्होंने कभी इस बात का ढिंढोरा नहीं पीटा। जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं चार्टर्ड प्लेन में जन्मदिन मनाते हैं वह कभी गरीब लोगों की भावनाओं को समझ नहीं पाएंगे। लोकसभा सांसद डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि जब मैं प्रदेश अध्यक्ष था।

तब 110 में से 18 सीट वैसे समाज को दिन जिसमें से 6 सीट साहू समाज को मिली। उन्होंने यह भी कहा कि 50 वर्षों बाद अगर कोई महिला बिहार से राज्यसभा में गई है तो वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ से गई है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से कहा कि जाति की बात करना जरूरी है पर हमें अपने धर्म को नहीं भूलना है। महापौर सीता साहू ने उपस्थित लोगों से भामाशाह के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही उपस्थित जनों का आभार भी जताया।

# साउथ बिहार में डिवीजन स्तर पर सभी अभियंताओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साउथ बिहार में डिवीजन स्तर पर कनीय व सहायक अभियंताओं सहित सभी अभियंताओं को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रथम चरण में नालंदा, आरा, जमुई और जगदीशपुर में अभियंताओं को प्रशिक्षित करने के पश्चात साउथ बिहार के सभी सब-डिवीजनों में इस प्रक्रिया को क्रमबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत औरंगाबाद, गया, राजगीर, एकंगरसराय व गया शहरी क्षेत्र में पदस्थापित अभियंताओं को अगले चरण में प्रशिक्षित करने की योजना है। प्रशिक्षण के दौरान अभियंताओं को सभी वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना एवं 11 तथा 33 केवी के वितरण लाइन उनके समुचित निर्माण एवम् अनुरक्षण के विषय में विस्तार से प्रशिक्षण दी जा रही है, ताकि किसी भी तकनीकी खराबी को त्वरित गति से दूर किया जा सके। इसके अतिरिक्त विद्युत उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण समन्वयक सह परामर्शी श्री अशोक कुमार की समन्वय एवम् देखरेख में सभी अभियंताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस संदर्भ में एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक श्री महेंद्र कुमार ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं और एसबीपीडीसीएल के हितों की बेहतर देखभाल हेतु अभियंताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मरों की अधिष्ठापना के समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। साथ ही, विद्युत कार्यों में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न छोटे-बड़े उपकरणों की जानकारी भी दी जा रही है। अभियंताओं को सब-स्टेशनों के अनुरक्षण, मरम्मत कार्यों का प्राक्कलन तैयार करने तथा उसमें लगने वाले सामान, मानव श्रम आदि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण नहीं, सशक्तिकरण और सम्मान दिया : निहोरा

पटना। प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 में सत्ता संभालते ही अल्पसंख्यक समुदाय के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए जो संकल्प लिया, उसके सकारात्मक परिणाम आज धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बजट में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी की। उन्होंने कहा कि वो कांग्रेस और आरजेडी से ये पूछना चाहते है कि उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान सच्चर कमीशन की रिपोर्ट को लागू क्यों नहीं किया जो मुसलमानों के हित में था?

# पसमांदा मुसलमानों को आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं की गई: दिलीप

## वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों को तबाह कर दिया: दानिश




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में पसमांदा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के लोगों ने शिरकत की। इस सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कमरूजमा अंसारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल भी उपस्थित रहे और अपनी बात रखी। पसमांदा मिलन समारोह में आए समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा की यह विशेषता रही है कि यह सभी धर्म, समुदाय और वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करती है।

यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे पर काम करती है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए विरोधियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि यहां मुसलमानों के नाम पर राजनीति खूब हुई, लेकिन कभी भी पसमांदा मुसलमानों को आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अगर पसमांदा का अर्थ की बात करें तो इसका अर्थ ही जो पीछे छूट गए होता है। लेकिन किसी ने भी इनको आगे लाने की कोशिश नहीं की। इनके साथ बराबर भेदभाव किया गया।

सबसे गौरतलब है कि इनका राजनीति में इस्तेमाल तो खूब किया गया लेकिन इनको राजनीति में हिस्सेदारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों का जीना मुश्किल कर रखा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों के साथ इतना भेदभाव हुआ है कि इसका नुकसान उनकी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब एनडीए की सरकार आई तब इन्हें आरक्षण दिया गया। उन्होंने पसमांदा समाज के लोगों को भरोसा दिया।

# बूथ जीतो - चुनाव जीतो का मूलमंत्र मिशन 225 को साकार करने का बनेगा आधार : उमेश

## पंचायतवार वार्डवार बूथ समिति की बैठक को जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। जदयू द्वारा राज्य भर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित की जा रही पंचायतवार वार्डवार बूथ समिति की द्वितीय चरण की बैठकों के अंतर्गत दूसरे दिन की बैठक सोमवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। इन बैठकों का मूल उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठनात्मक मजबूती को सुनिश्चित करते हुए आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना है। पार्टी द्वारा बूथ जीतो - चुनाव जीतो के संकल्प को केंद्र में रखते हुए इन बैठकों में बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता, समन्वय और संगठनात्मक संरचना की समीक्षा की गई। बैठकों में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष, जिला एवं विधानसभा प्रभारियों के साथ-साथ प्रदेश कमिटी तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेश कार्यालय से माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने वर्चुअल माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने संबोधन में श्री कुशवाहा ने कहा कि बूथ जीतो - चुनाव जीतो का मूलमंत्र 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प को साकार करने का आधार बनेगा। बीते 20 वर्षों में बिहार में हुए विकास और सुशासन का हमारा ट्रैक रिकॉर्ड ही सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। इसी उपलब्धि के आधार पर हमें जनता के बीच जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाना है।

उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष झूठ फैलाओ और क्रेडिट चुराओ की मानसिकता से ग्रसित है और लगातार जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अब बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है। हमें ऐसे तत्वों से लोगों को सतर्क करना है ताकि इनके दुष्प्रचार का पदार्फाश हो सके। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने कहा कि संगठन के हर स्तर पर कार्यकताओं के बीच साझा समन्वय और परस्पर सहयोग से माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को और अधिक मजबूती प्रदान करनी है। उन्होंने कहा कि बीते दो दशकों में महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में नीतीश कुमार द्वारा की गई ऐतिहासिक पहलों का व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी है। कार्यकताओं को चाहिए कि वे बूथ स्तर पर सक्रियता के साथ मतदाताओं को जागरूक करें और घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दें। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल, वरीय नेता अनिल कुमार एवं परमहंस कुमार भी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सड़कों ने दी बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रफ्तार : अशोक

## सहायक व वरिष्ठ अभियंताओं के लिए चौथे चरण की कार्यशाला संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोकचौधरी ने कहा कि बिहार में बनाई गई ग्रामीण सड़कें और पुल प्रदेश के लिए रक्त धमनियों का काम कर रही हैं। ग्रामीण सड़कों ने बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार दी है। इससे गांव से शहरों की कनेक्टिविटी बढ़ी है और हमारे किसानों को बाजार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों ने बिहार में प्रति व्यक्ति आय को सात हजार रुपये से बढ़ाकर 66 हजार रुपये तक पहुंचाया है। अब बिहार के किसानों की उपजाई सब्जियां दुबई और सिंगापुर भेजी जा रही हैं। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राज्य में पुल निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित चार चरणों की तकनीकी उन्मुखीकरण-सहकार्यशाला श्रृंखला का अंतिम एवं महत्वपूर्ण चौथा चरण सोमवार को राजधानी के ज्ञान भवन में संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से आये सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश के मार्गदर्शन में 2005 से अब तक 1 लाख, 10 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जहां राज्य में सिर्फ 8 हजार किलोमीटर सड़कें थीं, वहीं अब इसकी लंबाई बढ़कर 1 लाख, 18 हजार किलोमीटर से भी अधिक हो गई है। ग्रामीण सड़कों और पुलों की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी भी राज्य की रक्त धमनियों की तरह कार्य करती हैं,जिससे राज्य की आर्थिक प्रगति लगातार बेहतर होती है।

ग्रामीण सड़कों के निरंतर निर्माण से राज्य में किसानों की बाजार तक पहुंच आसान हुई है,जिससे बिहार के किसानों की उपज अब देश और विदेश में भी भेजी जा रही है। इससे हमारे किसान समृद्ध हो रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रही है। कार्यक्रम में अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह विशेष सचिव भगवत राम ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्थित सभी अभियंताओं को दी।

# रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुख्यमंत्री आवास जाकर मुलाकात की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी कि इस अवसर पर उनके साथ बिहार राज्य नागरिक परिषद के नवमनोनीत उपाध्यक्ष सह पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद भी मौजूद रहे। श्री भारती ने बताया कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।

# लोजपा आर के पूर्व विधायक सहित वरिष्ठनेताओंनेलीकांग्रेसकीसदस्यता

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में लोजपा रामविलास के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व दो बार के विधायक डॉ अच्युतानंद, नवल किशोर सिंह, लोजपा रामविलास के पूर्व प्रदेश महासचिव अमरेंद्र कुमार चौधरी, लोजपा रामविलास के पूर्व प्रदेश महासचिव नवल किशोर सिंह ने आज अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने तीनों नेताओं और उनके समर्थकों का कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि जंदाहा महनार विधानसभा से दो बार विधायक रहे डॉ अच्युतानंद अपने क्षेत्र के जाने माने राजनीतिक हस्ती हैं और इनका कांग्रेस पार्टी से जुड़ना बेहद सराहनीय कदम है। लगातार समाज के बेहतरी के लिए आपने काम किया है। उन्होंने हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी के प्रयासों के कारण समाज के सभी वर्ग के लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं।

कांग्रेस के प्रति समाज में लोकप्रियता बढ़ी है। कांग्रेस ने हमेशा सर्व समाज की लड़ाई लड़ी है और आगे भी हमारी लड़ाई मजबूती से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस का सदस्यता लेने वाले अन्य नेताओं में शशिभूषण सिंह, मो. रुस्तम अली, सुरेन्द्र पासवान आदि हैं। राजीव कुमार पासवान आदि प्रमुख हैं। जनदाहा महनार विधानसभा से दो बार विधायक रहे डॉ अच्युतानंद ने कहा कि मैंने भाजपा और लोजपा रामविलास में राजनीति की है लेकिन वहां जमीनी कार्यकताओं का सम्मान नहीं है वो दोनों पार्टियाँ प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बन चुकी है। कांग्रेस ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और लगातार देश की अस्मिता की रक्षा करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर रखा है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोजपा रामविलास के पूर्व प्रदेश महासचिव नवल किशोर सिंह एवं अमरेंद्र कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा दल है जो सामाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए काम कर रही है।

कांग्रेस से बिहार के विकास की प्रबल सम्भावना है और इस दल से जुड़कर खुद को मैं गैर्वान्वित महसूस कर रहा हूँ। मंच का संचालन कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय चौधरी ने किया। मिलन समारोह में पूर्व विधायक भावना झा,अजय चौधरी, स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, , सत्येंद्र कुमार सिंह , रौशन कुमार सिंह, रवि गोल्डन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# गरीबों की वोटबंदी नहीं चलेगी : दीपंकर भट्टाचार्य

- **1 जुलाई से भाकपा-माले का मताधिकार बचाओ - लोकतंत्र बचाओ अभियान**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने एक बयान में कहा है कि बिहार में अपनी निश्चित हार से बौखलाई मोदी-नीतीश सरकार अब चुनाव आयोग के जरिए गरीबों-वंचितों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। यह वोटबंदी ठीक उसी तरह की साजिश है जैसे 2016 की नोटबंदी थी - गरीबों को निशाना बनाने वाली एक जनविरोधी कार्रवाई। हाल ही में चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बिहार की मतदाता सूची को एक महीने के भीतर अपडेट किया जाएगा, और इसके लिए राज्य के 8 करोड़ मतदाताओं से नागरिकता संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है, वे बड़ी संख्या में गरीब, मजदूर, खेतिहर, प्रवासी मजदूर और वंचित वर्गों के पास नहीं हैं। जुलाई का महीना कृषि कार्यों का महीना है। करोड़ों की संख्या में बिहार के मजदूर बाहर हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का जरिया बन सकती है।

यह संविधानप्रदत्त सार्वभौमिक मताधिकार पर हमला है और लोकतंत्र की खुली हत्या है। बिहार के मेहनतकश नागरिकों ने लंबे संघर्षों के जरिए जो मताधिकार हासिल किया, उसे हम किसी भी कीमत पर छीने नहीं जाने देंगे। भाकपा-माले सभी नागरिकों से आह्वान करती है कि वे 1 जुलाई से पूरे राज्य में गांव-गांव में अभियान शुरू करें। इस तानाशाही फरमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, जनसभाएं और जनांदोलन खड़े करें और अपने वोट और लोकतंत्र की रक्षा करें।

# डीएम की अध्यक्षता में विद्यालय पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण वाटिका के जिला स्तरीय अभिसरण की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय। समाहरणालय लखीसराय स्थित मंत्रणा कक्ष में डीएम मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में विद्यालय पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण वाटिका के जिला स्तरीय अभिसरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण विशेषज्ञ यूनिसेफ प्रकाश कुमार द्वारा अंकुरण परियोजना अंतर्गत पोषण वाटिका से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से बताई गई। उन्होंने बताया कि पोषण वाटिका परियोजना का उद्देश्य विद्यालय में पोषण वाटिका के माध्यम से बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को सूक्ष्म पोषक तत्व युक्त साग- सब्जियों के माध्यम से स्थानीय भोजन का आदतन प्रयोग करना। विद्यालय में बाल संसद एवं मीनामंच के नेतृत्व में पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के द्वारा जागरूकता करना। पोषण वाटिका से संबंधित जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय में बच्चों अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता को बढ़ाना। विद्यालय में मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों को प्रत्येक बुधवार को आयरन फोलिक एसिड गोली का सेवन कराना। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच को सुदृढ़ करना है। पोषण वाटिका से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कुल-8 (मध्य विद्यालय पुरानी बाजार लखीसराय, प्राथमिक विद्यालय बिंद टोला गुण सागर रामगढ़चौक, प्राथमिक विद्यालय कोइरी टोला नोनगढ़ रामगढ़, उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर बड़हिया, मध्य विद्यालय शिवसोना हलसी, मध्य विद्यालय संस्कृत विद्यालय सूर्यगढ़ा, उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर सूर्यगढ़ा एवं मध्य विद्यालय सिंहचक चानन के प्रधानाध्यापक/प्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, निदेशक, ठएढ नीरज आनंद, सिविल सर्जन बीपी सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम,जिला कृषि पदाधिकारी श्री सुधांशु कुमार,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पी0एम0 पोषण योजना नीलम राज,सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### निषाद आरक्षण लागू न करने के विरोध में प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का किया गया पुतला दहन

समस्तीपुर। जिले के उजियारपुर के बाबू लाल चौक के पास विकासशील इंसान पार्टी जिला समस्तीपुर पार्टी के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के द्वारा निषाद आरक्षण पदाधिकारियों विरोधी बीजेपी सरकार के खिलाफ उजियारपुर बाबूलाल चौक पर धरना प्रदर्शन कर मोदी, अमित शाह के पुतला दहन किया गया। इस मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, जिला अध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा सहनी, वीआईपी नेता मंतोष पासवान, जिला प्रभारी संजय सहनी, एनवीएस जिला अध्यक्ष अजय सहनी, युवा जिला अध्यक्ष संतोष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विपत सहनी, इंदजीत सहनी, जिला सचिव सीताराम सहनी, श्याम सहनी, छात्र जिला अध्यक्ष रौशन सहनी, प्रखंड अध्यक्ष यशवंत सहनी, उपेन्द सहनी, देव कुमार सहनी, सनोज सहनी, आवल सहनी, मंजय सहनी, विनोद सहनी, आईटी सेल मीडिया प्रभारी परशुराम सहनी, जीतन सहनी, विश्वनाथ सहनी, दीपक कुमार, पंकज कुमार, पिंकी सहनी, संतोष कुमार सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड बी आर सी कल्याणपुर के परिसर में सोमवार की अपराह्न प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार यादव की सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। वहीं संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक युगेश्वर राय ने की। मुख्य अतिथि के पद पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय महतो थे, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र राय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार यादव ने अपनी 35 वर्षों की सरकारी सेवा में बेदाग निकले, ये एक कुशल, निष्ठावान पदाधिकारी के रूप में पहचाने जाते थे। शिक्षक शिक्षिका प्रखंड के पदाधिकारी के साथ इनका काफी सहयोगात्मक संबंध था। उनके स्वस्थ दीर्घायु की कामना वक्ताओं ने की। मिथिला की परंपरा से मचासीन पदाधिकारी को पाग माला चादर से सम्मानित किया गया। मौके पर जय किशोर राय, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी, अजीत कुमार देव, गुड्डू कुमार, एच एम राजीव कुमार, मधुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, ने संबोधन किया। कस्तूरबा छात्रावास की छात्राओं ने विदाई गान गाकर उपस्थित लोगों को मनमुग्ध कर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कस्तूरबा की छात्राओं को किताब डायरी कलम से सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष ने किया।

### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने सभी बीएलओ के साथ किया बैठक

बरियारपुर (मुंगेर) अम्बेडकर भवन के सभागार में सघन मतदाता पुर्ण रीक्षण कार्य के लिए बैठक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड बिकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी ने वर्ष 1987 के पूर्व मतदाताओं को बिशेष दस्तावेजों के साथ बी एल ओ को उपल्बध करनी पड़ेगी। अन्यथा मतदाता सूची से नाम हटा दिया जायेगा। यह आदेश मुख्यचुनाव आयुक्त के आदेश अनुसार जारी किया गया है विगत वर्ष 1987 के बाद जन्म के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ तथा जाति प्रमाण पत्र भी उपल्बध करनी पडेगी अन्यथा मतदाता सूची से नाम हटाया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भोगेन्दर कुमार, देवेंद्र कुमार, प्रखंड कृर्षि समन्वयक राणा प्रताप सिंह, भावनी भुषण सिन्हा, के साथ प्रशिक आलोक कुमार के साथ सभी बी एल ओ उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पशुपालकों को किया जागरूक

पुरैनी (मधेपुरा) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से सोमवार को पुरैनी प्रखंड क्षेत्र के नरदह गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान कलाकारों ने मोबाइल पशु चिकित्सा वैन तथा पशुपालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस माध्यम से बताया कि गाय, भैंस, भेड़, बकरी, कुत्ते, मुर्गी आदि के रोगग्रस्त होने पर टॉल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने पर मोबाइल पशु चिकित्सा वैन दरवाजे तक पहुंच जाएगी। जिसके उपरांत पशुओं का निःशुल्क व समुचित उपचार किया जायेगा। इस बाबत डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से सब्सिडी की व्यवस्था है।

## मुहर्रम पर्व को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में डीएम ने कहा कि पर्व एवं श्रावण सोमवारी मेला को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम सक्रिय है। शांति समिति के सदस्यों से उन्होंने सुझाव आमंत्रित किए, जिसमें डीजे पर रोक, लगातार गश्ती, और यातायात व्यवस्था जैसे अहम बिंदु शामिल रहे। सोशल मीडिया पर अफवाह रोकने हेतु जिला साइबर सेल पूरी तरह सतर्क है। डीएम ने भड़काऊ पोस्ट की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की और कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त बल की तैनाती की गई है, और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने शांतिपूर्ण पर्व आयोजन हेतु प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता




समस्तीपुर । जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड के प्रचारक महात्मा श्री प्रभात रंजन जी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से सैकड़ो की संख्या में उपस्थित बाल संतो,उनके अभिभावकों सहित प्रभु प्रेमी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन बच्चों को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आध्यात्मिक विचारधारा से जोड़कर मानवीयता की ओर प्रेरित करना है। वर्तमान परिवेश में आधुनिक एवं वैज्ञानिक स्तरीय शिक्षण व्यवस्था जहां एक ओर बच्चों के वैज्ञानिक नजरिया को मजबूत आधार देता है तो वही दूसरी ओर ऐसे बाल संत समागम उनमें संतो,पीर,पैगंबरों के प्रति श्रद्धा,अपने से बड़ो, माता-पिता गुरुजनों के प्रति आज्ञाकारिता, सत्य निष्ठता,अनुशासन,कृतज्ञता, प्रकृति के प्रति प्रेम, स्वच्छता,दूसरों के प्रति भलाई, सहिष्णुता,समदृष्टि एवं एकत्व की भावना को समाहित करने का मजबूत माध्यम जो उन्हे गलत रास्तों पर जाने से रोकता है। आज जहां इंसान सिर्फ मेरा भला हो जाए, इसके लिए वह अपने वैचारिक दृष्टिकोण में नफरत,निंदा, वैर,द्वेष, घृणा, असहिष्णुता से युक्त शत्रुता की भावना से निम्न से निम्न स्तर तक जाने में तनिक भी संकोच नहीं करता है तो वही ऐसे बाल संत समागम बच्चों में संतोष,समर्पण,सम दृष्टि ,सत्यनिष्ठा ,सहनशीलता ,कर्मशिलाता समर्पण,कर्मठ विचारधारा से युक्त विश्व बंधुत्व, एकत्व एवं भलाई की भावना को प्रज्वलित करता है । ताकि जीवन की राह पर बढ़ती हुई नई पीढ़ियां भक्तिमय, प्रेम में शांति से भरे आनंददायक वातावरण में सांस ले सके ताकि उन्हें अभी से ही यह एहसास हो कि वास्तव में मानव का जन्म मानवीयता की भलाई के लिए हुआ है वही अवसर पर मुखी महात्मा राजेश कुमार जी ने भी कहा की बाल संत समागम बच्चों के संपूर्ण विकास में एक मजबूत आधार है जो उन्हें इंसानियत से जोड़ता है उनमें सेवा ,सुमिरन, सत्संग की भावना को सुदृढ़ करता है और सब के प्रति सम्मान, प्रेम व करुणा का भाव उजागर करता है ।

अवसर पर बाल प्रदर्शनी के माध्यम से स्वच्छ जल स्वच्छ मन ,रक्तदान -महादान, पेड़ो की कटाई पर रोक एवं स्वच्छ भारत अभियान सहित मिशन के आदर्श विचारधराओं का संदेश दिया गया । तो वहीं बच्चों ने अपने विचारों, भजनों ,कविताओं एवं छोटे-छोटे नाटकों एवं नृत्यो के माध्यम से उपस्थित जनमानस में मानवता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन जूट मिल रोड ,मथुरापुर समस्तीपुर में आयोजित किया गया।समस्त कार्यक्रम सेवादल के शिक्षक के शिक्षक नंदेश्वर जी व संचालक राम प्रकाश जी एवं उनके सेवादल जवानों की देख रेख में संपन्न हुआ। अवसर पर विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया ।इस अवसर पर राजकिशोर जी, मोतीलाल जी ,चंदेश्वर जी,यमुना प्रसाद जी, अर्चना जी सहित सैकड़ो की संख्या में प्रभु प्रेमी भक्तजन उपस्थित थे।

## आयुक्त ने की क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठक, दिये निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।आयुक्त दरभंगा प्रमंडल कौशल किशोर ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार ने तीन मामले आपत्ति से संबंधित,113 आपत्ति रहित आवेदन,04 वापस लेने एवं 01 नवीकरण हेतु मामलों पर आयुक्त महोदय को अवगत कराया। बैठक में आयुक्त ने वाहन स्वामी को दाखिल प्रस्तावित समय सारणी विहित प्रपत्र के अनुसार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया,साथ ही अगले बैठक में रखने हेतु निर्देशित किया गया।इसमें संबंधित वाहन स्वामी को लंबित टैक्स एवं चालान की बकाया राशि को जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में स्टेज-कैरेज बस के परमिट हेतु प्राप्त आवेदन एवं प्रस्तावित समय सारणी के प्रकाशन के उपरांत निर्धारित समयावधि में जिन आवेदनों पर आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है,वैसे आपत्ति रहित 113 मामलों पर स्वीकृति दी गई।साथ ही चार मामलों पर आवेदन वापस लेने एवं एक मामलों पर नवीकरण हेतु स्वीकृति दी गई। बैठक में सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार,अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।


## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू है। सभी बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण कर मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का भौतिक सत्यापन किया जि रहा है।इसी क्रम में रविवार को मतदाता सूची के अद्यतन एवं सत्यापन कार्यक्रम के लिए जिलांतर्गत प्रखंड से लेकर नगर निगम मुजफ्फरपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे इस अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 109 के बीएलओ नीरज कुमार एवं मुशहरी बीपीआरओ एकलव्य द्वारा महापौर निर्मला देवी के आवास पर एवं बूथ संख्या 59 की बीएलओ मंजू देवी द्वारा जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं नगर आयुक्त, विक्रम विरकर के सरकारी आवासों पर पहुंचकर मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर बीएलओ द्वारा मतदाता पहचान पत्र, आधार संख्या, पते की पुष्टि तथा प्रपत्र। से 8 के माध्यम से प्राप्त जानकारी का तुलनात्मक अध्ययन कर आवश्यक अद्यतन प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। यह सत्यापन प्रक्रिया मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने एवं आगामी चुनावों में किसी भी प्रकार की विसंगति से बचने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों द्वारा बीएलओ को पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिससे सत्यापन प्रक्रिया सुगमता से संपन हो सकी। इसी तरह से सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का अभियान चलाकर वितरण किया गया। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को दो प्रतियों में प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र को सही-सही भरने में मतदाताओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने भरे हुए गणना प्रपत्र की एक प्रति प्राप्त करने तथा अपलोडिंग करने का निर्देश दिया है। रविवार को चलाए गए इस अभियान में जहां सभी बीएलओ ने डोर टू डोर भ्रमण कर प्रपत्र का वितरण किया वहीं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने विधानसभावार कैंप कर सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की ।

## लखीसराय पुलिस ने नकली सीक्रेट और तेल बनाने की फैक्ट्री का किया उद्वेदन

### तस्कर सहदेव मोदी को भी लिया गया गिरफ्त में



**● साढ़े सात लाख रुपए नगद सहित बड़ी संख्या में सिगरेट और तेल का खोली बरामद**

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले के कवैया थाना की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है !गुप्त सूचना के आधार पर कवैया थाना अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस वलों ने कवैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी मोहल्ला से आईटीसी कंपनी के नकली सिगरेट और नवरत्न कंपनी का तेल बनाने का उद्वेदन किया है !कवैया थाना की पुलिस ने बड़ी संख्या ने तस्कर सहदेव मोदी सहित बड़ी संख्या में आईटीसी कंपनी के सीक्रेट का खोली और नवरत्न तेल की खोली को बरामद किया है !साथ ही साढ़े सात लाख रुपए नगद रुपए भी बरामद भी की है !वहीं एसपी अजय कुमार ने बताया की मामले को गंभीरता से लिया गया,और भी कई तथ्य सामने आने बाकी है !तस्कर सहदेव मोदी से गहनता से पुलिस पूछताछ कर रही है !प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है !एसपी ने कहा कि इस गोरखधंधे में और भी कई लोग जुड़े हो सकते हैं इसकी भी गंभीरता से जांच की जा रही है ! सूत्रों के मुताबिक आईटीसी कंपनी ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है !

## स्थानीय विधायक अपनी नाकामी का ठीकरा सरकार के सिर न फोड़ें : पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने साफ शब्दों मैं कहां है कि कांटी के विधायक अपनी विफलता का ठीकरा सरकार के सिर न फोडें। ये बातें उन्होंने कांटी क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम कै दौरान कहीं। पूर्व मंत्री ने कांटी विधान सभा क्षेत्र के कई गांवों में जन संवाद कार्यक्रम चलाकर लोगों की समस्या सुनी एवं मौके पर कई मामलों का तत्काल निदान कराया। इस क्रम में श्री कुमार क्षेत्र के सरमसपुर पासवान टोला, फतेहपुर चौक, रौतनिया, गोपालपुर बजार, गवसरा बंगड़ी यादव टोला एवं मानिकपुर काली स्थान में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने पूर्व मंत्री के समक्ष सामाजिक व व्यक्तिगत समस्याएं रखी। जन संवाद कार्यक्रम में लोगों ने मुख्य रूप से नल जल योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिलने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, नया राशन कार्ड बनवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुविधा दिलाने, बिजली के लचर व्यवस्था मे सुधार कराने, अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज एवं अन्य मामले में हो रही कठिनाई एवं विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुरूप क्लासरूम बनवाने का मामला प्रमुखता से उठाया। श्री कुमार लोगों की समस्यायों को सुनने के उपरांत अंचल अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी से मौके पर बात कर कुछ समस्याओं का निदान कराया ।

वहीं उन्होंने कहा कि वे ज़िलाधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी से तत्काल मिल कर नल योजना, बच्चों की पढ़ाई के लिए विद्यालयों में अतिरिक्त क्लासरूम का निर्माण करने एवं बिजली की स्थिति में सुधार करने का आग्रह करेंगे। जन संवाद कार्यक्रम के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री कुमार ने कहा की स्थानीय विधायक घबरा गए हैं वे अपनी विफलता छुपाने के लिए सरकार के सर ठीकरा फोड़ रहे हैं , जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अपेक्षित विकास के लिए बड़े पैमाने पर राशि की व्यवस्था की है। जिस क्षेत्र के विधायक तत्पर थे, वहां अपेक्षित विकास हुआ है। लेकिन जब स्थानीय विधायक 5 वर्षों में विकास कार्य करने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं ,तभी तो मतदाता मलिको ने इस विफलता के खिलाफ बैनर लगाकर अपनी नाराजगी जाहिर किया हैं । नाराजगी जाहिर करने वाले लोगों के प्रति विधायक जी के द्वारा यह टिप्पणी करना कि चुनाव के वक्त ऐसा होता ही रहता है,यह मतदाता मालिकों का घोर अपमान है। श्री कुमार ने लोगों को आस्वस्त करते हुए कहा कि आप चिंता न करें , चुनाव से पूर्व कांटी- मडवन के सभी जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य सरकार हर हालत में प्रारंभ करायेगी।जन संवाद कार्यक्रम में अंकेश ओझा, मोहम्मद शमीम, बिंदेश्वर राय, संजय राय, अवधेश राय, जितेंद्र राय ,धर्मेंद्र राय, विनोद पासवान ,सदेव पासवान, प्रमोद पासवान ,सूरज चौधरी ,हरिहर भगत, विलास भगत ,रवि साह, विजय साह, देवानंद महतो, रोहित सर्राफ, संजय साह, राकेश श्रीवास्तव, विपिन ओझा, राम उपनेश ओझा, दिलीप पासवान, मंटू लाल, रामजी महतो, सुनील महतो, बासुदेव महतो,आसिया देवी, गजेंद्र राम, धर्मेंद्र महतो, टिंकू ठाकुर आदि प्रमुख लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाया।

## नर्सरी संचालक ने मुखिया पर लगाया गबन का आरोप, थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर वार्ड 04 निवासी रामनाथ सिंह ने सुरौली पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार पर गबन का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि वर्तमान में शिवनाथपुर स्थित एस एच 88 के बगल में अभिषेक नर्सरी संस्था का प्रोपराइटर हूं। इससे पहले मैं भरपुरा में इसी नाम का संस्था चल रहा था। उसी समय सुरौली पंचायत का मुखिया दिलीप कुमार मेरे संस्था पर आकर मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण के लिए चार हजार पौधा लिया। जिसका कुल कीमत 60 हजार रुपया होगा। पौधा लेने के बाद रुपया भुगतान करने का आश्वासन दिया। बार-बार तकादा करने के बाद कई किस्तों में मात्र 17 हजार रुपया दिया। बाद बाकी रुपया के लिए आजकल कहकर टाल रहे हैं। उनकी प्रवृत्ति से तंग आकर वकालतन नोटिस भी भेजा। लेकिन बाकी का 43 हजार रुपया का भुगतान नहीं किया। 22 जून को उक्त मुखिया के घर पर जाकर बकाया राशि का तगादा किया तो उग्र होकर भला बुरा कहते हुए एक भी रुपया नहीं देने एवं जहां जाना है जाइए बोला। पीड़ित ने आशंका जताते हुए कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुखिया के द्वारा पैसा गबन कर लिया गया है।

## बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में रोड़ेबाजी, 41 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के पोहद्दी गांव में बीती शाम बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर पथराव हुई। दोनों पक्षों में घंटों पथराव के दौरान पुलिस कर्मी सहित कई लोग जख्मी हो गए। एसडीएम मनीष कुमार झा, एसडीपीओ आशुतोष कुमार व एसएचओ हरिद्वार शर्मा ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। दोनों पक्षों से 41 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। बच्चों के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में रोड़ेबाजी शुरू हुई। प्रशासन समय रहते पहुंचकर मामले को शांत कराया। बहेड़ा एसएचओ हरिद्वार शर्मा ने बताया कि घटनास्थल को पुलिस छावनी में तब्दिल कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच बैठक कर मामले को शांत कराया गया है। दोनों पक्ष आपसी भाईचारा बनाए रखने पर सहमती बन गई। एसडीपीओ ने बताया कि फ्लैग मार्च निकाल कर शांति व्यवस्था बहाल कराया गया है। दोनों पक्ष से पड़े आवेदन पर केस दर्ज किया गया।

## खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता किरण देव यादव होंगे उम्मीदवार : गंगाराम अंबेडकर

प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर ने राष्ट्रीय प्रवक्ता सह बिहार प्रभारी किरण देव यादव को खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया है। गंगाराम अंबेडकर ने कहा कि समाजसेवी किरण देव यादव लंबे अरसे विगत 35 वर्षों से प्रखंड जिला राज्य राष्ट्रीय स्तर तक सदैव संघर्षरत सक्रिय एवं समाज के प्रति समर्पित रहे हैं। सामाजिक जन सरोकार से जुड़े सवालों को लेकर आंदोलनरत रहे हैं। समाज में इनकी स्वच्छ ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ क्रांतिकारी छवि रहा है। देश एवं राज्य में अब रूटीन वर्क, परिवारवादी, थोपे गये उम्मीदवार से जनता ऊब चुकी है। अब सच्चे अर्थों में सरजमीं से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता को सदन में पहुंचाने हेतु जनता मूड बन चुकी है। जनता विकल्प की तलाश में है। जनता नए चेहरे एवं युवाओं को मौका देना चाहती है। जनता सुख दुख में भाग लेने वाले कार्यकर्ता के प्रति आकर्षित है। पैराशूट से आए उम्मीदवार को जनता अब बहिष्कार करेगी। धरातल पर कार्य करने वाले सरजमीनी सामाजिक कार्यकर्ता को जनता अब मौका देना चाहती है। जो सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई तेज कर सके। उन्होंने कहा कि मिशन सुरक्षा परिषद के राज्य सम्मेलन में सभी 243 सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। यदि कोई गठबंधन सम्मानजनक सीट शेयरिंग मुद्दा आधारित समझौता करेंगे तो हम गठबंधन करने को तत्पर हैं। कई पार्टी गठबंधन से वार्ता चल रही है। फिर वक्त सम्मेलन में 15 उम्मीदवारों को विभिन्न जिला समस्तीपुर से महेश राय, बछवारा से राजाराम यादव, सहरसा से विनोद यादव, बेगूसराय से राजकुमार राय, मुंगेर से जय जय राम यादव, सहित युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रहास यादव, शत्रुघ्न पासवान, दिलीप राज कुशवाहा, लाल बहादुर शाह, विनोद पासवान, मोहम्मद जफर अंसारी एवं ललिता देवी सरला सिंह सहित 15 जिला में उम्मीदवार घोषित किया गया। सभी सीटों पर उम्मीदवार की सूची जल्द ही जारी किया जाएगा। मिशन का राष्ट्रीय टीम सभी क्षेत्रों के उम्मीदवार के पक्ष में मजबूती से खड़ा उतरेगा। मिशन सुरक्षा परिषद का चुनावी एजेंडा घोषणा पत्र जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आम जनों का स्नेह प्यार आशीर्वाद सहयोग मिलेगा तो बड़े स्तर पर सेवा करने को मैं सदैव तत्पर रहूंगा। इधर, किरण देव यादव का नाम उम्मीदवार के रूप घोषणा करने पर देश बचाओ अभियान के उपाध्यक्ष अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव, अधिवक्ता कैलाश यादव, प्रवक्ता गुड्डू ठाकुर, फरकिया मिशन के सचिन लालमणि सदा, सरपंच संघ के राजेंद्र यादव श्रवण कुमार बंटी देवी अनुराधा देवी, वार्ड सदस्य संघ फूल कुमार, शिक्षक नेता अनिल कुमार आदि ने समाजसेवी किरण देव यादव को उम्मीदवार घोषित करने के निर्णय को हार्दिक स्वागत किया है तथा बधाई एवं साधुवाद दिया। कहा कि सच्चे अर्थों में इनकी उम्मीदवारी क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सबों ने एक स्वर में कहा कि कई संगठनों का सफल संचालन संघर्ष करने पर सर्वत्र हर अस्तर के सहयोग से इनको लाभ मिलेगा।

## अधिवक्ता संघ जयनगर चुनाव: विजयकांत चौधरी बने अध्यक्ष, राजेश कुमार महतो महासचिव निर्वाचित

### अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया और सभी ने नव निर्वाचित टीम को बधाई दी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर 30 जून 2025 अधिवक्ता संघ जयनगर के वार्षिक चुनाव में विजयकांत चौधरी अध्यक्ष और राजेश कुमार महतो महासचिव पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। 30 जून को संपन्न हुए इस चुनाव में कुल 26 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में विजयकांत चौधरी को 15 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी उमेश पूर्वे को 11 मत मिले साथ ही महासचिव पद के लिए राजेश कुमार महतो को 14 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कुमार राणा प्रताप सिंह को 12 मत प्राप्त हुए।

सभी मतपत्र वैध घोषित किए गए। इस के पूर्व कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार एवं कार्यकारी सदस्य के पद पर प्रीत लाल पासवान निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी डॉ वीरेंद्र झा की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ और परिणामों की आधिकारिक घोषणा की गई।

चुनाव उपरांत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया और सभी ने नव निर्वाचित टीम को बधाई दी।

# डीएम की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन की अध्यक्षता में सोमवार 30 जून को जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी और प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक की शुरूआत कृषि विभाग के साथ शुरू हुई। उन्होंने मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग ,पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्वच्छता विभाग शिक्षा विभाग राजस्व विभाग अंतर्गत जल जीवन हरियाली, जीविका विभाग ,कल्याण विभाग ,जल संसाधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत म्यूटेशन रैन बसेरा बासगीत पर्चा, वन एवं पर्यावरण विभाग, मनरेगा अंतर्गत खेल मैदान गन्ना विभाग, सीएम डैशबोर्ड, हाई कोर्ट के मामले, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार समेत कई ऐसे मामलों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी महोदय ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी से फीडबैक प्राप्त कर स्थिति का जायजा लिया। इस दरमियान जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि हमारा जिला 35 वे नंबर पर है, इस पर जिला अधिकारी महोदय ने कृषि पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। वही खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग द्वारा अंतर्गत राशन कार्ड के निर्माण के के बारे में एसडीएम जमुई द्वारा बताया गया कि 75% लोगों का राशन कार्ड बनाया जा चुका है। आगे उन्होंने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा सोलर लाइट सामुदायिक भवन चापानल, पंचायत सरकार भवन के बारे में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी फीडबैक लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बिजली बिल भुगतान को लेकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विद्युत विभाग से फीडबैक लेकर सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलों के अंचलाधिकारी को 10 दिन के अंदर विधुत विपत्र भुगतान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी ली तथा जिन प्रखंडों में कार्यों में शिथिलता पाई गई संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिलाधिकारी महोदय ने स्वच्छता विभाग को निर्देशित किया गया कि वे जल जीवन हरियाली से संबंधित कराए गए कार्यों की फोटो वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान लंबित बहू बहुप्रतिक्षित और बहुउद्देशीय बरनार जलाशय योजना के कार्यों को लेकर कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग झाझा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी झाझा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनो से तलब की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए ' वहीं जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी जमुई से सभी महादलित टोलों में लगाए जा रहे शिविरों के बारे में जानकारी लिया और कहा कि सभी महादलित टोलों में योग्य लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। महादलित टोलों में योजनाओं का 100% लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने बासगीत पर्चा संबंधित से अधतन प्रतिवेदन के संबंध में अपर समाहर्ता जमुई, डीसीएलआर तथा संबंधित प्रखंडों की अंचल अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं समाज सुरक्षा से संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर कई निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा की। वहीं नल जल योजना अंतर्गत कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को कम परसेंटेज वाले प्रखंडों में जल्द से जल्द कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया ' नगर परिषद क्षेत्र में संचालित मोहल्ला संवाद से संबंधित अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। धान अधिप्राप्ति से संबंधित अधतन प्रतिवेदन के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी से फीडबैक लिया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की टीम द्वारा कर्म योग एवं सुशासन के लिए मेडिटेशन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय ! समाहरणालय लखीसराय स्थित मंत्रणा कक्ष में जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की टीम द्वारा ह्लकर्म योग एवं सुशासन के लिए मेडिटेशनह्व विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ की गई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र के एडमिनिस्ट्रेशन विंग के कोऑर्डिनेटर हरीश भाई जी ने बताया कि ईश्वरीय विश्वविद्यालय का मुख्यालय माउंट आबू में स्थित है। इस संस्थान से 140 से अधिक देशों के लोग जुड़े हुए हैं। इस साल 5 से 9 सितंबर 2025 को माउंट आबू में सेमिनार का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए इस तरह की अभियान की शुरूआत 24 तारीख मुजफ्फरपुर से की गई। 25 तारीख को अररिया, 26-27 तारीख को भागलपुर, 28 तारीख को मुंगेर एवं आज दिनांक 30.06.2025 को लखीसराय में आयोजन किया जा रहा है। कर्म योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण चीज है, इसके लिए हमलोग को हमेशा प्रतिदिन मेडिटेशन करना चाहिए। इसके लिए सबसे अच्छा मुहूर्त ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:00 बजे से है, जिसमें उठने के 15-20 मिनट बाद तक मन शांत एवं एकाग्रचित रहता है, उस समय हमें मेडिटेशन करना चाहिए और रात को सोने से 15 मिनट पहले भी हमें मेडिटेशन प्रतिदिन करना चाहिए। प्रशासनिक एवं अन्य कार्यों के अलावा हमें अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। कर्म योग प्रशिक्षण शिविर में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश सिंह, स्थापना उप समाहर्ता श्री शशि कुमार, प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की टीम से हरीश भाई जी,रीता दीदी मधु दीदी एवं उनके सहयोगी के साथ जिला के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# शिष्टमंडल ने डीआईजी से मिलकर आयुष हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने की मांग



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के संरक्षक व पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल डीआईजी से मिलकर आयुष हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने के लिए आग्रह किया। मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने कहा कि पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच करे तो आयुष के माता पिता को न्याय मिल सकता है । परिवार के अन्य सदस्यों सहित ग्रामीणों पर किए गए मुकदमों को वापस लेने मोबाइल और लैपटॉप की जांच कराने सुसाइड नोट की लिखावट की जांच सहित 14 बिन्दुओं पर जांच करने का आग्रह करते हुए शिष्टमंडल को डीआईजी मनोज कुमार ने कहा कि हमें समय दिजिए हम सही से सभी बिन्दुओं पर जांच करेंगे और दोषी कोई भी रहे उसे सलाखों के पीछे भेजेंगे। इस शिष्टमंडल में जेडीयू नेता सत्यनारायण कामत, प्रवीण चंद्र सिंह, अखिलेश कुमार झा, नयन सिंह, ललितेश्वर राय, पूर्व समिति भूषण सिंह, बेचन राम उपमुखिया, रमण झा, मो करदूस, मुन्ना सिंह, अमर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। ज्ञात हो कि विगत 27 मई को हटियागाछी एक लाज में आयुष की हत्या को रहस्यमय ढंग सें आत्महत्या करार देने का प्रयास करते हुए फांसी से लटका दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आयुष के शरीर पर चोट के कई निशान मौजूद थे। वही फांसी के फंदे से झुल रहा शव का पैर जमीन सें स्पर्श था जैसे किसी ने मारकर अपराध छिपाने की नीयत सें फांसी पर लटका दिया हो। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दोषी लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता




उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चौसा प्रखंड मुख्यालय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ की ओर से वासुदेव जिओ पेट्रोल पंप चौसा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक पौधे को लगाया गया। उपस्थित लोगों ने जगह-जगह पौधा लगाकर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया है। मौके पर संघ के संरक्षक सत्य प्रकाश गुप्ता विदुर ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता सह संघ सचिव संजय कुमार सुमन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा ही हमारी सुरक्षा है। ऐसे में प्रदूषण से निजात दिलाने में पेड़-पौधे की सशक्त भूमिका हो जाती है। दुनिया समझ चुकी है कि पर्यावरण की रक्षा करनी है तो उसके पहले पेड़-पौधों की सुरक्षा करनी है। पौधरोपण के साथ ही दूसरों को पर्यावरण के प्रति सजग करने की आवश्यकता है पेड़ हमारे पुत्र के समान है। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। शिक्षक जवाहर चौधरी ने कहा की हर व्यक्ति को पौधरोपण करना आवश्यक है। सभी संकल्प ले कि हम पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा करेंगे। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये पौधा लगाकर इसका संरक्षण करना जरूरी है। यह पौधा पेड़ बनेगा तो वातावरण में ऑक्सीजन मिलेगा। इस अवसर पर शिवम कुमार, पत्रकार मनीष गुप्ता अकेला, कुमार साजन, अंसार आलम, पेट्रोल पंप के कर्मी अमित झा, सिंटू कुमार, प्रीतम कुमार, मंजय कुमार, विकास कुमार यादव, प्रिंस कुमार, सुखदेव कुमार आदि ने मिलकर न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का भी प्रण लिया।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित सुरक्षित स्थान का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गोपाल जी एवं जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित सुरक्षित स्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में उक्त वर्णित पदाधिकारियों ने सुरक्षित स्थान में आवासित किशोरों से वातार्लाप कर दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली, सीसीटीवी कार्यशीलता एवं पंजीयों की जांच की। वे पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष गए जहां उन्होंने पाठ्य सामग्रियों का अवलोकन किया एवं वातार्लाप क्रम में आवासित किशोरों को मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया। सिविल सर्जन को आवश्यकतानुसार सम्यक चिकित्सीय सहायता, जिला शिक्षा कार्यालय को आवश्यक शैक्षणिक सहायता हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। सुरक्षित स्थान भ्रमण क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला सत्र न्यायाधीश रसोई कक्ष गए जहां उन्होंने आवासित किशोरों निमित भोजन सामग्री का अवलोकन किया एवं इसके गुणवत्ता की जांच की। उक्त अवसर पर न्यायाधीश, किशोर न्याय परिषद सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# दर्शनशास्त्र प्राध्यापक के सेवानिवृत्ति पर एसएनएस कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक प्रो राजकुमार सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर डॉ संजीव शंकर सिंह, डॉ अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ गौतम कुमार सिंह के द्वारा पाग, चादर, बुके एवं डायरी से सम्मानित किया गया। रसायन विभाग के प्रध्यापक डॉ अनंत कुमार सिंह ने कहा कि राजकुमार बाबू अपने सहकर्मी छात्र, छात्राओं के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे। डॉ अनिरुद्ध कुमर ने कहा कि आज दर्शनशास्त्र विभाग से एक विद्वान शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं इनकी कमी सदा खेलेगी। डॉ किशोर कुमार झा ने कहा कि आज एक हंसमुख शिक्षक महाविद्यालय से कार्यकाल पूरा कर विदा हो रहे हैं। डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि राज कुमार बाबू महाविद्यालय के किसी भी कार्य को करने के लिए सदा तत्पर रहते थे। डॉ इंदु कुमारी ने कहा महाविद्यालय परिवार उनके सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु रहने की कामना करता है। डॉ धर्मव्रत चौधरी ने कहा कि राजकुमार सिन्हा सर अगर दर्शनशास्त्र के अध्यापक नहीं होते तो निश्चित रूप से एक बड़े साहित्यकार होते। किसी बात को उनके कहने की शैली से पता चलता है कि वे प्रेमचंद और रेणू की परंपरा के एक बड़े कहानीकार होते। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह कर रहे थे, जबकि मंच संचालन डॉ आर्य सिंधु ने किया। आज ही चतुर्थ वर्गीय शिक्षकेत्तर कर्मचारी दिलीप कुमार सिंह भी सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर डॉ ताजुद्दीन, डॉ रामानंद सादा, डॉ सुभाष, डॉ अनवारुल, डॉ राम नरेश पासवान, डॉ रचिता, डॉ गायत्री, डॉ रीना, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ नृपेंद्र सिन्हा, ओम प्रकाश सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सत्यम कुमार, मनीष कुमार सिंह, रत्नेश झा, उदय कुमार के साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# महिषी के ग्रामीण द्वारा पाग चादर से सम्मानित हुए चिकित्सक



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा मिथिला के प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ भगवती उग्रतारा मंदिर महिषी में मनोकामना पूर्ण होने पर पहुंचे चिकित्सक सर्जन डॉ एच एस ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ प्रीति मिश्रा ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद भगवती को स्टील का पलंग समर्पित किया। पूजा पाठ के उपरांत चिकित्सक ठाकुर ने बताया कि इससे पुर्व वे दोनों पति-पत्नी भगवती उग्रतारा की पुजा की और बिना कुछ मांगे भगवती ने उनकी बात सुनी और मन के अनुसार उन्हें फल की प्राप्ति हुआ। उन्होंने कहा कि वेद-पुरान,उपनिषद में वर्णित महात्म के अनुसार भगवती उग्रतारा अपने भक्तों की भक्ति पर सुन्दर परिणाम देते हैं यह ध्रूव सत्य है। मंदिर परिसर में उपस्थित ग्रामीणों ने डा ठाकुर को उनके चिकित्सिकीय धर्म के लिए पुर्व उप प्रमुख नितिन ठाकुर बौआ ने उन्हें मिथिला का पहचान पाग एवं चादर से सम्मानित किया और कहा कि जिस प्रकार आप गरीब मरीज के प्रति दया भाव रखते हैं वह आप बनाए रखें। मौके पर पुर्व सरपंच निशाकांत ठाकुर, पुर्व प्रमुख सियाराम सिंह, समाजसेवी सोनू ठाकुर, शुभम वत्स, डॉ बिजेंद्र मिश्र स्कॉलर, पंकज मिश्र, पुजारी सुन्दर कांत झा आदि उपस्थित थे।

# बांग्ला सावन शुरू होते ही जलाभिषेक को लेकर पैदल बाबाधाम जा रहे कांवरिया

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ होने में महज 10 दिन का समय बचा है । गौरतलब है कि मुंगेर जिला के अंतर्गत पड़ने वाले 26 किलोमीटर कच्ची कांवरिया पथ जो कमराय से कुमरसार तक का क्षेत्र है ,जहां 26 किलोमीटर की दूरी में गोगाचक, मनिया, कुमरसार, सरकारी धर्मशाला अवस्थित है । तो वहीं पक्की सड़क मार्ग रणगांव में भी एक सरकारी धर्मशाला है । बता दें कि श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने मुंगेर में अपना योगदान करते ही अपने साथ तारापुर के अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार सहित सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, के साथ कमराय से कुमरसार कच्ची कांवरिया पथ का निरीक्षण किया था । जहां कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे । जिला पदाधिकारी ने कहा था कि श्रावणी मेला शुरू होने से पहले 30 जून तक सभी विभाग के द्वारा मेला की फाइनल तैयारी पूरी कर लेनी है । मुख्य तौर पर जो कार्य की प्रगति हुई है उसमें गोगाचक, मनियां , कुमरसार , के साथ-साथ रणगांव सरकारी धर्मशाला की साफ सफाई, रंग रोगन, धर्मशाला के भीतरी और बाहरी हिस्सों में बिजली की मरम्मती, कच्ची कावंरिया पथ में बालू बिछाने, शौचालय की मरम्मती से लेकर रंग- रोगन करने ,शौचालय, स्नानागार,की बेहतर व्यवस्था बनाने इत्यादि के क्षेत्र में कार्य को तेजी से किया गया है , लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्रों में कार्य अधूरा बचा हुआ है। इस बीच बांग्ला सावन भी शुरू हो चुका है । कांवरिया उत्तर वाहिनी गंगा सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल बाबाधाम देवघर के लिए अग्रसर है। लेकिन इस दौरान खासकर धर्मशाला पर पहुंचने वाले कांवरियों को वह सुविधा नहीं मिल पा रहा है जो 10 दिन बाद शुरू हो रहे श्रावणी मेला के दौरान शिव भक्तों को मिलता है । खासकर दोपहर के समय जब धर्मशाला में आराम कर रहे कांवरियों के लिए स्नानागार में झरना चालू नहीं किए जाने, से लेकर लगातार बिजली नहीं मिलने, से श्रद्धालुओं को इस उमश भरी गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । वहीं धर्मशाला पर नियमित रूप से सफाई कर्मी नहीं रहने के कारण कांवरियों को सावन जैसी साफ सफाई जैसी व्यवस्था नहीं मिल पा रहा है । कच्ची कावंरिया मार्ग में कांवरियों के बैठने को लेकर जगह-जगह सीमेंटेड कुर्सी कुटाई पड़ा है । कांवरियों के लिए कच्ची कावंरिया पथ पर लगने वाले अस्थाई रूप से स्वास्थ्य शिविर के लिए चिन्हित जगहों पर पंडाल का निर्माण भी पूरी तरह से नहीं हो पाया है । इतना ही नहीं मुख्य बाजार तारापुर में अतिक्रमण अभियान भी नगर पंचायत द्वारा नहीं हटाया गया है ।

# रायभीर पंचायत भवन जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का काम हुआ प्रारंभ

## पूर्व में प्रातः किरण दैनिक अखबार में छपी थी खबर, कुछ दिनों बाद ही सड़क निर्माण कार्य हुआ शुरू





### रायभीर पंचायत भवन जाने वाली सड़क पर जलजमाव और कीचड़ रहने से राहगीर परेशान

प्रातः किरण संवाददाता

प्रिंस कुमार प्रभाकर

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड के सुदूर गांव रायभीर पंचायत रोड नंबर एनएच 18 के बगल होकर पंचायत भवन की ओर जाने वाली ग्रामीण सड़क का निर्माण के एक साल बाद ही सड़क की हालत जर्जर हो गई थी। जिसके चलते सड़क की दुर्दशा यस की तस बनी हुई है। वहीं आए दिनों लगातार सड़क पर जमा कीचड़ और जलजमाव में आवाजाही करने वाले रहागीर सहित ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के अंदेरे की बात तो दूर दिन के उजाले में भी लोगों को दुर्घटना का आशंका बना रहता है। लोगों ने कहा कि खासकर बुजुर्ग व्यक्ति को रायभीर पंचायत भवन जाने में काफी समस्या होती है। जिसके चलते ग्रामीणों को पंचायत भवन में खुले आरटीपीस काउंटर सहित अन्य कार्यालयों का जब काम पड़ता है तो वह उस से वांछित रह जाते हैं। जिसके चलते खासकर बुजुर्ग व्यक्ति को वृद्धा पेंशन ओर बुजुर्ग महिला को विधवा पेंशन ओर वृद्धा पेंशन की पैसा निकालने के लिए नजदीकी साइबर कैफे दुकानों का चक्कर काटना पड़ता है। बुजुर्ग लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा वृद्धा पेंशन की पैसा 400 सौ निर्गत की गई जिसे निकलाने में सीएसी संचालक दस रुपया काट लेते हैं ऐसे में किया ही कुछ होगा। अगर स्थानीय प्रतिनिधि इस सड़क को देखते तो पंचायत भवन में खुले सेंटर पर जाकर पैसा की निकासी के साथ अन्य कामों का भी जानकारी प्राप्त होते रहता। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सड़क के बगल होते हुए पंचायत भवन तक जाने वाली ग्रामीण पक्की सड़क का निर्माण को लेकर कागजी प्रकिया पूरी कर ली गई है। जिसे बहुत जल्द ही गुणवत्ता पूर्ण निर्णम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश यही रहती है कि ग्राम वासियों को किसी भी तरह का कोई समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराने में लगे रहते हैं।

प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) जिला मुख्यालय से महज (17) किलो मीटर दूर उत्तर बिहार के देव स्थल बाबा नगरी सिंहेशवर नाथ मंदिर से (10) किलो मीटर दूर पूरब दिशा की और बिरेली बजार गुजरते हुए रायभीर जाने वाली मुख्य मार्ग एनएच 18 नंबर रोड के बगल होते हुए, शीतल दास के घर से लेकर रायभीर पंचायत भवन जाने वाली ग्रामीण सड़क के निर्माण के एक साल बाद ही स्थिति जर्जर हो गई थी। जिस कारण से सड़क पर जलजमाव और कीचड़ जमा रहने का समस्या हमेशा बना रहा था। खासकर बरसात के मौसम में सड़क पर काफी कीचड़ जमा हो जाता था, जिस से गाड़ी चालक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गाड़ी चालक की बात तो दूर पैदल चलने वाले स्थानीय लोगों के अलावे राहगीरों को दुर्घटनाएं का आंशका बना रहता था, कीचड़ में कहीं पेड़ फिसल ना जाए, ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लोग गिर कर जटिल भी हुए हैं। वहीं बुजुर्ग व्यक्तियों ने बताया कि जिस समय सड़क पर जलजमाव और कीचड़ जमा रहता था। उस समय हमलोग सड़क पर चलना मुनासिब नहीं समझते थे, अगर पंचायत भवन का कोई काम लगता था तो एक किलो मीटर दूर से घूम कर पंचायत भवन पहुंचना पड़ता था। इस बात को लेकर प्रातः किरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। वहीं पंचायत के वार्ड नंबर 9 के वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों किनारे लोगों के द्वारा सड़क को कब्जा कर रखा था, जिसको स्थानीय मजदूर लोगों से सफाई कराया गया है, जिसको अब बहुत जल्द गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराया जाएगा। वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास के द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का लोगों ने सराहना किया। वहीं पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने बताया की रायभीर पंचायत भवन जाने वाली सड़क का निर्माण कस्टम योजना से बनाया जा रहा है। जिसमें पांच लाख 65 हजार रुपया की लागत लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के बाद कृष्णकांत दास के घर से लेकर पंचायत के उप सरपंच दिलीप दास के दरवाजे तक लगभग सौ मीटर रोड का निर्माण कराया जाएगा, और दोनों साइड नाली का भी निर्माण कराया जाएगा, उन्होंने बताया की रायभीर पंचायत भवन पहले जहां चारों तरफ से खुलादार बना था वहीं अब बाउंड्री वॉल कराया जा रहा है। अब रायभीर पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर और जरूरतमंद जगह पर स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य बहुत जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

# एएसआई का हुआ भव्य विदाई समारोह



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत का थाना मोहनपुर थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में एएसआई कामता प्रसाद साह को भव्य विदाई दी गई है। सोमवार 30 जून को प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एस आई अनुप कुमार, हरिहर राय, थाना के सभी पुलिस कर्मी एवं दर्जनों ग्रामीणों की गरिमा मयी उपस्थित में अंग वस्त्र एवं फूलों का माला पहनाकर सम्मानित तरीके से एएसआई कामता प्रसाद साह को विदाई दी गई है। इनका स्थानांतरण मधेपुरा जिला में हुआ है। विदाई समारोह में एस आई राहुल कुमार ने बताया कि सरकारी नौकरी में ये अवसर समय समय पर सभी को आते हैं।हम सब मिलकर मोहनपुर थाना क्षेत्र में शांति एवं अपराध मुक्त बनाने में अभी तक सफल रहे हैं। अनुभवी एएसआई कामता प्रसाद साह थाना क्षेत्र में गरीब लाचार लोगों को कानून का पाठ पढ़ाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में भरपूर सहयोग किये है। इनकी उपलब्धि,इनका प्यार, स्नेह, यहां के अवाम को प्रभावित किया है। सभी गणमान्य नागरिक उत्साहित होकर इन्हें दर्जनों गाड़ियां से लेकर लक्ष्मीपुर कोहवरबा मोड़ तक छोड़ने गए हैं।जो इनका व्यवहार कुशलता का परिचायक है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। ऐसे मौके पर समाजसेवी ओंकार यादव, अमरेश कुमार यादव, मोहन मंडल, विजय शर्मा, अमरेश यादव, जितेन्द्र कुमार एवं अन्य दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# आरपीएफ व उत्पाद विभाग द्वारा 98 बोतल कोडीनयुक्त कोरेक्स बरामद




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन करने हेतु आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। जिसके कारण अब तक शराब एवं कोरेक्स की कई खेप में पकड़ में आया है। इसी कड़ी में सोमवार को आरपीएफ उप निरीक्षक सुजीत कुमार मिश्र एवं उत्पाद निरीक्षक संजीत कुमार के साथ समपार फाटक संख्या 30 पर प्रधान आरक्षी सोनेलाल टुडू भी साथ हुए। निरीक्षण के क्रम में सहरसा मानसी रेलखंड पर सर्वा ढाला समपार फाटक आउटर सिग्नल के समीप रेललाइन के पास झाड़ी सें लावारिस बैग बरामद हुआ।जिसकी संयुक्त तलाशी में 98 बोतल कोडीनयुक्त कोरेक्स बरामद किया गया। उत्पाद निरीक्षक नें बताया कि सर्वा ढाला रेल लाइन सें सटे पश्चिम झाड़ी से एक स्लेटी रंग का पिट्ठू बैग पड़ा मिला। सभी लोगों द्वारा बैग को झाड़ी से निकालकर चेक किया तो बिहार राज्य प्रतिबंधित कोडीनयुक्त विस्कोडाइन सीरप एक सौ एम एल प्रति बोतल 98 पीस बरामद किया गया। जिसकी फर्द जप्ती सूची तैयार कर बरामद कफ सीरप को अग्रिम कारवाई हेतु ले जाया गया।

## उम्मीद की नई राह - फंगस से बनी कैंसर की चमत्कारी दवा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



प्रकृति का सबसे गहरा रहस्य यह है कि जो तत्व जीवन के लिए खतरा बन सकता हैं, वह जीवन रक्षक भी बन सकता हैं। ऐसा ही एक आश्चर्यजनक उदाहरण हाल ही में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने दिया है- एक जहरीले फफूंद एस्परगिलस फ्लेवस (अ२स्त्रीडे''४२ I''५४२) से एक संभावित कैंसर विरोधी दवा की खोज। यह नई चिकित्सा खोज न केवल विज्ञान की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि भविष्य में लाखों कैंसर मरीजों के लिए आशा की किरण भी बन सकता है। एस्परगिलस फ्लेवस आमतौर पर कृषि में एक खतरनाक फफूंद के रूप में जाना जाता है जो अनाजों, मेवों और बीजों को संक्रमित करता है। यह अफ्लाटॉक्सिन नामक एक विषैला पदार्थ उत्पन्न करता है, जो मानव और पशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। परंतु, पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इसी फफूंद में छिपी एक अनोखी रासायनिक संरचना को खोज निकाला है, जिसने विज्ञान की दिशा ही बदल दी है। शोधकताओं ने इस फफूंद से एस्पेरिजिमाइसिन नामक एक यौगिक की खोज की है, जो कैंसर की कोशिकाओं को लक्षित रूप से नष्ट कर सकता है। यह यौगिक विशेष रूप से ल्यूकेमिया कोशिकाओं (रक्त कैंसर) पर प्रभावी पाया गया है और इसका अन्य कोशिकाओं पर बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं हुआ, जो इसे एक लक्षित और सुरक्षित चिकित्सा विकल्प बनाता है। यह यौगिक एक प्रकार के पेप्टाइड (प्रोटीन के टुकड़े) से बना है, जिन्हें राइबोसोमली उत्पादित और बाद में संशोधित किया गया है। इन्हें कहा जाता है। की विशेषता यह है कि ये कोशिकाओं के भीतर जाकर विशेष रूप से कैंसर कोशिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे सामान्य स्वस्थ कोशिकाएं प्रभावित नहीं होता है। राइबोसोम, जो कोशिकाओं में प्रोटीन उत्पादन के केंद्र होता हैं, एस्पेरिजिमाइसिन को संशोधित कर ऐसे रूप में प्रस्तुत करता हैं कि वह कैंसर कोशिकाओं को विशेष रूप से लक्षित करता है। इससे एक ओर जहां दवा की प्रभावशीलता बढ़ता है, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभाव सीमित होता हैं। पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए प्रारंभिक परीक्षणों में यह यौगिक एफडीए (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) द्वारा मान्य वर्तमान दवाओं के समान प्रभावी पाया गया है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि एफडीए मान्यता प्राप्त दवाएं ही वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद माना जाता है। एस्पेरिजिमाइसिन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कि यह सामान्य कोशिकाओं को प्रभावित नहीं करता है। इस गुण के कारण यह दवा अन्य कैंसर दवाओं की तुलना में अधिक सुरक्षित हो सकता है। मौजूदा कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी जैसी तकनीकों में जहां मरीज को कई प्रकार के दुष्प्रभाव सहने पड़ते हैं, वहीं यह नई दवा उस दृष्टि से राहत प्रदान कर सकती है। अभी यह दवा प्रीक्लिनिकल स्टेज में है। इसका अगला कदम पशु मॉडल पर परीक्षण करना है ताकि यह समझा जा सके कि यह जटिल जीवित प्रणाली में कैसे काम करती है। अगर ये परीक्षण सफल रहता है, तो इसके मानव परीक्षण की शुरूआत किया जा सकता है। मानव परीक्षण के दौरान यह जांचा जाएगा कि एस्पेरिजिमाइसिन कैंसर के किस-किस प्रकार पर असरकारक है, इसकी सुरक्षित खुराक क्या हो सकता है और यह दवा शरीर के अन्य अंगों पर क्या असर डालती है। यह परीक्षण लंबी अवधि के होता है लेकिन इनके सफल होने पर यह दवा कैंसर चिकित्सा की दिशा बदल सकता है। यह पहली बार नहीं है जब फफूंद से कोई प्रभावशाली दवा तैयार की गई हो। पेनिसिलिन, जो दुनिया की पहली एंटीबायोटिक माना जाता है, भी पेनिसिलियम नामक फफूंद से बना था। इसने चिकित्सा विज्ञान में क्रांति ला दिया था और लाखों जानें बची थी।

## संतो-कथावाचकों को जातियों में बांटने की शर्मनाक कोशिश

देश मे इन दिनों संतो व कथावाचकों को जातियों में बांटकर उनके विरुद्ध अमर्यादित व्यवहार करने का शर्मनाक प्रयास किया जा रहा है। यादव जाति से आने वाले मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव ने अपने ब्राह्मण यजमान पर जाति के आधार पर मारपीट कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। इसके बाद से देश में यह बहस तेज हो गई है कि कथा वाचन करने का अधिकार किस जाति का है। काशी विद्वत परिषद का कहना है कि भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिंदुओं को है, वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भगवत कथा सुना सकता है, लेकिन सभी जातियों को भगवत कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है। देश में इस समय हजारों की संख्या में कथावाचक कथा सुनाने का काम कर रहे हैं। अनिरुद्धाचार्य जिनका असली नाम अनिरुद्ध राम तिवारी है, ब्राह्मण जाति से है। देवकीनंदन ठाकुर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के रहने वाले हैं, उनका जन्म भी एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। मध्य प्रदेश के छतरपुर में पैदा हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर हैं, उनका जन्म भी एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। संत रामपाल हरियाणा के सोनीपत जिले के धनाना गांव के एक किसान परिवार में पैदा हुए संत रामपाल जाट जाति से हैं। भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल का असली नाम सूरज पाल है, ये एक दलित परिवार से है। बाबा रामदेव का असली नाम रामकिशन यादव है, जो जाति से यादव है। मोरारी बापू युवावस्था से ही राम कथा कह रहे हैं, वे अब तक आठ सौ से अधिक जगह राम कथा कह चुके हैं, मोरारी बापू अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। जया किशोरी का जन्म राजस्थान के सुजानगढ़ के ब्राह्मण परिवार में हुआ था, वे धार्मिक कथाओ के लिए प्रसिद्ध हैं। वही हरिद्वार के चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखौला का कहना है कि शास्त्रों के अनुसार पण्डिताई, पुरोहिताई और ज्योतिष का अधिकार तो सचमुच ब्राह्मणों का है पंडितों का है। मंदिरों में पुजारी भी पंडित होंगे , सोलह संस्कार कराने और ज्योतिष बचाने वाले भी पंडित होंगे। सप्तऋषियों सहित जितने भी प्रारम्भिक ऋषि हुए वे सभी ब्राह्मण थे। सत्यनारायण की कथा सुनाने से लेकर श्रीमद्भागवत करने, राम कथा बाँचने, यज्ञ अनुष्ठान कराने, सोलह संस्कार और गृह प्रवेश कराने का अधिकार भी ब्राह्मणों का है। तीर्थों पर संस्कार और समस्त कर्मकांड कराने के शास्त्र सम्मत अधिकारी पण्डे पुरोहित हैं। दान लेने के अधिकारी भी ब्राह्मण हैं। उनके शब्दो में, न होते तो रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना के लिए भगवान राम रावण जैसे प्रतापी ब्राह्मण को लंका से न बुलाते। वे स्वयं क्षत्रिय वंश में जन्में थे। यादवकुल में जन्में भगवान कृष्ण शास्त्रों एवं विद्याओं का अध्ययन करने ब्राह्मण ऋषि संदीपनी के आश्रम न जाते। जितने भी राज्य भारत में थे उन सभी में क्षत्रिय राजा ब्राह्मण वर्ग से राज पुरोहित का अनिवार्य आसन राजा के समकक्ष ऊंचाई पर स्थापित न करते। कारण वही कि सामाजिक संदर्भों में ब्राह्मणों को पूज्य का दर्जा प्राप्त था। ब्राह्मण पूज्य न रहा होता तो दरबार में रानियों और मंत्रियों के साथ बैठे राजा कृष्ण नंगे पांव दौड़े दौड़े बाहरी द्वार पर न आते, आंसुओं के जल से गरीब ब्राह्मण सुदामा के पांव न धोते। ब्राह्मण पूज्य था तभी तो पांडव एवं कौरव राजकुमारों को शिक्षा के लिए द्रोणाचार्य और कृपाचार्य जैसे ब्राह्मणों के पास जाना पड़ा। भाइयों सहित चारों दशरथनंदन वशिष्ठ और विश्वामित्र के आश्रम न जाते। ब्राह्मण मेधा का धनी था तभी तो भारत पर आक्रमण से पूर्व सिकंदर ने भारत की शक्ति का पता लगाने के लिए अपने दूत को चाणक्य के आश्रम में विद्यार्थी बनाकर भेजा था। कथा है कि सुकरात ने भी भारत की ब्रह्मशक्ति के प्रति जिज्ञासा प्रकट की थी। कौशल सिखौला की माने तो भारतवर्ष में ब्राह्मण का महत्व अनादिकाल से है। हम इटावा में ही अप्रिय और निंदनीय घटना के बारे में जरा भी बात नहीं करना चाहते। जो हुआ वह बहुत बुरा था, कानूनन कार्रवाई चल रही है। वास्तुतः देश के इतिहास को समझने का समय आ गया है। हमारी संस्कृति में ज्ञान की महिमा थी। न होती तो महर्षि वेदव्यास को महान ऋषि न माना गया होता। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य भारतवर्ष में समन्वय स्थापना के लिए समरसता के सिद्धांतों का प्रतिपादन किया।

# नया बहुआयामी शक्तिशाली देश बने भारत

**लेकिन अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। वस्तुतः आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है।**





डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक )

यकीनन इजरायल-ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। लेकिन अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। वस्तुतः आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। निःसंदेह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजराइल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा। भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, इजराइल-ईरान युद्ध से जहां दुनिया में महंगाई बढ़ी, वहीं भारत में महंगाई घटी रही। भारत की खुदरा महंगाई दर महज 2.82 प्रतिशत है और थोक महंगाई दर महज 0.39 फीसदी ही है। यह पिछले 14 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जहां युद्ध की चुनौती के बीच दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न की कमी से खाद्यान्न के मूल्य बढ़ गए, वहीं भारत खाद्यान्न के मोर्चे पर अत्यधिक मजबूत है। देश के खाद्यान्न भंडार में एक साल से भी अधिक की जरूरत आपूर्ति के गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार है। इतना ही नहीं हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा जारी फसल वर्ष 2024-25 के लिए कृषि उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस वर्ष खाद्यान्न उत्पादन लगभग 6.5 फीसदी बढकर 35.39 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि युद्ध के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना रहा। भारत के निर्यात आदेश भी बढ़े। इस समय भारत के पास 699 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। चीन से आयात में कमी लाकर व्यापार घाटा नियंत्रित किया जाना होगा। चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढकर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं। एमएसएमई निर्यात बढ़ाते हुए आयात नियंत्रित करके आर्थिक चिंता कम कर सकते हैं। देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ-साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाई जानी होगी। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। निश्चित रूप से इजराइल-ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। किन्तु इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया

# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

**स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरूआत की गई थी।**



ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)




स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, सेहत सबसे बड़ी पूंजी है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरूआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। 2025 की थीम है ह्यमास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो। वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता। हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट,

## चीन नहीं देश सर्वोपरि है भारत माता में हूँ नतमस्तक

शंघाई सहयोग संगठन (रउड) के रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन के चिंगदाओ में 25-26 जून को आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान रउड के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकरोधी प्रयासों और रक्षा मंत्रालयों के बीच बढ़ते सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने बैठक से अलग चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिये वित्त पोषण किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद, कट्टरता और चरमपंथ के विरूद्ध एकीकृत वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। इस बैठक में भारत के कुछ मुद्दों पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण साझा दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। अतः वहाँ सब पाकिस्तान के मित्र देश थे जिससे सहमति नहीँ बनी चीन भारत का दोस्त नहीँ दुश्मन है क्योंकि वह ऑपरेशन सिंदूर मेँ खुल कर पाकिस्तान को घातक हथियार दिए और उस वजह से भारत को नुकसान भी हुआ उन भारतीय सैनिक के दिल से पूछिए की पाकिस्तान अभी भी कश्मीर मेँ आतंकवादी को भेज रहा है और इन आतंकवादी को चीन हीं हथियार भी दे रहा है इसलिए भारत को वहीँ जाना चाहिए जहाँ चीन और पाकिस्तान ना हो ये दोनों एक हीं सिक्के के दो पहलू हैं अब हस्ताक्षर ना करना भी इस बात को दशार्ता है कि आपकी नहीँ सुनी गई भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और 140 करोड़ देशवासियों " देश है और भारत किसी का गुलाम ल्लँ है कि वो सिखायेगा कि भारत को क्या करना है भारत के सैनिको मेँ जबरदस्त जोश है और किसी भी स्थिति से लड़ने को तैयार है और टेक्नोलॉजी में भी किसी देश से कम नहीं है ये ङ्क अमेरिका का बी -2 बमर है उसका डिजाइन भी भारतीय ने किया है ये अलग बात है टेक्नोलॉजी दूसरे देश को देने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया अमेरिका में जितने युद्ध के हथियार है अधिकतर को हमारे देश के वैज्ञानिक के द्वारा दि गई तकनीक है क्योंकि जो यहाँ टैलेंटेड होते हैं वो अमेरिका चले जाते हैं और भारत के लोग भी इसे बहुत अच्छा मामते है कि देखो वो अमेरिका में खुब पैसा कमा रहा है अब इस सोच से बाहर निकलना होगा क्योंकि अब जिस तरह युद्ध हो रहे हैं उसमें दूसरे देश कूद जाते हैं और अपनी दादागिरी दिखाते हैं ये बात अब इजराइल को भी समझ आ गई होगी और रूस यूक्रेन का युद्ध भी नाटो बनाम रूस हो गया और रूस का उन देशों के प्रति कहीं ना कहीं समर्थन है जिससे युद्ध जिस उद्देश्य के लिए हो रहा है वो समझ में ही नहीं आता आखिर जीता क्यों लेकिन 9/11 हमले में दो वर्ड ट्रेड सेंटर को अलकायदा ने निशाना बनाया तो अमेरिका ने उसपर एक तरह से कब्जा ही कर लिया था बाद में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन ने बापस बुलाया यही नहीं इराक उसका मजाक उड़ाया तो उसका क्या हाल हुआ वो सबको मालूम है अमेरिका ने ईरान ने इजराइल के कहने से ज्यादा वहाँ के अन्य मुस्लिम देशों ने अमेरिका को अच्छी खासी रकम दि है जिससे ट्रम्प ने बी -2 बमवर्षक विमान से ईरान के तीनो परमाणु ठीकानो को पूरी तरह बर्बाद कर दिया और अब ईरान का बम बनाने का सपना अधूरा रह गया खबर में कुछ भी बता देते हैं लेकिन उसमें हकीकत नहीं रहता अगर ईरान ने भारी मात्रा में यूरेनियम को वहाँ से हटा दिए है तो वो किस काम का है 60 प्रतिशत तक संवर्धित है और 90 परसेंट करने में कम से कम 5साल लगेंगे ये दूसरे बम जैसा नहीं है कि जब चाहे बना लिए उसमें रेडियो। परमाणु हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक संवर्धित करने की आवश्यकता है अतः ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब अमेरिका डील कर रहा अब उसे इजराइल से कोई मतलब नहीं रहा यही बात अब दूसरे देश को भी सिखने की जरुरत है यदि आपके पास अपना सामर्थ है तो युद्ध करो बरना आपस में समझौता कर लो हकीकत ये है कि भारत द डेली टेलीग्राफ और अन्य स्त्रोतों के अनुसार, चीन ने मई और जून 2020 के बीच भारतीय गश्त वाले 60 वर्ग किलोमीटर (23 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया और पाक अधिकृत काश्मीर में अपना नेटवर्क बना रहा है और चीन ने कश्मीर के करीब 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा किया है। इस हिस्से को अक्साई चिन के नाम से जाना जाता है। चीन और भारत के बीच जब 1962 में युद्ध हुआ तो उसने भारत के इस पूरे हिस्से पर अपना कब्जा कर लिया था। ये जम्मू-कश्मीर का उत्तर पूर्वी हिस्सा है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से भारत और चीन के बीच तनाव है। चीन ने केवल भारत को ही नहीं परेशान कर रहा है बल्कि तिब्बत को भी कब्जे में लिया और उनके धर्म गुरु दलाई लामा भारत में हैं और तिब्बत का यहाँ एक अस्थाई सरकार भी धर्मशाला में है जिसे तिब्बत का अस्थाई सरकार धर्मशाला में है और जिसे तिब्बत सेंट्रल एडमिन्सटर कहते हैं और ये सभी भगवान बुद्ध को मानने वाले शांति प्रिय लोग है यहाँ उनके सारे मंत्रालय भी हैं जिसमें रक्षा नहीं है क्योंकि ये भारत के हिस्से में है ये 1956 से भारत में पंडित नेहरू के कहने पर बड़ी संख्या में अपने धर्म गुरू दलाई लामा के साथ भारत आए थे जब तिब्बत ने 16 बिंदु के करार को न मान कर तिब्बत को अपने कब्जे में ले लिया जो चीन की बाहबाही करते है जरा सा अपने वीर योद्धा पर भी ध्यान दें सियाचिन का गलेशियर जो भारत को पाकिस्तान और चीन द्वारा की जाने वाली घुसपैठ को रोकने में मदद करता है।

# जिला पदाधिकारी ने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी शिक्षा विभाग अनुभव को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## एचआरएमएस के तहत डेटा मैपिंग में निर्देश के अनुरूप बेहतर कार्य करने पर मिला सम्मान

● जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवारीय बैठक सम्पन्न

**प्रात: किरण संवाददाता**

बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि एचआरएमएस कैडर मैपिंग में जिले ने 81.24 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, यह अच्छी बात है लेकिन इसे अविलंब शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि सभी अपना-अपना रेसियो देख लें और पेन्डेंसी के अनुसार शत-प्रतिशत कैडर मैपिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों की पेन्डेंसी कम है, किंतु जो भी लंबित आवेदन हैं, उसे भी त्वरित गति से निष्पादित कर दें। जिला पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में पदाधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 कार्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में जीविका दीदियों की पांच लाख से भी ज्यादा आबादी है। सीएलएफ वाइज कैडर के साथ बैठक करें और एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) की जानकारी दें। जीविका दीदियां अन्य महिलाओं एवं पुरूषों को भी विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी देंगी। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों को 2003 के मतदाता सूची से डिटेल निकालने के लिए अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराएं। जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभाग/कार्यालय से संबंधित बेहतर कार्यों एवं कार्रवाईयों से संबंधित राइट अप एवं फोटोग्राफ्स जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि मीडिया के माध्यम से आम जनमानस को अवगत कराया जा सके। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि फेसबुक लाइव हेतु निर्धारित तिथि के पूर्व संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित रोस्टरवाइज फेसबुक लाइव कराना सुनिश्चित करें। जिला परिवहन पदाधिकारी को अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों पर नियंत्रण रखने, कार्यशैली की निगरानी तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सतत समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। सोमवारिया बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी द्वारा खेल मैदान के निर्माण हेतु अनापत्ति, एल०डी०एम० द्वारा वित्तीय साक्षरता कैम्प के आयोजन,, जीविका द्वारा इंडिविजुअल फाइनैंसिंग, विद्युत विभाग द्वारा पावर उप केंद्र निर्माण हेतु अनापत्ति इत्यादि के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय हेतु अनुरोध किया गया। तदलोक में जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित विभगिय पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का धरातल ओर क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने एचआरएमएस के तहत डेटा मैपिंग में निर्देश के अनुरूप बेहतर कार्य करने पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (स्थापना) शिक्षा विभाग श्री कुमार अनुभव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



### जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान प्रवर्तन अवर निरीक्षक को दोषी पाए जाने पर निलंबन की कि अनुसंशा

### कार्यसंस्कृति में बदलाव कर स्वच्छ आचरण के साथ दायित्वों का करे निर्वहन: जिलाधिकारी



बगहा। ओवरलोड वाहन चालकों और प्रवर्तन अवर निरीक्षक के बीच अवैध वसूली को लेकर हुई मारपीट की घटना को जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से जांच कराने के बाद प्राप्त जांच के आलोक (उक्त प्रकरण) में मिले प्रतिवेदन के आलोक पर कार्यवाई करते हुए प्रवर्तन अवर निरीक्षक सत्येंद्र कुमार रजक को निलंबित करने की अनुसंशा राज्य सरकार से की है। बतादें की विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 727 मदनपुर मोड़ के पास ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे परिवहन विभाग की टीम पर वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के द्वारा अवैध वसूली के आरोप के दरम्यान मारपीट की घटना हुई थी,जिसे जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए थे।जांच के बाद मिले प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन के लिए राज्य सरकार से अनुसंशा की है। साथ ही सभी कर्मी व पदाधिकारी को कार्य संस्कृति में बदलाव लाकर स्वच्छ आचरण के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जारी किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब पार्टी करने वाला पुअनि फरार, एसएसपी ने किया निलंबित

लहलादपुर: अपने डेरा में शराब पार्टी करने वाला जनता बाजार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अरविन्द कुमार अपने मोबाइल का स्वीच ऑफ करके फरार हैं. कर्तव्यहीनता तथा बिना किसी सूचना के अपने ड्यूटी से गायब होने के कारण एसएसपी डॉ० कुमार आशीष ने पुअनि अरविन्द कुमार को निलंबित कर दिया. पुअनि अरविन्द कुमार के बारे में बताया जा रहा है कि थाना के समीप वह अपने किराये के डेरा में शनिवार की देर संध्या अपने तीन परिचितों के साथ शराब पार्टी कर रहे थे तथा नतकियों से ठुमके भी लगवा रहे थे. इसकी सूचना किसी ने वरीय पुलिस पदाधिकारी को दे दी. सूचना पाकर डीएसपी तथा थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने अपने दल-बल के साथ पुअनि अरविन्द कुमार के डेरा में छापामारी कर दिया. छापामारी की भनक लगते ही पुअनि अरविन्द कुमार और नतकियां मकान के पिछले दरवाजे से भागने में सफल रहे, मगर शराब का सेवन किये हुए उनके तीन परिचित (मेहमान) पुलिस के गिरफ्त में आ गये. पुअनि के तीनों परिचितों को मद्यनिषेध के सुसंगत धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया, मगर पुअनि अरविन्द कुमार अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं और फरार हैं. ऐसे ही भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारी के मिलीभगत के कारण बिहार में शराबबंदी नहीं हो पा रहा है. शराब निर्माता या विक्रेता को पुअनि अरविन्द कुमार अच्छी तरह जानते होंगे, तभी तो उनके डेरा तक शराब पहुंच गया. पुलिस विभाग में ऐसे ही भ्रष्ट लोगों को रहने के कारण शराब माफियाओं तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है.

### युवक का शव बरामद

जलालपुर। प्रखंड के मंगोलपुर नगर से पुलिस ने सोमवार की सुबह में एक युवक का शव बरामद किया। मृत युवक की पहचान सबैसिरत गांव के मोतीचंद राय के 38 वर्षीय पुत्र भसन राय के रूप में गई है। इधर नहर में शव मिलने की सूचना से लोगों के बीच सनसनी फैल गई। युवक की मृत्यु कैसे हुई है इसका खुलासा नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्री तथा एक पुत्री है। हालांकि उनके परिवार लोगों के बीच थाने पर लगी रही और ग्रामीणों की भी लगी रही सभी ग्रामीणों का यही कहना था या उनके परिजन वालों का कहना था कि वह पहले से ही दारू पीते थे और पी पीकर कई दिन घर से बाहर भी रहते थे अचानक परसों घर से निकले थे और आज उनकी सूचना मिली है कि बिशनपुर पंचायत के मंगोलपुर नहर के किनारे पड़े हुए हैं हालांकि लोगों का यह भी कहना था कि दारू पीकर भूत थे कल मामला प्रशासन जांच कर रही है प्रशासन और जांच में क्या निकलता है देखने वाली बात रहेगी

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 3 जुलाई तक होगा नामांकन

छपरा सदर। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में अब छात्र 3 जुलाई तक छात्र अपना नामांकन करा सकते हैं। उक्त बातों की जानकारी देते हुए जीपीयू के छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ राणा विक्रम सिंह ने बताया कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी अंगीभूत / संबद्ध महाविद्यालयों में सी०बी०सी०एस० आधारित चार वर्षीय स्नातक सत्र (2025-29), शैक्षणिक वर्ष (2025-26) में नामांकन प्रथम मेधा सूची के आधार पर 23 जून से 30 जून तक निर्धारित की गई थी जिसे छात्रहित में 03 जुलाई तक विस्तारित किया जाता है। 03 जुलाई को 4:30 बजे अपराह्न के बाद उक्त सूची में चयनित विद्यार्थियों का नामांकन हेतु अवसर समाप्त हो जायेगा। डॉ सिंह ने कहा कि जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के निर्देश पर छात्र हित में नामांकन की तिथि को विस्तारित किया गया है।

## हादसों के सड़क मार्ग पर फिर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत,शव को पुलिस ने कब्जे में लिया



**प्रात: किरण संवाददाता**

बगहा। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग के नौरंगिया स्थित हरदियाचांती के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। नौरंगिया थाना थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि राहगीरों द्वारा दी गई सूचना पर जब घटनास्थल पर पहुंचा तो बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। बाइक का वाइजर और हेडलाइट बुरी तरह से टूटा हुआ है,शायद किसी वाहन के ठोकर लगने के कारण दुर्घटना हुई है।मृतक की पहचान भेरियारी के रहुआ टोला निवासी 30 वर्षीय मनोज मुसहर के रूप में हुई है। घटना रविवार करीब 8 बजे रात की बताई जा रही है।शव को कब्जे में लेकर बगहा अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। बतातें चलें कि बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग हादसों के सड़क मार्ग के रूप में ख्यातिप्राप्त करते जा रही है।इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसलिए वाहन चालक सड़क मार्ग पर लगे यातायात कॉशन को फॉलो करें साथ ही इस मार्ग पर सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं।

## वन गश्ती टीम का सामना नेपाली अंतर्राष्ट्रीय तस्करों से,तस्कर फरार,खैरा का 15 गुल्ली नाव समेत बरामद

**प्रात: किरण संवाददाता**



बगहा। विवादित सुस्ता के समीप वीटीआर एम 28 के जंगलों में अंतर्राष्ट्रीय नेपाली वन तस्करों का सामना वन गश्ती के दौरान हो गई।वनकर्मियों ने 20 से 25 की संख्या में नेपाली अंतर्राष्ट्रीय वन तस्करों को खदेड़ा।इससे घबराकर तस्कर गंडक नदी में छलांग लगाकर फरार हो गए।ये तस्कर जंगल मे खैर के पेड़ों का पातन कर ठेले गाड़ी से ढोकर नदी किनारे नाव पर लादकर नेपाल ले जाने के फिराक में थे। रेन्जर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि नेपाली तस्कर गंडक नदी को पार कर वाल्मीकि ब्याग्र की जंगल एम 28 में घुसकर खैर की बेशकीमती लकड़ी काटकर नाव के सहारे नेपाल ले जाने की फिराक में थे। पांच की संख्या में गश्ती कर रहे वनकर्मियों को जंगल मे कटर मशीन चलने की आवाज सुनाई दी, तो उस तरफ वनकर्मी गए। 20 से 25 की संख्या में नेपाली वन तस्कर ठेले गाड़ी से पातन किए हुए लकड़ी की गुल्ली नाव पर लाद रहे थे।भनक लगते ही नेपाली वन तस्कर गंडक नदी के धारा में कूदकर भाग निकले।रेंजर श्रीनिवासन ने आगे बताया कि घटनास्थल से ठेला गाड़ी,कटर मशीन,एक नाव (मोटरबोट) और भारी मात्रा में पातन किए गए खैर की गुल्ली बरामद किए गए है। बतादें की वीटीआर का एम 28 कक्ष विवादित सुस्ता से सटे हुए है और यह एरिया धनाहिया रेता नाम से मसहूर है। बतातें चलें कि वीटीआर जंगल में बेंत, सागौन, खैर, गमहार,पानन,सखुआ,चांप,शीशम समेत गेंडा,भालू,बाघ,तेंदुआ,हिरण आदि जानवर बहुतायत पाए जाते है। जिसपर घरेलू और नेपाली अंतर्राष्ट्रीय तस्करों की नजर बनी रहती है।

## किराये के खातों में साइबर ठगी की रकम, एक आरोपी गिरफ्तार

### पढ़ाई में मदद के नाम पर बैंक खाता से होती थी साइबर ठगी

**प्रात: किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस ने छात्रों से बैंक खाता खुलवाने वाले साइबर ठगों का पदार्फाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने एक छात्र से बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सारण साइबर थाना को पीड़ित परिवार द्वारा एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें पीड़िता द्वारा बताया गया कि सारण जिले की नयागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी मनोज सिंह का पुत्र अमित कुमार ने मेरे पुत्र को पढ़ाई लिखाई में मदद करने की बात बोलकर मेरे पुत्र के नाम से एक बैंक खाता खुलवाकर उस बैंक खाता से साइबर ठगी, धोखाधड़ी की जा रही है। इस संबंध में पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध साइबर थाना कांड संख्या 75/25, धारा 318 (4)/319(2)/351(4) बी एन एस एवं 66 (सी)/66(डी) आइटी एक्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई। छानबीन के दौरान पुलिस ने प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त अमित कुमार को बारी मशक्कत से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान साइबर ठगी कांड में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक मोबाईल भी जप्त किया है। जप्त मोबाईल से कई राज खुलने के आसार है।

## हल्की बारिश, हवा में प्रखंड क्षेत्र की बिजली हो जाती है गुल

● सरकार व बिजली विभाग के लापरवाही का शिकार उपभोक्ता

● ट्रिप का बहाना बता घंटों बंद रहती है बिजली

**प्रात: किरण संवाददाता**



नगरा सारण। नगरा प्रखंड मुख्यालय में हल्की बारिश एवं हवाओं में भी बिजली गुल होना मानो स्थायी समस्या बन गई है। बिजली विभाग सुधार की बात कहकर सप्लाई व्यवस्था को बेहतर करने की बात तो करता है, लेकिन वास्तव में समस्या दिनों दिन और गहराता जा रहा है। प्रखंड के नगरा, कादीपुर, नवीगंज, बन्नी, अरवा, काटेशर, रसूलपुर, धोबवल, खैरा सहित ग्रामीण इलाके में हल्की आंधी बारिश के बाद ही घंटों तथा कभी कभी रात भर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। पॉवर सब स्टेशन में आई छोटी-मोटी गड़बड़ी पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ही समस्या बड़ी होती जाती है। बरसात के दिनों में होनेवाली छोटी-मोटी खराबी भी ठीक नहीं हो पाती है। लगातार फॉल्ट, जंफर कटने, तार सटने, शॉर्ट लगने की समस्या बनी रहती है। 11 केवी तार, 33 हजार वोल्ट का तार पर कई जगह बांस, बबूल, आम एवं अन्य पेड़ की डाली सटा रहता है। इसके कारण हल्की बारिश में भी फॉल्ट लग जाता है। यह समस्या पुरानी है लेकिन इसका स्थाई निदान आज तक नहीं हो सका है। रविवार को दिन में हुई बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर स्थानों की बिजली घंटों बंद कर दी गई, और कई ग्रामीण इलाके में मोबाईल फ्लैस लाइट की तरह बिलजी आती जाती रही। बारिश से लोग घर से निकल नहीं पाते हैं, ऐसे में बिजली नहीं रहने पर लोगों की परेशानी बढ़ गई है। विभाग के अधिकारियों के पास इससे जुड़े जवाब नहीं मिलता है। ग्रामीण अरमान अली, उमेश कुमार, दीपक कुमार, इमरान, संतोष कुमार, आरती देवी, अमरावती कुंवर, शहजाद आलम, रवि कुमार, अलिशेर आलम, अमन, एजाज, तमन्ना आलम, रफी आलम, रूपेश कुमार, चंदन कुमार आदि ने बताया कि हल्की बारिश में भी दिन भर के लिए काट दी जाती है बिजली, जिससे लोगों को काफी झेलनी पड़ती है मुसीबत। बरसात एवं गर्मी के दिनों में बिजली विभाग पूरी तरह मनमानी पर उतर जाती है। हल्की बारिश हुई कि दिनभर के लिए बिजली काट दी जाती है। नगरा प्रखंड के कादीपुर पंचायत में बिजली की सप्लाई छीतरौली पावरग्रिड से दी जाती है। जिस रास्ते कई जगहों पर पेड़ पौधे एवं बांस के नजदीक से होकर ग्यारह हजार वोल्ट तार गुजरती है। जिसके कारण हल्की बारिश व हवा में भी तार टूटकर, पोल गिरकर या पेड़ गिरकर तार क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिसे मरम्मत के नाम पर विभाग कई घंटों का समय गंवा देती है। कभी कभी जब ट्रांसफार्मर में खराबी आती है तो लाइनमैन को कई घंटों खुशामद करने के बाद वे अपने संपर्क के किसी निजी मिस्त्री को भेजकर ठीक कराते हैं। गांव वालों से उसके एवज में मजदूरी के नाम पर राशि की वसूली की जाती हैं। जबकि इन लाइनमैन को सरकार द्वारा यह सब करने के लिए वेतन देती है। उपभोक्ताओं के द्वारा कई बार बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस बात की सूचना दी गयी। लेकिन इस समस्याओं का कोई भी शुद्ध लेने वाला नहीं है। बस चुनाव के समय नेताओं के द्वारा बारे बारे वादे किए जाते है जितने के बाद सब अपना अपना रोटी सेकने में लग जाते है। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई ओबैदुल्लाह ने बताया कि बरसात के दिनों में पेड़ की टहनी, बांस आदि तार पर गिर जाता है तथा इंसुलेटर गर्म रहने के बाद उस पर पानी पड़ने से क्रेक हो जाता है। इस कारण बिजली ट्रिप हो जाती है। इन सभी समस्याओं को विभाग द्वारा जल्द ही सुचारू कर लिया जाएगा।

## जिले में हाथीपांव के चिन्हित मरीजों को मिलेगा एमएमडीपी कीट, राज्य में 1,58,644 मरीज चिन्हित

छपरा। बिहार सरकार फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों की देखभाल को लेकर अब और अधिक सख्त और सजग हो गई है। जिले में चिन्हित सभी फाइलेरिया मरीजों को शत-प्रतिशत एमएमडीपी किट (MMDP Kit) उपलब्ध कराई जाएगी। इसको लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. श्यामा राय ने सभी जिलों के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राज्य के सभी 38 जिले फाइलेरिया प्रभावित घोषित हैं, जहां वर्तमान में 1,58,644 हाथीपांव मरीज चिन्हित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि इन सभी मरीजों को साल में एक बार एमएमडीपी किट निःशुल्क मुहैया कराई जाए, जिससे वे अपने प्रभावित अंगों की नियमित देखभाल कर सकें और जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके। क्या होती है एमएमडीपी किट? एमएमडीपी किट में फाइलेरिया मरीजों के लिए जरूरी सामग्री दी जाती है, जिससे वे अपने सूजनग्रस्त अंगों की सफाई, देखभाल और संक्रमण से बचाव कर सकें। इसमें साबुन, एंटीसेप्टिक, साफ तौलिया, दस्ताने, बैंडेज, फुटवेयर आदि शामिल होते हैं। डॉ. श्यामा राय ने स्पष्ट किया है कि जिन जिलों में फिलहाल किट उपलब्ध नहीं है, वहां के अधिकारियों को पीपल्स लेप्रा फाउंडेशन से तत्काल खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि सभी लाइन लिस्टेड फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट ससमय दी जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के जरिए किट वितरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक जिले में इस अभियान की सतत निगरानी की जाए और रिपोर्ट राज्य स्तर पर साझा की जाए। दो वर्षों से हो रहा वितरण वर्ष 2023-24 में राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के आदेश के बाद राज्य में कार्यरत लेप्रा सोसाइटी की उपशाखा पीपल्स लेप्रा फाउंडेशन को किट आपूर्ति का जिम्मा सौंपा गया। पिछले दो वर्षों से सभी जिलों को यहीं से किट की खरीद कर वितरण किया जा रहा है। राज्य स्तर की टीम क्षेत्र में निरंतर भ्रमण और औचक निरीक्षण करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी मरीजों को किट ससमय प्राप्त हुई है या नहीं। इसकी रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (फाइलेरिया) और कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को भेजी जाएगी। सभी चिन्हित अन्य मरीजों को भी शीघ्र ही एमएमडीपी किट प्रदान की जाएगीः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कीट का वितरण शुरू कर दिया गया है। सारण जिले के सभी चिन्हित अन्य मरीजों को भी शीघ्र ही एमएमडीपी किट प्रदान की जाएगी। यह प्रयास हाथीपांव के लक्षणों को बढ़ने से रोकने और मरीजों को सामान्य जीवन देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। फाइलेरिया से जुड़ी इस पहल के जरिए बिहार स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर गंभीर बीमारियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध कर रहा है। एमएमडीपी किट का यह वितरण अभियान न केवल मरीजों को राहत देगा, बल्कि फाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में भी एक ठोस कदम है।

## मुख्य नालों में कचरा डालने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई: गरिमा

### महापौर ने मुख्य नालों की जारी बरसात पूर्व मैनुअल सफाई कार्य का किया निरीक्षण



● नगर निगम क्षेत्र के मुख्य नालों की सफाई अभियान की रफ्तार को तेज करने का दिया निर्देश

**प्रात: किरण संवाददाता**

बेतिया।महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में व्यवस्थित जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए, मुख्य नालों की तल से और गुणवत्तापूर्ण सफाई का होना बेहद जरूरी है। ऐसा होने से ही नालों से जल निकासी का प्रवाह सुचारू रहेगा। मुख्य नालों की मैनुअल सफाई की रफ्तार और गुणवत्ता सही नहीं लगने पर महापौर श्रीमती सिकारिया चिंता व्यक्त की। मौके पर मौजूद सफाई निरीक्षक मोहम्मद तबरेज ने बताया कि मुख्य नालों में कचरा डालने से मैनुअल सफाई का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। तब महापौर ने कहा कि वार्ड जमादारों के माध्यम से नालों में कूड़ा कचरा डालने वालों को चिन्हित कर के उन पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। क्योंकि नगर निगम क्षेत्र के नालों में कचरा जमा होने से रोकना भी बहुत आवश्यक है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि विशेष रूप से बरसात के मौसम में जल निकासी एक महत्वपूर्ण समस्या बन जाती है। नालों में कचरा जमा होने से पानी का प्रवाह बाधित होता है,जिससे सड़कों पर पानी जमा हो जाने से असहज स्थिति का खतरा रहता है। इसलिए, नियमित रूप से नालों की सफाई करना आवश्यक है। ताकि, पानी का प्रवाह सुचारू रूप से बना रहे।

## शहर वासियों को जल -जमाव की समस्या से बचाने की कवायद में जुटी नगर निगम

### विधायक के साथ महापौर व नगर आयुक्त ने चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा- निर्देश

**प्रात: किरण संवाददाता**



छपरा। बरसात में जल -जमाव की समस्या को लेकर नगर आयुक्त एवं महापौर एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं, महापौर एवं नगर आयुक्त नगर निगम टीम के साथ लगातार खनुआ नाला सहित पानी निकासी पॉइंट का भ्रमण कर रहे हैं। ताकि बारिश होने पर जल-जमाव की स्थिति समान्य रहे,और शहर वासियों को अधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में छपरा सदर के विधायक डॉ सी. एन. गुप्ता, महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं नगर निगम के नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा शहर के कई नालों का निरीक्षण किया गया। नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से शिल्पी पोखरा मे चल रहे कार्य का औचक निरीक्षण किया गया।इसके बाद जल-जमाव वाले क्षेत्र नेहरू चौक का भी निरीक्षण कर तत्काल म पाइप लगाकर जल की निकासी करने हेतु सफाई एजेंसी को निर्देश दिया गया कइसके अलावा भुतहा ढाला नंबर 42 पर इंद्रपुरी नगर मुहल्ला वासी के जल-जमाव के लिए 42 नंबर ढाला के नीचे से ह्युम पाइप लगाकर जल की निकासी कराने हेतु तत्काल आदेश दिया गया क बता दें नगर निगम बरसात के पूर्व से ही जल -जमाव की समस्या को लेकर गंभीर है, और इस दिशा में लगातार कार्य भी हो रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा तैयारी तो पूरी की जा रही है। ताकि बरसात में जल -जमाव की उत्पन्न समस्याओं से आम जनता को परेशानी ना हो। हालांकि बरसात के इस मौसम में फिलहाल अभी भारी बारिश नहीं हो पाया है, लेकिन भारी बारिश होने पर ही नगर निगम की तैयारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। शहर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण में नगर आयुक्त, सुनील कुमार पाण्डेय, महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता सहित सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल, सहायक अभियंता शिखा पाण्डेय,स्वच्छता पदाधिकारी संजीव मिश्रा, सुमित कुमार, वार्ड 34 के पार्षद प्रतिनिधि संतोष शर्मा आदि शामिल थे।

## डीएम ने उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में कालाबाजारी पर अंकुश लगाने पर दिया जोर



छपरा। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा सोमवार को अध्यक्ष जिला परिषद की उपस्थिति में समाहरणालय सभागार में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई,तथा उर्वरक की कालाबाजारी की पूर्ण रोकथाम एवं उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों को संबंधित विक्रेताओं को चिन्हित करते हुए नियमित रूप से छापेमारी कार्य करने का निदेश दिया गया। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी को जिला हेल्प डेस्क का नंबर 06152- 248042 का अधिक से अधिक प्रचार करने का निर्देश दिया गया। ताकि किसान उर्वरक के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत हेतु उक्त हेल्प डेस्क नंबर पर फोन कर सकें तथा उसपर त्वरित रूप से कार्रवाई की जा सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को ले जिलाधिकारी ने संभाला मोर्चा अभियान की प्रगति की ले रहे हैं लगातार जानकारी



छपरा। बिहार में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य राज्य भर में तीव्र गति से चल रहा है। यह प्रक्रिया 25 जून 2025 से प्रारंभ हुई है, जिसके अंतर्गत मतदान केंद्र पदाधिकारी द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत मतदान केंद्र पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें घर-घर जाकर सत्यापन और गणना फॉर्म के वितरण-संकलन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मतदाताओं तक गणना प्रपत्र को सुलभता से उपलब्ध कराने हेतु तथा निर्वाचन मशीनरी को पूर्ण मनोयोग और मनोबल के साथ इस कार्य में समर्पित बनाए रखने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी स्वयं फील्ड भ्रमण कर रहे हैं। वे मतदान केंद्र पदाधिकारियों के साथ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर रहे हैं एवं उनके कार्यों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की निगरानी भी कर रहे हैं। इस अभियान में राजनीतिक दल सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। बिहार में वर्तमान 7,89,69,844 मतदाताओं में से लगभग 4.96 करोड़ मतदाताओं के नाम पहले से दिनांक 01.01.2003 की अंतिम गहन पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे मतदाताओं को केवल अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करनी है और गणना प्रपत्र भरकर जमा करना है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी मतदाता के माता या पिता में से कोई एक व्यक्ति 01.01.2003 तक मतदाता सूची में शामिल रहा है, तो ऐसे व्यक्ति को इस विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान नामांकन के लिए उनसे संबंधित किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, चाहे उस व्यक्ति की जन्मतिथि कुछ भी हो। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की नियमित गतिविधियों को देखने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम हैंडल को फॉलो किया जा सकता है। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स में भी सभी अपडेट जा रहे हैं। कार्य को गति देने हेतु सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय स्तर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं, विकास मित्रों, जीविका दीदियों, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र आदि के स्वयंसेवकों की सहायता लें। ये स्वयंसेवक न केवल मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता करेंगे, बल्कि मतदान केंद्र पदाधिकारियों को वितरण व संग्रहण कार्य में भी सहयोग प्रदान करेंगे।

# जिलाधिकारी भोजपुर के आदेश पर जल-जीवन-हरियाली अभियान, की समीक्षा की गई

## अच्छे कार्यो के लिए वीडियो सूट की जायेगी:डीसी

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। जिला अधिकारी भोजपुर , के निर्देश अनुसार जल-जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षा बैठक की गई ।इस बैठक में निर्देशक डीआरडीए ,निर्देशक एन ई पी,प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा ,जिला सूचना सम्पर्क पदाधिकारी भोजपुर,कृषि पदाधिकारी भोजपुर ,जिला परियोजना पदाधिकार जिला गंगा समिति भोजपुर,नोडल जल जीवन हरियाली ,यंग प्रोफेशनल जल जीवन हरियाली अभियान और अन्य विभागों के अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे । इस बैठक में मुख्य रूप से जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 का विभागवार लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि एवं शेष योजनाओं से संबंधित समीक्षा किया गया ।जल शक्ति अभियानः कैच द रेन (जल संचय जान भागीदारी 2.0) खरअ : उळफ (खरखइ 2.0) के पोर्टल पर जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत किये गए अवयववार जल संचयन संरचनाओं के कार्यों की दैनिक प्रविष्टि (1 अप्रैल 2025-31 मई 2026) तक किए जाना है जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित सभी संरचनाएं सुनियोजित, एकीकृत होनी चाहिए तथा उनकी उपयोगिता जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए इसके लिए प्रयास यह सुनिश्चित करने चाहिए कि क्षेत्र स्तर पर ठोस और टिकाऊ प्रभाव हो।प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को संबंधित विभाग द्वारा जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन जिला/प्रखंड/पंचायत स्तर पर व्यापक पहुंच और दृश्यता के साथ किया जाना चाहिए।सूचना एवं जन संपर्क विभाग के द्वारा सूचना दी गई है कि उनके विभाग द्वारा जल जीवन-हरियाली अभियान के अवयव, कार्यों एवं उपलब्धि पर वीडियो फिल्म बनाई जा रही है, जिसके लिए ज़िलों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों का वीडियो सूट की जायेगी। अपने जिला में अभियान के अच्छे कार्यों का विवरण एवं उनका साइट सलेक्ट कर खखल्र इँङ्मस्त्र४१ हँ३रंस्त्रस्त्र ग्रुप में अगले 3 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभाग शेयर करेंगे। प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से खखल्ट गतिविधियों का नियमित प्रचार सुनिश्चित करेंगे ।

# बूथ जीतो कार्यक्रम पर जदयू ने दिया बल



प्रातः किरण संवाददाता

करपी। प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्रमबद्ध बैठकों का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें कुर्था विधानसभा अंतर्गत नदौरा पंचायत में सभी बूथ एवं खेमकरण सराय के सभी बूथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश ने की जबकि बूथ जीतो, चुनाव जीतो कार्यक्रम के अभियान का नेतृत्व विधानसभा प्रभारी शत्रुघ्न पासवान ने किया।

इस मौके पर जदयू के मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष सह जदयू के वरिष्ठ नेता यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं बूथ स्तर तक पहुंचनी चाहिए जिसको लेकर बूथ स्तर पर सभी लोगों के साथ बैठक किया जा रहा है ।

हमारे मुख्यमंत्री वृद्ध महिलाओं के लिए वृद्धा पेंशन जो 400 थे उसे बढ़ाकर 1100 कर दिए हैं आज महिलाओं के लिए जीविका दीदी के द्वारा सभी महिलाओं का सम्मान मिल रहा है हाल ही में मुख्यमंत्री के द्वारा बिहार पुलिस के सभी बिहार पुलिस अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र बांटने का काम किए हैं विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जो नॉबी फेल है वह चले हैं बिहार को सुधारने पहले अपना परिवार को सुधारे उसके बाद चलें बिहार को सुधार ने आज के युवा सब जाग चुका है सबको पता है किसके शासनकाल में काल मे शांति महसूस कर रहे हैं और किसके शासनकाल में लोग रात को चलने के लिए डरते थे ।

आज देख लीजिए बिहार में इतनी सड़क ,हाईवे की निर्माण हो गई है कि घंटे की कम मिनट में हो रही है इस मौके पर जदयू के कई कार्य करता उपस्थित थे।

### स्नातक 2024 - 28 के सेकेंड सेमेस्टर का परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण हुआ सम्पन्न

शेरघाटी/आमस प्रखंड अंतर्गत डॉ.जाकिर हुसैन ईवनिंग कॉलेज शेरघाटी में स्नातक 2024 - 28 के सेकेंड सेमेस्टर का परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.जाकिर हुसैन ने बताया कि परीक्षा 24 अप्रैल से शुरू हुआ था जो सोमवार तक चला। कदाचार मुक्त परिक्षा सम्पन्न कराने हेतु दंडाधिकारी राहुल कुमार और पुलिस सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया था जिनके देखरेख में परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ।कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि कला संकाय एवं विज्ञान संकाय में 1612 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। उन्होंने बताया कि दोनों संकाय की परीक्षा में कुल 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने चौपाल लगा सैकड़ो महिलाओं को माई-बहिन योजना का रजिस्ट्रेशन किया

मशरक । मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीण के साथ चौपाल लगा रही है। अरना पंचायत के वार्ड नंबर- 2में गढ देवी स्थान परिसर में आयोजित कांग्रेस की सभा में उमड़ी भीर में सबसे ज्यादा महिलाओं की भीड़ थी। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित सभा में सैकड़ो महिलाओं को माई-बहिन योजना के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया।

इसके बाद बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सेराज अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बलिदान देकर देश सेवा में जीवन त्याग कर दिया है। माई बहिन योजना से सभी माई बहनों को जोड़ना व महंगाई, बेरोजगारी से परेशान जनता को निजात दिलाना चाहती है।

# टाउन उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। शहर के ऐतिहासिक टाउन उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद सदस्य माननीय श्री जीवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अहसन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) श्री रमेश कुमार पाल और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) श्री चंदन प्रभाकर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और बुके देकर विद्यालय परिवार ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक आनंद किशोर सिंह ने की, जबकि मंच संचालन डॉ प्रबोध कुमार मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सैयद रफत इमाम ने किया। श्रीमती वीणा कुमारी ने सम्मान-पत्र का वाचन किया।इस अवसर पर एमएलसी जीवन कुमार ने प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया है। वे एक स्वच्छ छवि की कुशल प्रशासक रही हैं। विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनके जाने से विद्यालय परिवार को एक अनुभवी मार्गदर्शक की कमी खलेगी।अपने विदाई समारोह पर भावुक प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी ने कहा कि यह क्षण उनके लिए खुशी और गम दोनों लेकर आया है। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रेरित करती रहीं और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहने की कोशिश करेंगी।जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अहसन ने कहा कि उमा जी के नेतृत्व में इस विद्यालय में अतिशय उन्नति की है और इनका कार्यकाल हमेशा यादगार रहेगा। यह एक विख्यात विद्यालय रहा है जिसका गौरवशाली इतिहास रहा है ।समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने उमा कुमारी को सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक श्री राजीव पासवान, इसरार अहमद, ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी , आशीष उपाध्याय आदि को मुख्य भूमिका रही ।

# शिव गोविंद सिंह उर्फ मलिक जी की पुण्यतिथि पर स्मृति सभा व साधु संत समागम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आज आरा के अनाईठ स्थित डॉक्टर्स हाउस में शिव गोविंद सिंह उर्फ मलिक जी की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावपूर्ण स्मृति सभा तथा साधु-संत समागम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन शिव एजुकेशन ट्रस्ट व जनमित्र, आरा द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, परिजनों, गणमान्य व्यक्तियों और अनेक संत-महात्माओं ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की श्रद्धांजलि पुष्पांजलि से हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने स्व. सिंह जी के जीवन, उनके योगदान और सामाजिक सरोकारों को याद किया। उनके सरल स्वभाव और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को प्रेरणा का स्त्रोत बताया। यप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिससे उपस्थित लोगों को ऊर्जा और संतुलन की अनुभूति हुई।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया ।शिव एजुकेशन ट्रस्ट के श्रीमति प्रेम शिला देवी एवं जनमित्र के अध्यक्ष मनोज कुमार ह्लझमनह्न द्वारा आगत सभी लोगों का स्वागत अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. शशि कुमार, डॉ. वंदना शेखर डॉ. मनी, शशि यादव, आशिष श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, कुमार रविंद्र, अमोद कुमार, अरविंद श्रीवास्तव, पुतुल शर्मा, रंजीत कुमार, बैजनाथ सिंह व अन्य उपस्थित लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# बीएलओ घर घर प्रपत्र प्रारूप बांट रहे हैं, प्रमाण पत्र देना जरूरी



प्रात : किरण संवाददाता

उदवंतनगर । मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में विहित गणना प्रपत्र प्रारूप वितरण का कार्य शुरू हो गया है। प्रारूप वितरण के लिए बीएलओ घर-घर जा रहे हैं और मतदाताओं के बीच वितरण शुरू कर दिए हैं। मतदाताओं को आवश्यक कागजात के लिए दो दिनों का समय दिया जा रहा है ।दो दिनों के बाद फार्म भर लौटाना होगा। प्रारूप के साथ क्यू आर कोड जेनरेट होगा जिससे दोहरी प्रविष्ट,मृत वोटर,दो विधानसभाओं में नाम आदि की गुंजाइश नहीं बचेगी। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के तहत 26 जुलाई तक आवेदन की अंतिम तिथि होगी।

प्रखण्ड क्षेत्र में कुल 129 मतदान केंद्र है जिसमें 1-64 तथा 101-129 मतदान केंद्र पर प्रारूप वितरण शुरू हो गया है ।जबकि मतदान केंद्र सं 65 -100 तक का प्रारूप प्रपत्र जिला से अप्राप्त होने के कारण वितरण कार्य शुरू नहीं हो सका। मतदाताओं को प्रपत्र को स्व अभिप्रमाणित करना अनिवार्य होगा।

# देखते-देखते खुद कहानी में शामिल होना: हितेश भारद्वाज की आहट से आमी डाकिनी तक की यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का नया शो आमी डाकिनी अपनी रोमांचक कहानी और अप्रत्याशित मोड़ों के कारण पहले ही दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो चैनल की गूढ़ और रोमांचकारी कहानियों की वापसी का प्रतीक है – बिल्कुल वैसी ही रहस्यमयी अनुभूति जो एक समय पर उनके प्रतिष्ठित शो आहट की पहचान थी। इस शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका में, शीन दास डाकिनी के रूप में और राची शर्मा एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं।

अपने उत्साह को साझा करते हुए हितेश भारद्वाज कहते हैं, आहट बचपन की एक आदत थी। उसकी खामोशी और अचानक आने वाली सिहरन में कुछ ऐसा था जो मुझे अपनी ओर खींचता था। डर लगता था, लेकिन देखना बंद नहीं कर सकता था। वे यह भी कहते हैं कि, मुझे याद है कि मैं इसे अपने कजिन्स के साथ देखता था – हम सब एक कंबल के नीचे दुबककर बहादुरी का दिखावा करते, लेकिन हर छोटी आवाज पर चौंक जाते थे।

वो यादें आज भी ताजा हैं। वे आगे कहते हैं, अब उस दुनिया का हिस्सा बनना, जिसमें वही रहस्य और ऊर्जा हो, एक सपना सच होने जैसा है। मैं उस बच्चे से, जो सोफे पर बैठकर डरते हुए शो देखता था, अब उस शो का हिस्सा बन गया हूं। यह सिर्फ एक भूमिका नहीं है—यह मेरे लिए व्यक्तिगत है। मेरा किरदार आयान एक गहराई भरा इंसान है, जो तर्क और भावना, लॉजिक और विश्वास के बीच फंसा हुआ है। उसे निभाना मतलब उन डरावने पहलुओं से जूझना, जो दिखते नहीं—जैसे भावनात्मक डर, अंदरूनी संघर्ष। और यही उसे असल बनाता है।

देखिए आमी डाकिनी, सोमवार से शुक्रवार रात 8:00 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर।

# समर कैंप के समापन पर बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा




आरा-ठ.अ.उ कंपनी के द्वारा समर कैंप के फेयरवेल पर संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने अपने-अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया. नृत्य ,पेंटिंग, फैशन शो, सिंगिंग का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा सराहनीय रहा. सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का आरंभ किया गया. कार्यक्रम में मौजूद अतिथि के रूप में उपमेयर प्रतिनिधि सरोज सिंह, अजय कुमार, अमित राज मौजूद थे. संस्था के डायरेक्टर अमरेंद्र नाथ राय मनसंचालक मनीष वर्मा और नित्य प्रशिक्षक पिंकू विकास आदि लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया.

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अभियान में तेजी , जिले भर में बीएलओ ने घर-घर पहुंचाकर बांटे गणना प्रपत्र



आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग करते हुए निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। साथ ही, उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे बीएलओ के साथ सहयोग करें और समय पर सही तरीके से अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, ताकि निर्वाचक सूची में उनका नाम सुनिश्चित किया जा सके।

# मुहर्रम को लेकर रसीदपुर गांव में हुई शांति समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



तरैया। प्रखंड के पचौड़र पंचायत के रसीदपुर गांव में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।पूर्व जिला पार्षद डॉ. अब्दुल्ला खां के आवास पर शांति समिति की बैठक में तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, सीओ पंकज कुमार सिंह एवं शांति एकता समिति रसीदपुर के सदस्य सहित ग्रामीण शामिल हुए।शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता रसीदपुर शांति एकता समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने किया।शांति समिति की बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों से थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने मुहर्रम पर्व व ताजिया का जुलूस शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम की जुलूस के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है तथा लाइसेंस व रूट चार्ट के अनुसार ही ताजिया के साथ जुलूस लेकर चलना होगा। शांति समिति की बैठक में शांति एकता समिति के संयोजक नरेश कुमार,डॉ.अब्दुल्ला खां,पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, विपिन सिंह, सुरेन्द्र सिंह,वीरेन्द्र मांझी, मुन्ना मियां, रियाजुद्दीन अंसारी,पृथ्वी सिंह,कमला साह, मोहमद साह, सलाउद्दीन अंसारी,नंदलाल सिंह, राजकुमार राम,लालबाबू महतो, इकबाल अली,कैसर अली सहित अन्य शामिल थे।

# कृष्णा मोहन मंडल हुए सेवा निवृत्त



शेरघाटी। थाना परिसर में सोमवार को इसी कृष्णा मोहन मंडल के सेवानिवृत होने पर उन्हें दी गई विदाई थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने अपने अभी भाषण के दौरान कहा कि कृष्ण मोहन मंडल अपने कार्य के प्रति जागरूक रहते थे और कार्य को बिल्कुल ईमानदारी पूर्वक करते थे ।उनके कार्य करने की कार्य शैली काफी बेहतर था, शांत स्वभाव और मृदुल विचार व्यक्ति हैं। और लोगों के दिल में बैठकर काम करते थे । उन्हें किसी भी प्रकार की कोई काम करने में हिचकाये नही। और किसी काम को आसानी के करते रहे। उन्होंने कहा कि कामना करते है,डॉक्टर दौरान सी अरविंद कुमार शिवम कुमार,भारत यादव, विजय सिंह, रितेश कुमार, शिवकुमार शाह पंकज कुमार, पूजा कुमारी, रागिनी कुमारी के अलावे शहर के कई गण्यमान्य लोग भी शामिल थे।

### जिला पुलिस के विशेष अभियान में 71 गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। एसएसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा रविवार को जिले के सभी थाना में विशेष अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बताया गया कि रविवार को जिले में कुल 71 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी 191 वारंट, 184 सम्मन, 69 कुर्की एवं 33 इश्तेहार का निष्पादन किया गया है। जिसमें विभिन्न कांडों के 30 वारंट सहित अन्य मामले में 41 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए विभिन्न थानों से कुल 114.62 लीटर देशी व विदेशी शराब जप्त किया गया है। मद्य निषेध कांड में 28 लोगों को गिरफ्तारी किया गया। जिसमें शराब सेवन करते हुए 17 और शराब कारोबार करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कियाहै। एस एसपी आशीष ने बताया कि हत्या में संलिप्त 11, वारंट में 30, लुट में एक एवं आईटी एक्ट कांड में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है। जबकि यातायात सुरक्षा के दौरान वाहन जांच में 148 वाहनों से दो लाख 25 हजार रुपए की वसूली की गयी है।

# डॉक्टर्स डे स्पेशल : बचपन की तंगी को ताक पर रख रच दिया इतिहास, सरकारी नौकरी छोड़कर गरीब मरीजों की सेवा के लिए लौटे गांव

- बोरे पर बैठकर की पढ़ाई, डॉक्टर बन कर रहें सेवा
- 18 वर्षों से सिर्फ 100 रुपये में कर रहे है इलाज
- डॉ. अनिल कुमार ने संघर्ष से डॉक्टर बनने तक का सफर तय किया

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। कभी बोरे पर बैठकर पढ़ाई करने वाले एक साधारण ग्रामीण बालक आज जिले के प्रसिद्ध चिकित्सकों में गिने जाते हैं। हम बात कर रहे हैं जलालपुर प्रखंड के अनवल देवरिया गांव निवासी डॉ. अनिल कुमार की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी मेहनत और लगन से डॉक्टर बनने का सपना साकार किया और अब अपने ही क्षेत्र में लोगों की सेवा में समर्पित हैं।

डॉ. अनिल कुमार की शिक्षा की शुरूआत गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय से हुई। यह वह समय था जब स्कूल में महज दो कमरे थे और छात्रों की संख्या सैकड़ों में। कमरे कम थे, तो मास्टर साहब मिट्टी पर लकीर खींचकर कक्षाओं का विभाजन करते थे। पढ़ाई बांसवाड़ी में होती थी, बच्चे बोरा और झोला लेकर आते थे—झोले में किताबें और बोरे पर बैठकर पढ़ाई। डॉ. अनिल बताते हैं, मैं भी उन्हीं बच्चों में था, जो बोरे पर बैठकर अपने सपनों की नींव रख रहे थे।

आगे चलकर कोपा हाई स्कूल में दाखिला मिला, जहां पहली बार बेंच पर बैठने का अनुभव हुआ। वह क्षण आज भी उनके लिए बेहद भावुक कर देने वाला है। ऐसा लगा जैसे हवाई जहाज में बैठ गया हूं, वे कहते हैं।

गरीबी ने कदम-कदम पर चुनौतियाँ दीं। पिता की मामूली नौकरी में घर चलाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। छपरा कॉलेज तक की पढ़ाई पैदल या सवारी लेकर पूरी की, और फिर पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (ढटउऌ) से डॉक्टर की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें नौकरी मिल गई, लेकिन गांव और लोगों की याद उन्हें खींच लाई। डॉ. अनिल कुमार, जिनकी सेवा भावना बनी पूरे समाज के लिए मिसाल जहां आज इलाज की लागत आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है, वहीं छपरा शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एंड मेटरनिटी सेंटर के संस्थापक, भारत ज्योति अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध फिजिशियन एवं रि-कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. अनिल कुमार समाज सेवा की मिसाल पेश कर रहे हैं। शहर के एकलौते ऐसे डॉ है जो बीते 18 वर्षों से मात्र 100 रुपये परामर्श शुल्क लेकर वे और उनकी पत्नी डॉ. संजू प्रसाद आम लोगों का इलाज कर रहे हैं ।इस प्रेरणादायक यात्रा की शुरूआत हुई उनके पिता स्व. दरोगा राय और चाचा स्व. सिपाही राय की उस सीख से, जिसमें उन्होंने बेटे से कहा था—जो काम करना, वो समाज के हित में करना ।यही सीख जीवन का मूल मंत्र बन गई और डॉक्टर अनिल कुमार ने तय किया कि इलाज का परामर्श शुल्क कभी 100 रुपये से अधिक नहीं लेंगे – और आज भी वे उसी संकल्प को निभा रहे हैं ।डॉ. अनिल कुमार कहते हैं, मेरे पिता का प्यार, उनकी मेहनत और समाज के लिए उनकी सोच ही मेरी प्रेरणा रही है। मैं चाहता हूं कि मेरे संस्थान में अमीर से लेकर फकीर तक हर कोई बिना किसी झिझक के इलाज करवा सके। गरीबों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधा देना ही मेरा उद्देश्य है ।संजीवनी नर्सिंग होम आज सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि इंसानियत और सेवा का मंदिर बन चुका है। डॉ. अनिल कुमार की यह पहल हमें यह सिखाती है कि पिता की प्रेरणा अगर दिल से अपनाई जाए तो वह समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# तेलपा में सिंचाई विभाग के डाक बंगले के जमीन में चल रहा सब्जी दुकान

## सब्जी की दुकानों से उत्पन्न हो रही है जाम की समस्या, आवागमन हो रहा है प्रभावित

प्रातः किरण संवाददाता



करपी। प्रखंड क्षेत्र के शहर तेलपा में नहर विभाग के डाक बंगले के परिसर में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान लगाया जाता है। साथ ही मछली बेचने वाले भी दुकान वहीं पर चलाते नजर आते हैं ।बाजार के बीचों-बीच लग रहे सब्जी की दुकानों से आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है क्योंकि राजकीय उच्च पथ से जो बैदराबाद से निकालकर को शहर तेलपा होते हुए शिवगंज तक जाती है उसे पथ पर दोनों तरफ से सब्जी विक्रेताओं के अलावा बहुत सारे स्टॉल लगाकर आवागमन को बातचीत किया जा रहा है ।साथ ही सिंचाई विभाग के डाक बंगले में परिसर में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सब्जी की बिक्री की जा रही है ।जैसा की स्थानीय लोगों ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं से कोई भी राजस्व की वसूली नहीं की जाती है जिससे सरकार के राजस्व विभाग को काफी क्षति हो रही है ।एक तरफ बिहार सरकार सरकारी जमीन की खोज लगातार कर रही है वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथिया कर उस पर कारोबार चलाए जा रहे है। दुकानों पर सरकार की कोई नजर नहीं होती है । शहर तेलपा बाजार में सिंचाई विभाग के जमीन के साथ ही साथ जिला बोर्ड की भी जमीन उपलब्ध है जिस पर निजी व्यवसाय चलाया जा रहा है। निजी व्यवसाईयों के द्वारा यह कहा जाता है कि जिला परिषद कार्यालय से इस जमीन को खरीद लिया गया है ।सच्चाई क्या है यह तो प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक बैठे हुए पदाधिकारी बता सकते हैं कि आखिर सरकारी जमीन का जो दुरुपयोग हो रहा है उसे कैसे सरकारी उपयोग में लाया जाए। दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से शहर तेलपा एवं बेलखारा में सड़क किनारे लगाए हुए विक्रेताओं के स्टॉल से लगातार जाम की समस्या जो बनी रहती है उसको उजागर किया जाता रहा है लेकिन सरकारी स्तर से अभी तक इस पर कोई प्रयास ईमानदारी के साथ नहीं किया गया है जिसके चलते लगभग प्रतिदिन छोटे एवं बड़े वाहनों का जाम लगा रहता है जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है।

# पश्चिम बंगाल से शराब लेकर पहुंचा तस्कर, गया जंक्शन पर पकड़ा गया

## बेचने के लिए ले जा रहा था नवादा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल थाना की पुलिस की टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत एक कार्रवाई करते हुए शराब के तस्कर को दबोच लिया है। इस कार्रवाई में 27.750 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम आकाश कुमार है। जो नवादा जिले के कौवाकोल थाना क्षेत्र के सरिया गांव का रहने वाला है। जो शराब तस्करी का काम करता है। उन्होंने जब्त शराब की मात्रा 27.750 लीटर है। जिसकी कीमत लगभग 34,840 है। आकाश कुमार ने बताया कि वह बंगाल से गाड़ी संख्या 12381 (पूर्वा एक्सप्रेस) से शराब लेकर आया था और गया से गया-क्यूल पैसेंजर से नवादा ले जाकर बेचने वाला था। उन्होंने बताया कि टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। जीआरपी थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया पुलिस आगे की जांच कर रही है और शराब तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

श्री यादव ने कहा कि ऑपरेशन सतर्क का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अपराध और अवैध गतिविधियों को रोकना है।

आरपीएफ और जीआरपी की टीम इस ऑपरेशन के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है और अपराधियों को पकड़ने के लिए काम कर रही है।

# नागार्जुन की 114 वीं जयंती पर सामयिक संवाद

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आधुनिक काल के महान साहित्यकार वैद्यनाथ मिश्र उर्फ नागार्जुन जी की 114 वीं जयंती पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि प्रगतिशील विचारधारा के लेखक नागार्जुन जी हिंदी साहित्य के अलावा बांग्ला,संस्कृत एवं मैथिली भाषा में भी अपनी रचनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया था ।नागार्जुन जी को हिंदी साहित्य में बेबाक टिप्पणी के लिए जाना जाता है ।निर्भीक निडर होकर साहित्य की रचना को वे गति प्रदान किया करते थे। फक्कडपन और घुमक्कड़ी के लिए मशहूर नागार्जुन का सारा जीवन साहित्य के लिए समर्पित रहा ।आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया और साहित्य के माध्यम से लोगों को जगाने का कार्य किया था। साहित्य के विविध विधाएं उनकी रचनाओं से आह्लादित हैं ।कविता,कहानी उपन्यास,यात्रा वृतांत,निबंध जैसी विधाओं में उन्होंने अपनी रचनाओं से हिंदी साहित्य सहित बांग्ला मैथिली एवं संस्कृत साहित्य को भी अलंकृत करने का कार्य किया था ।सामाजिक, राजनीतिक,सामयिक मुद्दों पर आधारित उनकी रचनाएं हमेशा गरिबों शोषितों के पक्ष में खड़ी हुई दिखाई पड़ती है। नागार्जुन की कविताएं हमेशा जनता की भाषा में होती है तभी तो उन्हें जन कवि की उपाधि दी गई है ।उनकी कविताओं में व्यंग्य,आक्रोश और करुणा का भाव दिखाई पड़ता है। बलचनमा,रतिनाथ की चाची नई पौध,पारो, तुमने कहा था, भूल जाओ पुराने सपने जैसी रचनाएं साहित्य की पृष्ठभूमि रचनाएं हैं जिन्हें पढ़कर हृदय के भाव झंकृत हो जाते हैं नागार्जुन जी सही मायने में जन कवि हैं ।वे जनता के बीच की आवाज को हमेशा अपनी साहित्य के माध्यम से उठाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते।

# 10 जिला के लोगों को बुलाकर गांधी मैदान का एक कोना भी नहीं भर पाये उपेंद्र कुशवाहा: विनय कुशवाहा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा को रैली को सुपर फ्लॉप बताया है। विनय कुशवाहा ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए के नेता कुछ भी कर ले तेजस्वी की सरकार बनना तय बिहार की जनता ने तय कर लिया )विनय कुशवाहा ने बताया कि गया जी में होने वाला रैली में उपेंद्र कुशवाहा ने 10 जिला के लोगों को बुलाया था गया जी, औरंगाबाद ,अरवल ,नवादा जहानाबाद, नालंदा, जमुई, शेखपुरा लखीसराय, बाढ़। इतना संसाधन पैसा खर्च करने के बावजूद भी जनता ने उपेंद्र कुशवाहा को नकार दिया।



अब कुशवाहा समाज और अन्य वर्ग के लोग समझ चुके हैं उपेंद्र कुशवाहा की राजनीति सिर्फ बारगेनिंग तक सीमट कर रह गई है भीड़ बुलाकर सीट के लिए ब्लैकमेलिंग करके टिकट को बेचने का काम करते हैं। उपेंद्र कुशवाहा को कुशवाहा समाज से कोई लेना देना नहीं उपेंद्र कुशवाहा बता पाएंगे स्नेहा कुशवाहा सासाराम की बेटी बनारस में पढ़ाई करती थी उपेंद्र कुशवाहा भाजपा के साथ हैं भाजपा की उत्तर प्रदेश में सरकार हैं अभी तक स्नेहा कुशवाहा की मां इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही है लेकिन उपेंद्र कुशवाहा और सम्राट चौधरी ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं दिया उपेंद्र कुशवाहा को बताना चाहिए की 1 साल के भीतर दीपक कुशवाहा (दानापुर) सुरभि कुशवाहा (पटना) स्नेहा( सासाराम) अयोध्या कुशवाहा अरवल दीपक टाइगर( अरवल) सत्यम बिहटा )सुदर्शन वर्मा( पटना) मनोज कुशवाहा (मुजफ्फरपुर) कुंदन आज( पटना )अकाली देवी( नवादा) गौरव कुशवाहा( मुजफ्फरपुर) अच्छेलाल कुशवाहा (सिवान) रामाश्रय कुशवाहा( गोपालगंज) जैसे प्रमुख लोगों की हत्या हुई किसी का इंसाफ नहीं मिल सका आज तक। एनडीए सरकार के प्रमुख नेता है उपेंद्र कुशवाहा इतने कुशवाहा समाज के लोगों की हत्या हुई आज तक हत्यारे गिरफ्तार नहीं किए गए इस पर उपेंद्र कुशवाहा चुप क्यों?

इतना ही नहीं सरकार द्वारा गठित आयोग में माधव आनंद जैसे लोगों को जगह देने का काम किया क्या इनके पार्टी में कुशवाहा समाज के कार्यकर्ता नहीं थे?

जब केंद्र में उपेंद्र कुशवाहा मंत्री थे कितने कुशवाहा समाज के लोगों को काम करने का काम किया कितने कुशवाहा समाज के लोगों को नौकरी देने का काम किया यह सब उपेंद्र कुशवाहा को बताना चाहिए।

विनय कुशवाहा ने नौजवान कुशवाहा समाज के युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि उपेंद्र कुशवाहा से सावधान रहें उपेंद्र कुशवाहा ने कभी कुशवाहा समाज के लोगों को भला नहीं किया है बल्कि कुशवाहा समाज के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम किया है।

जितेंद्र वर्मा मनोज कुशवाहा अजय मेहता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा पवन कुमार वर्मा राजेंद्र प्रसाद वर्मा पप्पू कुशवाहा कुमार शंभू प्रसाद अधिवक्ता सुनील कुशवाहा आदि नेताओं ने भी उपेंद्र कुशवाहा को रैली को सुपर फलॉप बताया है।

# मीडिया के सवालों पर भड़क उठे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि कुशवाहा



- विधानसभा चुनाव के समय जैसे-जैसे आ र-हा है प्रत्याशी जनता के लुभाने में लगे हैं

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। पुनपुन परियोजना को लेकर रविवार को एक दिवसीय बैठक को लेकर जब मीडिया ने पूछा कि क्या विधानसभा चुनाव को लेकर दिखावा है कि आगे भी कुछ काम होगा तब आग बबूला हो गए नागमणि सिंह कुशवाहा। मीडिया को ही नसीहत देने लगे उन्होंने कहा कि हमें बागी कुमार वर्मा और सत्यदेव कुशवाहा समझते हो क्या। जब-जब चुनाव की समय आते हैं तो क्षेत्र भ्रमण कर जनता के बीच कई प्रकार के वादे करते हैं इससे पहले कि पटना और दिल्ली मे एसी मे बैठकर मौज करते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि सिंह ने जनता के दिखावा के लिए हमीद नगर पुनपुन परियोजना पर दिए एक दिवसीय धरना किया। कुर्था विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के कर रहे हैं दवा जनता के बीच से रहते हैं नदारत। जैसे-जैसे चुनाव की समय नजदीकी आ रहे वैसे-वैसे से प्रत्याशियों जनता के लॉलीपॉप दिखने में लगे हुए। जिसका जीता जागता उदाहरण आज कुर्था विधानसभा सीट से मैदान में आने वाले प्रत्याशी तू नागमणि सिंह भी जनता लुभाने में लगे हैं। इतना ही नहीं जानता को नजरअंदाज भी करते हैं नागमणि सिंह कुशवाहा। ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि कुर्था विधानसभा के विभिन्न पंचायत कई गांव में कई ऐसा दुखद घटनाएं घटी है जहां पर पीड़ित परिवार के आंसू पोक्षने तक नहीं जाते हैं नागमणि सिंह कुशवाहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि सिंह कुशवाहा ने अपने मनचाहे अपने मन मुताबिक मीडिया सवाल उनसे पूछे नहीं तो उन्हें अच्छे नही लगता हैं अनाथ दूसरे सवाल पूछे जाने पर उल्टा सवाल दिखता है,ऐसा खुद ही नागमणि सिंह कुशवाहा बोले

# सर्वाधिक वाद निष्पादन बना रिकार्ड

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का आज जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में विदाई दी गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि हाईकोर्ट पटना द्वारा परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश का तबादला बांका व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला जज पद पर किया गया है औरंगाबाद परिवार न्यायालय के 13 वें प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का कार्यकाल में 22/01/24 से 30/06/25 रहा इसमें लगभग 2200 रिकॉर्ड वादों का निष्पादन काफी सराहनीय रहा,इस कार्यकाल में लोक अदालत में भी सर्वाधिक पारिवारिक मामलों का निष्पादन कराया गया है जिसकी सराहना और प्रशंसा जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और महासचिव सिद्धेश्वर विधार्थी ने किया, आज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य, जिला जज प्रथम इसरार अहमद, जिला जज द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता ने जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद और अधिवक्ता संघ औरंगाबाद में घुम घुम कर तमाम अधिवक्ताओं से मिले और न्यायिक कार्य में बार एवं बेंच के मधुर सम्बन्ध की सराहना करते हुए इसे बरकरार रखने की उम्मीद जताई, न्यायिक कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, अधिवक्ता ने आगे बताया कि पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बेतिया के जिला जज न्यायधीश अरूण कुमार को बनाया है जो शिघ्र ही पदभार ग्रहण करेंगे,इस अवसर पर लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल,प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार सिंह, विनय कुमार मिश्रा, अंजनी कुमार सरोज,चंद्रकांता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे




# रोटरी क्लब ऑफ गया युवा को जिला स्तर पर 12 पुरस्कारों से नवाजा गया

गया जी ।धनबाद में आयोजित जिला पुरस्कार समारोह में रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए हैं। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन अर्चना गोयनका ने बताया कि यह सभी पुरस्कार क्लब के सभी सदस्यों की मेहनत, एकजुटता और समाज सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम हैं ।प्राप्त पुरस्कार इस प्रकार हैं( बेस्ट क्लब टीम टॉप 11 क्लबों में,बेस्ट क्लब अवॉर्ड ।सबसे ज्यादा महिलाओं को जोड़ने वाला क्लब। सबसे ज्यादा नए सदस्य बनाने वाला क्लब ।बेस्ट जोनल अवॉर्ड बेस्ट ओसीभी ऑफिशियल क्लब विज़िट ।बेस्ट वाटर एंड सैनिटेशन प्रोजेक्ट ।सबसे ज्यादा इंटरैक्ट क्लब खोलने वाला क्लब ।सबसे ज्यादा आउटस्टैंडिंग रोटेरियन जोड़ने वाला क्लब क्लब एक्सीलेंस अवॉर्ड ।100% सदस्यों द्वारा $25 का योगदान डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड ।रोटेरियन दिव्य गोयनका को बेस्ट रीजनल डायरेक्टर अवॉर्ड । यह गौरवपूर्ण उपलब्धि क्लब के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# माई बहिन मान योजना महिलाओं को बनाएगी शशक्तः डॉ देविका सरयार मिश्र

गया जी। शहर के वार्ड नं 40 के ऊपरडीह मोहल्ले में जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव और गया जी टाऊन विधानसभा की भावी प्रत्याशी डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में और जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे माई बहिन मान योजना के अंतर्गत सैकड़ों महिलाओं का फॉर्म भरा गया एवं उन्हें पंजीकृत किया गया है ।इस कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद सशी कुमार,अजय राउत,पुरुषोत्तम पाण्डेय ,अमरनाथ शर्मा ,गोपाल मिश्रा,विजय प्रसादकार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार,गया टाऊन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह,जिला सचिव मो साजिद आलम,शशांक भूषण,आयुष मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए महिलाओं के अंदर काफी उत्साह देखा गया है ।महिलाएं नीतीश सरकार से परेशान दिखी और उन्होंने रोजगार न होने का दुख जताया है। डॉ देविका और डॉ गगन ने उन्हें बताया कि यही महागठबंधन की सरकार बनेगी कि रोजगार के अवसर तो मिलेंगे हीं ओर साथ प्रत्येक महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए प्रदान किए जाएंगे ।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गया टाऊन के हर मुहल्ले में चलाया जायेगा और हर कीमत पर इस बार गया जी में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित किया जाएगा और डॉ देविका के नेतृत्व में जिला में यह कार्य लगातार चलता रहेगा। डॉ देविका ने महिलाओं से कहा कि आप जागरूक हों,शशक्त हों और हर तरह सीजबूट बने इसके लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी प्रतिबद्ध हैं ।गया जिला इस बार बदलाव का साक्षी बने ग और बदलाव के साथ विकास भी होगा।

# एसएफडी दक्षिण बिहार का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग प्रारंभ, पर्यावरण संरक्षण पर हुआ गहन मंथन

प्रातः किरण संवाददाता

गया (बिहार)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पर्यावरण आयाम (रत्र्छ) द्वारा दक्षिण बिहार प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग गया जी के सीताकुंड स्थित महारानी पैलेस होटल में प्रारंभ हुआ। इस अभ्यास वर्ग में दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 100 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं ।यह अभ्यास वर्ग दिनांक 30 जून 2025 तक चलेगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध विषयों पर संवाद, प्रशिक्षण और व्यवहारिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं ।इस कार्यक्रम के प्रथम दिन चार सत्रों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, और जैव विविधता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया है ।द्वितीय दिन सीताकुंड परिसर में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रतिभागी सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे ।इस अवसर पर एबीवीपी दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री रौशन सिंह, एसएफडी प्रांत संयोजक सूरज सिंह, राष्ट्रीय संयोजिका पायल कुमारी, एबीवीपी के अखिल भारतीय एसएफडी प्रमुख राहुल गौड़, तथा प्रदेश मंत्री सुमित सिंह सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं ।इस कार्यक्रम में युवाओं में पर्यावरण चेतना जगाने की दिशा में यह अभ्यास वर्ग एक सशक्त पहल सिद्ध हो रहा है।




# मृतक के परिजनों से मिले जदयू नेता उत्तम कुशवाहा, दो बच्चों को लिया गोद



कुर्था। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र स्थित कुर्था बाजार निवासी पिंटू कुमार की धर्मपत्नी सोनी देवी जो छः महीने की प्रसूता थी जो अचानक पेट में दर्द होने से मृत्यु हो गई थी इस घटना को सुनकर रविवार को मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष सह जदयू नेता यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की उत्तम कुशवाहा ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखत है मृतक महिला की दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जो की बहुत ही आर्थिक स्थिति से गुजर रहे हैं बच्चों को भविष्य को देखते हुए पूरी जीवन भर हम उनको गोद लेते हैं किसी भी परेशानियां में हम मौजूद रहेंगे बच्चे जहां तक पढ़ाई करना चाहता है और जो भी स्कूल में पढ़ना चाहते हैं हम उसको पढ़ने का काम करेंगे और सारा खर्चा का मुहैया कराएंगे इस मौके पर जदयू के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने मन कि बात सुनी

गया जी ।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मासिक उद्बोधन ह्यमन की बात के 123वें एपिसोड को सुनने हुए भाजपा किसान मोर्चा गया जिला पुर्वी जिला अध्यक्ष शंभू यादव जमोदी का यह संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की धड़कन है, जो नए भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को स्वर देता है। मन की बात सुनकर आज फिर यह विश्वास और भी प्रबल हुआ कि हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

# दाऊदनगर के प्रांगण में बैठक कर आशा कर्मियों के साथ सौतेले व्यवहार के खिलाफ संघर्ष तेज करने का लिया गया निर्णय

प्रातः किरण संवाददाता

दाऊदनगर (औरंगाबाद)। स्वास्थ्य विभाग के आशा कर्मियों ने अपनी मांगों की पूर्ति हेतु आज यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ,दाऊदनगर के प्रांगण में एक बैठक की तथा यह मांग उठाई कि जिला के शहरी क्षेत्र में आशा कर्मियों की हो रही बहाली में पूर्व से कार्यरत लेकिन छंटनीग्रस्त आशा कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाए तथा इनके बाद शेष बचे पदों पर ही नई बहाली की जाए । इसके अलावा संघ के साथ सरकार के हुए समझौते के आलोक में कार्यरत आशा कर्मियों को मानदेय देने तथा समझौते में उल्लिखित अन्य मांगों की पूर्ति की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई । इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि सरकार और स्थानीय पदाधिकार अपने रवैए में सुधार नहीं करते तो उक्त मांगों को लेकर समस्त आशा कर्मी शीघ्र ही जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक अपना जुझारू एवं धारावाहिक संघर्ष शुरू करेंगी ।

आज की इस बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के मुख्य-अतिथि तथा बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ( गोप गुट ) के जिला सचिव- सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि औरंगाबाद जिला के आशा कर्मी यदि अपने हक के लिए सड़क पर संघर्ष करती हैं तो महासंघ (गोप गुट) आशा-कर्मियों के संघर्षों का नेतृत्व करने को तैयार है ! उन्होंने कहा कि आशा-कर्मियों की सभी मांगें जायज हैं; जिनकी मांगों को नीतीश कुमार की यह गरीब-विरोधी सरकार बिल्कुल अनसुनी कर रही है । इसे हमारा महासंघ कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा । उन्होंने आशा व्यक्त की कि मौसमी कर्मियों की चट्टानी एकता के बल पर एक दिन निश्चित रूप से आशा कर्मी अपने समस्त मांगों को हासिल कर के रहेंगी । इस सभा में उपस्थित आशा-कर्मियों को संबोधित करते हुए महासंघ( गोप गुट ) के अनुमंडल कमिटी,दाऊदनगर के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि छंटनीग्रस्त आशा कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर बहाल होने का सबसे पहला अधिकार उनका वाजिब हक है जिसे वे हर हाल में हासिल कर के रहेंगी ।



इस सभा को संबोधित करते हुए आशा कर्मियों के दाऊदनगर के संरक्षक कॉमरेड बिरजू चौधरी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर मौजूदा नई बहाली में बहाल होने के अपने वाजिब हक की प्राप्ति के लिए बिहार के सभी आशा कर्मियों को कठिन-कठोर संघर्ष करना होगा जिसमें हम भी तन,मन,धन से सहयोग करने को तैयार हैं ! इनके अलावा इस बैठक में ,इत्यादि दर्जनो वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए । इस सभा में एक प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि यदि शीघ्र ही आशा कर्मियों की मांगों पर यथोचित ध्यान नहीं दिया गया तो महासंघ( गोप गुट ) के नेतृत्व में धारावाहिक और जुझारू आंदोलन चलाया जाएगा ।

आज की इस सभा की अध्यक्षता आशा कर्मी संघ की दाऊदनगर की अध्यक्षा- लालमुनि देवी ने किया जबकि संचालन संघ के सचिव- कविता कुमारी ने किया । इनके अलावा इस बैठक में देवमुनि कुंवर, धानकेशरी देवी,कलावती देवी,राधा देवी,पार्वती कुंवर, मंजू देवी,शारदा कुंवर, आशा देवी, ऊषा देवी,राधा कुंवर,सहित अन्य आशा कर्मी भी शामिल रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### इनरव्हील क्लब सारण ने मारी बाजी

छपरा कार्यालय। इनर व्हील क्लब सारण ने अपनी सामाजिक सेवाओं के लिए एक और उपलब्धि हासिल की है। 28 जून को देवघर स्थित वियोराय इन में आयोजित इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 325 के अवार्ड सेरेमनी ह्यआभारह्व में क्लब अध्यक्ष शिल्पी कुमारी को विभिन्न पुरस्कारों और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस गरिमापूर्ण समारोह में जिला अध्यक्ष अलका नंदा बक्शी ने पुरस्कार प्रदान किए। क्लब ने इस अवसर पर कई पुरस्कार जीते, जिनमें आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट अवार्ड शिल्पी कुमारी को दिया गया। इसके अलावा, अध्यक्ष शिल्पी कुमारी के पति विकास कुमार को मोस्ट सपोर्टिव स्पाउस अवार्ड से सम्मानित किया गया। आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवार्ड अंकिता कुमा,री, आउटस्टैंडिंग ट्रेजरर अवार्ड रिंकी सिन्हा, और आउटस्टैंडिंग एडिटर अवार्ड रचना कुमारी को दिया गया। हैप्पी स्कूल कंट्रीब्यूशन अवार्ड भी क्लब ने जीता और इनर व्हील क्लब ऑफ सारण को एफिशिएंट क्लब अवार्ड दिया गया। इसके अलावा, क्लब को क्लॉक टावर ब्रांडिंग, डिस्ट्रिक्ट रैली फॉर डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ छतरी और स्टेशनरी, जॉइंट डोनेशन इन स्कूल, फर्नीचर, सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस और वैक्सीनेशन के लिए कार रैली ह्महेल्थ इज वेल्थह्व और वॉकथॉन अवेयरनेस के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस उपलब्धि से क्लब की सामाजिक सेवा की भावना और मजबूत हुई है। क्लब अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने इस सम्मान के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया है।

### युवक का शव बरामद

जलालपुर। प्रखंड के मंगोलपुर नगर से पुलिस ने सोमवार की सुबह में एक युवक का शव बरामद किया। मृत युवक की पहचान सर्वीसरेया गांव के मोतीचंद राय के 38 वर्षीय पुत्र भसन राय के रूप में गई है। इधर नहर में शव मिलने की सूचना से लोगों के बीच सनसनी फैल गई। युवक की मृत्यु कैसे हुई है इसका खुलासा नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्री तथा एक पुत्री है। हालांकि उनके परिवार लोगों के बीच थाने पर लगी रही और ग्रामीणों की भी लगी रही सभी ग्रामीणों का यही कहना था या उनके परिवार जनों का कहना था कि वह पहले से ही दारू पीते थे और पी पीकर कई दिन घर से बाहर भी रहते थे अचानक परसों घर से निकले थे और आज उनकी सूचना मिली है कि बिशनपुर पंचायत के मंगोलपुर नहर के किनारे पड़े हुए हैं हालांकि लोगों का यह भी कहना था कि दारू पीकर भूत थे कल मामला प्रशासन जांच कर रही है प्रशासन और जांच में क्या निकलता है देखने वाली बात रहेगी

### मुंगेर का 10 वांछित अपराधियों में शामिल बदमाश राकेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया

मुंगेर। जिले का 10 वंचित अपराधियों में शामिल नयागांव के आहार पाटन निवासी राकेश ठाकुर को शनिवार की देर रात नयारामनगर थाना पुलिस और जमालपुर एसटीएफ के संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया है। मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया की राकेश ठाकुर राकेश भूषण ठाकुर का पुत्र है। वह भागलपुर मुंगेर में हत्या समेत कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल है। उसके विरुद्ध भागलपुर के साक्षात और मुंगेर के नया रामनगर थाना में हत्या लूट और आर्म्स एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं। हत्या के मामले में वह जेल भी जा चुका है। एक फाइनेंस कंपनी से 1एक लाख 50 हजार रुपए लूट कांड के मामले में वह फरार चल रहा था। एसपी ने आगे बताया कि जिले के टॉप 10 अपराधियों में समर राकेश ठाकुर को एसटीएफ और नया रामनगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा में 887 अभ्यर्थियों ने लिया भाग 213 अभ्यर्थी विभिन्न मापदंडों पर पाए गए सफल

मधुबनी। जिला जनसम्पर्क कार्यालय, मधुबनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु विज्ञापन संख्या 01/25 के आलोक में आज दिनांक 30 जून 2025 को समाहरणालय परिसर में शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 पुरुष अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था, जिसमें से 887 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 233 प्रतिभागी दौड़ में सफल रहे, जबकि ऊंचाई के निर्धारित मानको को पूरा नहीं करने के कारण 20 अभ्यर्थी असफल घोषित किए गए। शेष बचे अभ्यर्थियो के लिए ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमे कुल 213 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। यह चयन प्रक्रिया गृह रक्षक बल में योग्य और दक्ष अभ्यर्थियों की भर्ती सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।

# रेल मंत्री से मिले सांसद विवेक ठाकुर, नवादा से दिल्ली के लिए नई ट्रेने देने के लिए जताया आभार

प्रात: किरण संवाददाता



पटना ।गोपाल विद्यार्थी भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने सोमवार को दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात कर नवादा से दिल्ली और अजमेर के लिए नई ट्रेन देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने नवादा संसदीय क्षेत्र में रेलवे की चल रहे विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा से बिहारशरीफ तक नई रेल लाइन का निर्माण को लेकर चर्चा किया, इसका डीपीआर तैयार कर लिया गया है। शेखपुरा - बिहारशरीफ नई रेल लाइन के निर्माण पूर्ण होने का कार्य अंतिम चरण में है, इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री जल्द करेंगे। साथ ही विवेक ठाकुर ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि बिहार में रेल सुविधाओं को बढ़ाने हेतु चर्चा व सुझाव हेतु राज्य के सभी सांसदों के साथ पटना में एक बैठक आपकी अध्यक्षता में आयोजित की जाए। विवेक ठाकुर ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराना हमारी प्राथमिकता है। रेलवे विकास के हर कदम में नवादा के लोगों को बेहतर सुविधा मिले, यही हमारा संकल्प है।

# मधुबनी में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाहरणालय में बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जिले में आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत मतदान केंद्रों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर समाहरणालय सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने की। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पुनरीक्षण अभियान से जुड़ी अद्यतन जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी सुदृढ़ हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रारूप प्रकाशन के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों की जानकारी जनता के समक्ष लाई जाएगी ताकि आवश्यक सुझाव और आपत्तियाँ समय रहते प्राप्त की जा सकें। उन्होंने राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए सुझाव देने को भी कहा, जिससे मतदाता सूची की गुणवत्ता में सुधार हो सके।बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और प्रशासन को आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी से पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील की ताकि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।

# खटिक समाज जनसंघ काल से ही भाजपा का समर्थक है : मनीष कुमार खटिक

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। दरभंगा टावर के समीप अलुआगद्दी स्थित रामचंद्र प्रसाद के फलगद्दी प्रतिष्ठान पर भाजपा समाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत मनीष कुमार खटिक के नेतृत्व में खटीक समाज की बैठक आहुत की गई। भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान के जिला प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी, सह प्रभारी गौरी पासवान एवं खटिक समाज के गणमान्य लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सह भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक प्रसाद ने कहां की सदियों से खटिक समाज अपना नेतृत्व भाजपा को मानता है और आगे भी मानता रहेगा। मनीष कुमार खटिक ने कहा खटिक समाज को विश्व के लोकप्रिय नेता देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूर्ण भरोसा करती है। चन्दन, देव,विक्की, सोनू , पिंकू खटिक, विष्णु जी, राजकुमार साह, नंदकिशोर प्रसाद, प्रदीप साह, रामबाबू साह एवं खटिक समाज के सभी लोगो ने एक स्वर मे कहा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार खटिक समाज के विकास के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम के सामाजिक संपर्क जिला प्रभारी जीवछ सहनी एवं सह प्रभारी गौरी पासवान ने कहा कि खटिक समाज सदियों से भाजपा का वोटर एवं समर्थक रहा है आगे भी रहेगा।खटिक समाज के उन्नति एवं विकास के लिए जो भी विचार विमर्श प्राप्त हुआ मै प्रदेश नेतृत्व को अवश्य अवगत कराऊंगा। इस अवसर पर विकास खटिक, दिपक खटिक, ओमनाथ,शिवशंकर खटिक,राकेश कुमार, राजा विशाल कुमार, कुंदन कुमार, बबलू कुमार, संजय साह,राजेश साह एवं संतोष कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा सीपीएस, छपरा में मासिक धर्म स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता




चपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ने आज सीपीएस, छपरा के ऑडिटोरियम में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता को केंद्र में रखते हुए मासिक धर्म स्वच्छता एवं एचपीवी टीकाकरण पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था–स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना। इस सत्र का संचालन शहर की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण ओझा ने किया। उन्होंने सरल एवं संवादात्मक शैली में छात्राओं को मासिक धर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता और एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में प्रभावी जानकारी दी। उनके सहज और व्यावहारिक दृष्टिकोण ने छात्राओं को खुलकर प्रश्न पूछने और जिज्ञासाएँ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सीमा मिश्रा द्वारा अत्यंत कुशलता और उत्साह के साथ किया गया। समारोह की शुरूआत लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. विकास कुमार सिंह द्वारा सभी अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत कर की गई। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में किशोरियों के स्वास्थ्य सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता फैलाने के क्लब के संकल्प को रेखांकित किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ छपरा शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती अंजू सिंह एवं सचिव खुशबू सिंह ने सभी अतिथियों का स्वाल और तुलसी पौधा भेंट कर अभिनंदन किया, जो भारतीय संस्कृति में सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। विद्यालय के प्राचार्य श्री मुरारी सिंह ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र वितरित कर उनका आभार व्यक्त किया। क्लब के सचिव लायन राकेश मिश्रा और कोशाध्यक्ष लायन सौरभ कुमार ट्विंकल ने भी अपनी सक्रिय भूमिका से आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। उनके समर्पण और समन्वय से ही कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा सका। करीब 500 छात्राओं ने इस कार्यशाला में भाग लिया और इसे अत्यंत सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। लायंस क्लब ऑफ छपरा का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य संवाद और किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

# नगरा प्रखंड में जदयू की बूथ स्तरीय बैठक सम्पन्न

नगरा सारण। जनता दल यूनाइटेड पार्टी ने नगरा प्रखंड क्षेत्र के नगरा पंचायत और कादीपुर पंचायत में बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। कार्यकताओं की बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरा पंचायत अध्यक्ष नेसार अहमद ने की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति तेज हुई है। समाज के हर वर्ग तक शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की योजनाओं को हर एक घर तक पहुंचाएं। पार्टी के निदेर्शानुसार संगठन को बूथ स्तर को पूरी तरह मजबूत करें। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि अपने-अपने पंचायत और वार्ड में बीएलओ को पूरा सहयोग करें। ताकि कोई भी योग्य मतदाता वोटर लिस्ट से वंचित न रहे। इस आयोजित कार्यक्रम के मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम देवी, महासचिव सह संगठन प्रभारी प्रभाष शंकर, प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह, मो. रेयाजुद्दीन मंसूरी,रवि प्रकाश, वसीम अहमद, सरफराज अहमद, भोला कुरैशी, मुन्ना कौव्वाल, यावर अली, महताब अली, नईमुद्दीन अंसारी, नेसार अहमद, इम्तियाज अंसारी समेत बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन नगरा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री के अध्यक्ष अनिल सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रवि प्रकाश ने किया।

# उत्तर बिहार प्रांत अभ्यास वर्ग में अभाविप के कार्यकारिणी की हुई घोषणा

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित उत्तर बिहार प्रांत अभ्यास वर्ग में उत्तर बिहार के सभी विभागों और जिलों के कार्यकारणी की घोषणा की गई। बैठक में सारण विभाग से विभाग प्रमुख डॉ० बबिता वर्धन, विभाग संयोजक यशवंत यादव, विभाग सह संयोजक विशाल कनोडिया, विभाग छात्रा प्रमुख सुष्मिता कुमारी, जिला प्रमुख डॉ० अनुपम सिंह, जिला संयोजक नीरज यादव व जिला सह संयोजक गुलशन कुमार को दायित्व दिया गया। प्रमुखों की घोषणा के पश्चात जिले में कार्यकर्ता, शुभचिंतकों हर्ष व्यक्त करते हुए मनोनित सदस्यों को बधाई दिया। बैठक में शामिल छात्र-छत्राएं एवं अभिभावक जनों ने कहा की विद्यार्थी परिषद सदैव से ही राष्ट्रभक्ति की ज्योत के साथ निरंतर कुशल नेतृत्व एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करती है। सारण जिले की नव गठित कार्यकारिणी जिले व विश्विद्यालय में युवाओं के बीच अभाविप और बेहतर कार्य करेगा। इस मौके पर सारण विभाग के संगठन मंत्री सूयानंद राय,प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक रितेश प्रकाश श्रीवास्तव, राज्य विश्वविद्यालय संयोजक रवि पाण्डेय, प्रांत एसएफएस प्रमुख डॉ० अनुज, नगर अध्यक्ष डॉ० जया पांडेय, , नगर मंत्री आशीष प्रजापति, अमर पाण्डेय, रविशंकर चौबे, अभिषेक सोनी, समेत अभाविप के अन्य सदस्यों ने मनोनित प्रमुखों को बधाई दी।

# जदयू का बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम पंचायत स्तर पर आयोजित




कुशेश्वरस्थान( दरभंगा)। जदयू कार्यकताओं की बैठक केवटगामा एवं इटहर पंचायत में 2025 फिर से नीतीश और बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम के तहत अलग अलग बैठक हुई। जिसमे इटहर एवं केवटगामा पंचायत के अध्यक्ष क्रमशः राम प्रसाद राय एवं लक्ष्मी राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के कुशेश्वरस्थान विधानसभा प्रभारी उमाशंकर कामत ने 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने 225 सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कार्यकताओं से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभी से अपने अपने बूथों पर पूरी लगन के साथ तैयारी करने में लग जाने का अपील किया। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर घर में नल का जल पहुंचाने का काम किया है। पंचायत एवं नगर निगम के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देकर आधी आबादी को सत्ता में भागीदारी देने का काम किया है। वहीं महिलाओं को नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कि है ताकि महिलाएं भी आत्म निर्भर बन सके। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार राय ने अपने संबोधन में कार्यकताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। मौके पर पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोज पासवान,राजा राम राय परमानंद राय, प्रदीप कुमार राय राजा सदा,रोशन कुमार राय, प्रमोद राय सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नागेन्द्र कुमार वर्मा बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सारण के जिलाध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सारण जिला इकाई ने शनिवार को राज्य संपोषित सारण कमर्शियल एकेडेमी, भगवान बाजार छपरा के सभागार में आयोजित अपनी आम सभा में सर्वसम्मति से नागेन्द्र कुमार वर्मा को सत्र 2025-28 के लिए जिला अध्यक्ष चुना है। इस नियुक्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है, खासकर तब जब बिहार में जातीय समीकरणों और सामाजिक संगठनों की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में महासभा के प्रदेश महासचिव श्री राकेश कुमार सिन्हा, महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रभारी मनहर कृष्ण अतुल एवं प्रदेश संगठन मंत्री अमरेश प्रसाद गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। संयोजक प्रिंस राज ने अतिथियों का स्वागत किया। सभा का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण और चित्रगुप्त वंदना के गायन के साथ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने नागेन्द्र कुमार वर्मा की नियुक्ति पर बोलते हुए बताया कि वर्मा विगत 53 वर्षों से चित्रगुप्त समाज के विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए हैं और उनके द्वारा समाज के लिए कई सकारात्मक कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नागेन्द्र वर्मा छपरा चित्रगुप्त समिति के अध्यक्ष भी हैं और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के आजीवन सदस्य हैं। उनकी यह लंबी सेवा और अनुभव, उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनाता है, खासकर जब संगठन अपनी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करना चाहता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि राज्य के सभी 38 जिलों में अभियान चलाकर जिला अध्यक्षों का चयन किया जाना है। यह कवायद बिहार में विभिन्न सामाजिक समूहों को संगठित करने और उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रदेश के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा को सारण जिला इकाई की कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चयन कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करने के लिए प्राधिकृत किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के आजीवन एवं सक्रिय सदस्यों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रो० अनिलेश्वर माधव, प्रो० अजीत कुमार श्रीवास्तव, विमल कुमार वर्मा, राकेश नारायण सिन्हा, प्रभाकर रंजन वर्मा, अभिषेक रंजन, सुनील कुमार वर्मा, मुकेश वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, रविश कुमार श्रीवास्तव, सुभाष कुमार भास्कर, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, पंकज कुमार वर्मा, अमरेन्द्र प्रसाद वर्मा, अनिल कुमार, सागर कुमार, मनीष रंजन, शैलेश कुमार, विकाश कुमार सहित सारण जिले के कई प्रमुख चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। महासभा की अगली बैठक 13 जुलाई को आहूत की गई है, जिसमें कार्यकारिणी के गठन और आगामी रणनीतियों पर चर्चा होने की संभावना है। नागेन्द्र कुमार वर्मा की नियुक्ति कायस्थ समाज के भीतर एकीकरण और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूर्व ज़िला पार्षद स्व. आशुतोष कुमार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**● जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**



छपरा कार्यालय। पूर्व ज़िला पार्षद व समाजसेवी स्वर्गीय आशुतोष कुमार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सारण ज़िला के अमनौर प्रखंड अंतर्गत धरहरा गांव में रविवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं, राजनीतिक दलों के नेताओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता स्व. सिंह के पुत्र ई. आदित्य सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष झ अखिल भारतीय हिंदू महासभा, युवा मोर्चा एवं प्रवक्ता झ भाजपा युवा मोर्चा) ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वर्गीय आशुतोष कुमार सिंह के सामाजिक योगदान, सरलता, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सिंह का जीवन गरीबों, किसानों, पिछड़ों और आमजन की सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने पंचायत स्तर पर विकास को गति देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। सभा में वक्ताओं ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी सादगी, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा आज के समय में एक प्रेरणा है। वे जनता से सीधा संवाद रखते थे और हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल समाधान का प्रयास करते थे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता चंद्र प्रकाश तिवारी, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जतीन मगन, भाजपा नेता अजय शर्मा, कपिल मगो, राजेश तिवारी, रवि रंजन सिंह, प्रभात मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ई. आदित्य सिंह ने कहा कि मेरे पिता का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और विकास की किरण पहुंचे। मैं उनके आदर्शों पर चलकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय आशुतोष कुमार सिंह की हत्या वर्ष 2023 में अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। यह मामला वर्तमान में जिला एवं सत्र न्यायालय, सारण में विचाराधीन है। परिजनों को न्याय की प्रतीक्षा है, और आज भी उनके असामयिक निधन का दुःख पूरे क्षेत्र में व्याप्त है।

# मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए: जिला प्रशासन

मुंगेर। मुहर्रम त्योहार जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला शांति समिति की बैठक का आयोजन संग्रहालय सभागार में किया गया। बैठक में पर्व को जिले भर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, मेयर कुमकुम देवी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पंकज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद, यातायात डीएसपी प्रभात कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मुंगेर में मुहर्रम के मौके पर कोई ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाता है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जमालपुर में चार जगहों पर जुलूस निकाला जाना है, इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल अपने अपने क्षेत्र में सजगता के साथ ड्यूटि करेंगे और किसी भी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होने पर उसे तुरत नियंत्रण कक्ष अथवा वरीय पदाधिकारियों से साझा करेंगे, ताकि कोई अनहोनी अथवा घटना को रोका जा सके। इसके अलावे संवेदन अथवा अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति के निर्देश दिए गए। ताजिया जुलूस के लिए पूर्व से निर्धारित रूटचार्ट का ही प्रयोग किया जाएगा। प्रत्येक जुलूस का वीडियोग्राफी भी किए जाने की बात कही गयी तथो पहलाम होने तक सभी दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अपने अपने ड्यूटि पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए। सभी थानाध्यक्षों को थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर अपने स्तर से सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ब्रीफिंग करने का निर्देश दिया गया।

# जिले के तीनों विधानसभा के राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मतदान केदों के प्रारूप सूची उपलब्ध कराया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निदेश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुंगेर के नेतृत्व में प्रकाशिति तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के प्रकाशन की प्रति सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जमालपुर विधायक अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पूर्व में तीनों विधान सभा क्षेत्र में 1034 मतदान केंद्र थे, जिसमें 1200 से अधिक मतदाता वाले 247 बूथों को चिन्हित किया गया है, जिसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 78, मुंगेर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 94 तथा जमालपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत 75 बूथ शामिल हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रारूपित मतदान केंद्रों की सूची का सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अवलोकन कर लें, यदि किन्हीं को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के विरूद्ध कोई दावा/आपत्ति/सुझाव देना हो तो वे लिखित रूप से कार्यालय अवधि में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 164-तारापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, तारापुर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 165-मुंगेर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मुंगेर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 166-जमालपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर मुंगेर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, मुंगेर के कार्यालय में दिनांक 30 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक या इससे पूर्व दे सकते हैं। प्राप्त सभी दावा/आपत्ति/सुझाव का नियुमानुसार निस्तारन कर एवं जिला के सभी माननीय सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिव से विचार विमर्श कर सहमति के उपरांत मतदान केंद्रों के प्रारूपित सूची में यदि आवश्यक हो, तो संशोधन करते हुए इसे आयोग को अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी। दावा आपत्ति समर्पित करने की अवधि के पश्चात प्राप्त सुझाव/दावा/आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# लंबित सभी मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करें: अपर समाहर्ता

मुंगेर। सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज संग्रहायल सभागार में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से कार्यालय में लंबित मामलों के निष्पादन पर चर्चा की। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सीडब्लूजेसी, सीएम डैशबोर्ड, जिला जनता दरबार, सीपीग्राम सहित अन्य विभाग में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अपने कार्यालयों में लंबित सभी मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। महिला संवाद से प्राप्त आकांक्षाओं अथवा अन्य मांगों से संबंधित जितने भी आवेदन जिन कार्यालय को प्राप्त हुए हैं, उसका तत्काल निष्पादन कर लें। सामाजिक सुरक्षा कोषांग में सबसे ज्यादा मामलों के लंबित रहने पर संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आवेदन की जांच करें, उसे संज्ञान में लें और अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कर लें। अद्यतन प्रतिवेदन में ज्यादा लंबित मामलों वाले अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा तथा स्पष्टीकरण भी पूछा जाएगा। उन्होंने सीडब्लूजेसी, एमजेसी से संबंधित लंबित मामलों में भी कमी हेतु निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आरटीआई, मानवाधिकार, जन शिकायत, लोकायुक्त, सीएम डैशबोर्ड, लोक शिकायत आदि विभागों में प्राप्त आवेदनों के लंबित स्थिति की समीक्षा की जाएगी। पूर्व से लंबित आवेदनों को शीघ्र खत्म करें और वर्तमान प्राप्त आवेदनों को भी कम से कम समय में निष्पादित करें।



## आयुष ने यूएस ओपन सुपर 300 के साथ बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब, तन्वी उप-विजेता रही



आयोवा (अमेरिका) (एजेंसी)। उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष नेतीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को बड़ी जिम्मेदारी

- पीसीबी ने टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच बनाया



लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर महमूद को पुरुष टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की ओर से अजहर की नियुक्ति को लेकर जारी बयान में कहा है कि अजहर महमूद ने शानदार अनुभव के साथ राष्ट्रीय टीम के सहायक मुख्य कोच की भूमिका को संभाला है। वह लंबे समय से टीम के रणनीतिक कोर का अहम हिस्सा रहे हैं। क्रिकेट के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सफलता हासिल करना उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समापन, अगले टेस्ट मैचों, अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर और दिसंबर-जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने मैचों तक अपने पद पर बने रहेंगे।

अजहर को 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सफेद गेंद दौरे से पहले अंतरिम आधार पर नियुक्त किए जाने के बाद से राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच थे। 50 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने 20 साल की उम्र में क्रिकेट में पदार्पण किया था।

# एशिया कप भारत में, पाकिस्तान को नहीं मिलेगी देश में एंट्री!

### हॉकी इंडिया के अधिकारी का बयान आया सामने



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में हॉकी पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता के बीच हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर 29 अगस्त से 9 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में पुरुष एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम की महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भागीदारी खतरे में है। टूर्नामेंट में दो महीने से भी कम समय बचा है और हॉकी इंडिया अभी भी पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम के देश में आने के लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने अगस्त में एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में काम करेगा, जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित करेगा। इसके अलावा भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की भी मेजबानी करेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को बाहर करने की मांग के कारण भारत में जूनियर इवेंट में पाकिस्तान की भागीदारी भी संदेह में है। उन्हें विस्तारित 24-टीम टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ रखा गया था। पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी बार 2023 में भारत का दौरा किया था, जब भारत ने चेन्नई, तमिलनाडु में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता था।

# छह साल के तेगबीर सिंह ने बनाया विश्व रिकार्ड

### यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की





रूपनगर (एजेंसी)। पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है।


उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया।

प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के 6 साल 9 महीने और 4 दिन की उम्र में तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुंच गया और वहां अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। तेगबीर ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।%

# स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी का भरोसा

ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोट से उबरने के लिए समय पर वापसी को लेकर आशावादी हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के कारण कैरेबियाई टीम के खिलाफ चल रही तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से चूकने वाले स्मिथ ने हाल ही में प्रभावित क्षेत्र से अपने टांके हटवाए हैं और ऑस्ट्रेलियाई टीम में नंबर 4 पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए तैयार हैं।



अनुभवी खिलाड़ी रविवार को कैरेबियाई टीम में अपने साथियों के साथ जुड़ गए और मंगलवार को पूर्ण अभ्यास में भाग लेने की उम्मीद है ताकि वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 159 रनों से जीत दर्ज करने वाली टीम में वापसी की जा सके। स्मिथ को उनकी चोटिल उंगली के लिए एक पतली पट्टी लगाई जाएगी और, हालांकि वह स्लिप में अपनी सामान्य स्थिति में फील्डिंग नहीं कर पाएंगे, लेकिन 36 वर्षीय खिलाड़ी को बल्लेबाजी करते समय कोई समस्या नहीं होने की उम्मीद है और उन्हें दूसरे टेस्ट में खेलने की उम्मीद है।

स्मिथ ने कहा, मेरे लिए, यह सामान्य प्रशिक्षण की तरह ही महसूस होगा। मुझे वास्तव में कोई दर्द या कुछ भी महसूस नहीं होता है। (यह) बस पट्टी और थोड़ी सीमित हरकत की आदत डालना है। यह बहुत बुरा नहीं है, अब मुझे वहां बहुत अधिक हरकत मिलती है, इसलिए यह अच्छा लगता है। गेंद को मारना पूरी तरह से ठीक लगा। विकेट के सामने कुछ गेंदों को फील्ड करना शायद मेरे लिए सबसे अजीब बात होगी, मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी टेस्ट मैच में ऐसा किया है। संभवतः मिड-ऑन या मिड-ऑफ या फाइन लेग पर फील्डिंग करना, दूसरे या पहले स्लिप पर खड़े होने से थोड़ा अलग है।

स्मिथ के ऑस्ट्रेलिया की टीम में वापसी का मतलब है कि रिजर्व बल्लेबाज जोश इंगलिस को बाहर बैठना पड़ सकता है, क्योंकि उन्होंने बारबाडोस में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान सिर्फ 5 और 12 रन बनाए थे। इंगलिस केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने संघर्ष करने वाले एकमात्र शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं थे, बल्कि किशोर सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और नंबर 3 कैमरून ग्रीन दोनों पारियों में सस्ते में आउट हुए और ऑस्ट्रेलियाई टीम मुश्किल बल्लेबाजी पिच से निपटने में विफल रही।

स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर जल्दी वापसी करने का भरोसा जताया है और उनका मानना ??है कि कोंस्टास और ग्रीन के लिए अच्छे स्कोर जल्द ही सामने आएंगे। स्मिथ ने कहा, ये लोग अच्छे खिलाड़ी हैं, इसके बारे में बहुत चर्चा हुई है लेकिन...हमें बस उन्हें एक मौका देने की जरूरत है। हमेशा ऐसा नहीं होता। हमें उन्हें एक मौका देना होगा और उन्हें इन परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की आदत डालनी होगी। इन खिलाड़ियों में वाकई बहुत अच्छी प्रतिभा है और मुझे लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

# विंबलडन रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : नोवाक जोकोविच



लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं।

जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, 'क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं। उन्होंने कहा, 'मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहता हूं। यही मेरा लक्ष्य है लेकिन उम्र के इस पड़ाव पर आप पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा।

जोकोविच ने यह स्वीकार किया कि ऑल इंग्लैंड क्लब उन्हें एक और ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का सबसे अच्छा अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे वह अपने करियर में कुल 25 खिताब जीत सकेंगे। यह एक ऐसी संख्या जिस तक कोई भी टेनिस खिलाड़ी नहीं पहुंच पाया है। विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच ने कहा, 'मैं इस बात पर सहमत हो सकता हूं कि विंबलडन में फिर से चैंपियन बनने का यह मेरे लिए सबसे अच्छा मौका हो सकता है। यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा लेकिन अभी मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जोकोविच मंगलवार को पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर का सामना करेंगे।

# दूसरे टेस्ट में विराट कोहली को पछाड़ सकते हैं ऋषभ पंत, एक शतक की है जरूरत



लंदन (एजेंसी)। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक और शतक लगाकर बड़ी उपलब्धि हासिल करने की कोशिश करेंगे। अगर पंत दूसरे टेस्ट में शतक लगाते हैं तो वह कोहली को पछाड़कर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में किसी भारतीय द्वारा मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

वर्तमान में पंत और कोहली दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में पांच शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में राहुल द्रविड़ (21 मैच) और महान सचिन तेंदुलकर (32 मैच) शीर्ष पर हैं जिन्होंने 7-7 शतक लगाए हैं। उनके बाद अजहरुद्दीन (15 मैचों में 6 शतक) का नम्बर आता है जोकि तीसरे स्थान पर हैं। चौथे नम्बर पर पंत (13 मैचों में 5 शतक) और पांचवें नम्बर पर कोहली (28 मैचों में 5 शतक) आते हैं।

### अमेरिका के मैथ्यू मार्कस ने वर्ल्ड क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड चैम्पियनशिप 2025

# व्यक्तिगत खिताब जीता; इंग्लैंड और सिंगापुर के खिलाड़ी शीर्ष तीन में शुमार




लंदन (एजेंसी)। वर्ल्ड क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड चैम्पियनशिप 2025 की शुरुआत 28 जून को इसके प्रमुख इवेंट 'व्यक्तिगत चैम्पियनशिप' के साथ रोमांचक अंदाज़ में हुई। यह एक घंटे की तीव्र ऑनलाइन प्रतियोगिता थी, जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रॉसवर्ड सॉल्वर्स ने अपनी बुद्धिमत्ता और शब्दों की पकड़ का परिचय दिया। कड़े मुकाबले के बाद, मैथ्यू मार्कस (अमेरिका) ने बाज़ी मारी और विश्व विजेता का खिताब अपने नाम किया। भारत स्थित गैर लाभकारी संगठन एक्सट्रा-सी द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता आधिकारिक मंच पर होस्ट की गई, और दोपहर 1.00 बजे से 2.00 बजे जीएमटी तक चली। इसमें दुनियाभर से पंजीकृत प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो न सिर्फ प्रतिष्ठा बल्कि .1,750 (लगभग 1.46 लाख) की पुरस्कार राशि के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। यह मुकाबला भाषायी कौशल और मानसिक फुर्ती का शानदार संगम रहा। एरिक एगार्ड, मार्क गुडलीफ, और कॉलीन थॉमस जैसे दिग्गजों की उपस्थिति और नए प्रतिभागियों के प्रभावशाली प्रदर्शन ने इस आयोजन को अनुभव और नई ऊर्जा का संगम बना दिया।

**प्रतियोगिता का प्रारूप** - इस व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में दो कठिन क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड ग्रिड शामिल थे। पहला ग्रिड भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे जारी किया गया, जिसे हल करने के लिए 30 मिनट का समय था। इसके बाद दूसरा ग्रिड शाम 7 बजे लाइव हुआ, जिसके लिए भी 30 मिनट दिए गए। प्रतिभागियों की रैंकिंग पहले सटीकता और फिर गति के आधार पर तय की गई।

#### ग्रिड-1 के विजेता

- रैंक-1- कॉलिन थॉमस, इंग्लैंड
- रैंक-2- एरिक एगार्ड, अमेरिका
- रैंक-3 मार्क गुडलीफ, इंग्लैंड

#### ग्रिड-2 विजेता

- **रैंक-1-** साइमन एंथनी, इंग्लैंड
- **रैंक-2-** मैथ्यू मार्कस, अमेरिका
- **रैंक-3-** डीन शॉर्ट, इंग्लैंड

# ईसीबी ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला का नाम बदलकर गलत किया : पूर्व कप्तान फारुख इंजीनियर



बर्मिंघम (एजेंसी)। दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान श्रृंखला शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया।

इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया। मैनचेस्टर में रहने वाले इंजीनियर ने कहा, 'टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया।

उन्होंने कहा, 'एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं। इंजीनियर ने कहा, 'इसके (पटौदी पदक की शुरुआत) बारे में बाद में सोचा गया। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी नाम इससे हमेशा जुड़ा रहेगा।

पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की और दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। दूसरी तरफ तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, 'तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है।

उन्होंने कहा, 'यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते। मुझे उम्मीद है कि वे शर्मिला टैगोर (मंसूर की पत्नी) और उनके बेटे सैफ अली खान को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

भारत हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हारने के बाद पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह कार्यभार प्रबंधन के कारण पांच में से केवल तीन मैच ही खेल पाएंगे, लेकिन 87 वर्षीय इंजीनियर चाहते हैं कि वह ज़्यादा से ज़्यादा मैच खेलें। उन्होंने कहा, 'वह आपका तुरुप का इक्का है।

## संक्षिप्त समाचार



### घर बना 'नागलोक', टाइल्स के नीचे नाग-नागिन के साथ 35 सांप निकले; दो कमरों तक फैला था कुनबा

**रायपुर, एजेंसी।** सांप को देखकर किसी के भी होश उड़ जाए। ऐसे में जब किसी के घर में एक-दो नहीं, बल्कि कई दर्जन सांप निकल आए तो सोचिए क्या होगा। सांपों के कुनबे में एक नाग-नागिन का जोड़ा भी हो तो उस घर में रहने वालों की क्या हालत होगी ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सटे आरंग क्षेत्र के ग्राम देवरी में सामने आया है। एक घर से नाग-नागिन सहित उनके 35 बचे भी मिले हैं। सापों को देखने के लिए घर के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नागलोक जैसी घटना आरंग से लगे देवरी गांव में इंद्र कुमार साहू के घर पर हुआ है। यहां नाग-नागिन और लगभग 35 छोटे-छोटे सांप मिले हैं। इस घर में इंद्र कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। कुछ दिन पहले घर के अंदर से उन्हें दो छोटे-छोटे नाग सांप मिले, जिसे उन्होंने घर से बाहर निकालकर छोड़ दिया। ऐसी आशंका हुई कि बारिश के कारण सांप बाहर निकले होंगे। दूसरे दिन फिर सांप निकला। इसे परिवार के लोग घबरा गए और चीखते-चिल्लाते हुए घर से बाहर निकल आए।

इंद्र कुमार ने इसकी जानकारी गांववालों को दी। गांव के ही सांप पकड़ने वाले एक व्यक्ति को बुलाया गया। टाइल्स को ठोक-ठोक कर देखने पर एक जगह खाली जगह होने की आवाज आई। इसके बाद घर के दो कमरे में लगी टाइल्स को निकालने पर नाग-नागिन और लगभग 35 छोटे-छोटे सपोले निकले। इसकी जानकारी डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई।

देवरी गांव के एक घर में बड़ी संख्या में नाग मिलने की सूचना तेजी से आसपास के गांवों में फैल गई। इसके बाद काफी भीड़ जुट गई। आरंग पुलिस भी मौके पर पहुंची। सांप पकड़ने वालों की मदद से सांपों को रेस्क्यू कर उसे दूसरी जगह पर छोड़ दिया गया। वहीं इस घटना के बाद से गांव में दहशत भी देखा गया। किसी और घर में तो सांपों ने घर नहीं बना लिया होगा। सोशल मीडिया में इस घटना की दिनभर चर्चा होती रही।

### नायब सैनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी, किस बात पर भड़के हैं कर्मचारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में नायब सैनी



सरकार के खिलाफ कर्मचारियों में नाराजगी है। यह कर्मचारी यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) पर सैनी सरकार के फैसले से भड़के हुए हैं। अब इन कर्मचारियों ने नौ जुलाई से हड़ताल की तैयारी कर रखी है। सैनी सरकार के फैसले पर ऑल-इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इंप्लॉइज फेडरेशन के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राय सरकार ने कर्मचारियों से बातचीत किए बिना एकतरफा रूप से यूपीएस लागू करने का निर्णय लिया है। इसके चलते कर्मचारियों में काफी असंतोष है। लांबा ने कहाकि इस निर्णय का विरोध विभिन्न लोकतांत्रिक साधनों से किया जाएगा। इसी सिलसिले में 9 जुलाई को हड़ताल का आह्वान किया गया है। सुभाष लांबा ने दावा किया कि सरकार ने कर्मचारियों को नए पेंशन योजना (एनपीएस) और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के बीच चुनने का विकल्प देने का निर्णय लिया था। इसको जनवरी 2006 से लागू किया जाना था। लेकिन अब सरकार ने अपने वादे से पीछे हटते हुए प्रतीत हो रही थी। उन्होंने कहाकि अगर वास्तव में सरकार को कर्मचारियों के हक की चिंता है तो उन्हें ओपीएस, एनपीएस और यूपीएस के बीच चुनने का विकल्प देना चाहिए। लांबा ने कहाकि केंद्रीय व्यापार संघों और केंद्रीय तथा राय सरकार के कर्मचारियों के संघों ने 9 जुलाई को हड़ताल का ऐलान किया है। हमारी मुख्य मांग पुरानी पेंशन फिर से लागू करना है। सुभाष लांबा के मुताबिक यूपीएस लागू करने के एकतरफा फैसले के खिलाफ पेंशन बहाली संघर्ष समिति समेत राय के सभी कर्मचारी संगठन शामिल हैं।

# मराठी मानुष के सामने हार गई महाराष्ट्र सरकार, हिंदी पर फैसला वापस होने पर उद्धव ठाकरे का तंज

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार के हिंदी अनिवार्य करने के फैसले को वापस लेने के बाद शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने फडणवीस सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य के स्कूलों में पहली से पांचवी तक की कक्षाओं में तीन भाषा नीति के तहत हिंदी अनिवार्य करने के फैसले को वापस ले लिया है। मतलब सरकार ने मराठी मानुष के सामने हार मान ली है। दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने वाले उनके चचेरे भाई और मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने भी इस सफलता का श्रेय मराठी मानुष को ही दिया।




मीडिया से बात करते हुए उद्धव ने देवेंद्र फडणवीस की सरकार के ऊपर मराठी मानुष की एकता को तोड़ने और मराठी और गैर-मराठियों लोगों के बीच में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷सरकार मराठी मानुष की ताकत से हार गई। सरकार को यह अहसास नहीं था कि मराठी मानुष इस तरह एकजुट हो जाएगा।''

दूसरी तरफ राज ठाकरे ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि हिंदी को अनिवार्य बनाने के लिए राज्य सरकार पर किसने दबाव डाला, यह रहस्य बना हुआ है। मनसे अप्रैल 2025 से इस मुद्दे को उठा रही थी, जिसके बाद अन्य राजनीतिक दलों और संगठनों ने इसका हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''अगर (5 जुलाई को) मोर्चा होता, तो इससे संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन की यादें ताजा हो जातीं। सरकार को इसका डर होना चाहिए। यह डर होना चाहिए।''

शिवसेना (उबाठा) में ठाकरे के सहयोगी संजय राउत ने घोषणा की थी कि पांच जुलाई को मराठी आरक्षण आंदोलन के विरोध में आयोजित रैली रद्द कर दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा फैसला वापस लिये जाने के बाद कहा कि अब यह आयोजन मराठी एकता की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक विजय जुलूस होगा। ठाकरे ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को झूठ की फैक्टरी भी करार दिया।

### वीजा नहीं मिला तो तार के नीचे से आ गया पाकिस्तानी कपल, रेगिस्तान में भूख-प्यास ने ले ली जान

**जैसलमेर, एजेंसी।** जैसलमेर के सुनसान रेगिस्तान में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पाकिस्तानी कपल 17 साल के रविकुमार और 15 साल की शांति बाई ने बेहतर जिंदगी की तलाश में भारत की सीमा पार की, लेकिन उनकी यह ख्वाहिश प्यास और गर्मी की भेंट चढ़ गई। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि शनिवार को बिभियान रेगिस्तान में उनके शव बरामद हुए, जिनके पास खाली पानी का कैन पड़ा था। माना जा रहा है कि डिहाइड्रेशन और तपती गर्मी ने उनकी जान ले ली। रवि और शांति की शादी चार महीने पहले पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मीरपुर मथेलो, घोटकी जिले में हुई थी। यह शादी उनके परिवारों ने तय की थी। भारत में सुरक्षित और बेहतर जिंदगी का सपना देखते हुए दोनों ने वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्तों के कारण उनकी अर्जी खारिज हो गई। फिर भी, हार न मानते हुए उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार करने का जोखिम भरा फैसला लिया। पुलिस के मुताबिक, रवि के पिता ने उन्हें सीमा पार करने के खतरों से आगाह किया था। एक हफ्ते पहले इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई थी, लेकिन रवि अपने इरादे से नहीं डिगे।

## नवजात बच्ची को लावारिस हालत में टोकरी में छोड़ा, नोट डालकर लिख दिया सॉरी

**मुंबई, एजेंसी।** नवी मुंबई के पनवेल इलाके में तीन दिन की नवजात बच्ची को लावारिस हालत में टोकरी में छोड़ दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बच्ची के साथ एक नोट भी मिला है, जिसमें उसके माता-पिता ने आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते उसे पालने में असमर्थ होने की बात लिखी है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को पनवेल क्षेत्र के टक्का कॉलोनी में सड़क किनारे नीले रंग की टोकरी में नवजात बच्ची को देख एक स्थानीय निवासी ने पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अपनी हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि टोकरी में एक नोट भी मिला है, जो अंग्रेजी में लिखा गया है। इसमें बच्ची के माता-पिता ने लिखा है कि वे बेहद गरीब हैं और बच्ची को पालने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने नोट में सॉरी लिखते हुए खेद भी जताया है। पुलिस ने बच्ची को तुरंत डॉक्टर के पास पहुंचाया, जहां जांच में उसकी हालत स्थिर पाई गई। अधिकारी ने बताया कि बच्ची के माता-पिता की तलाश की जा रही है।

**नवजात को छोड़ने का मामला दर्ज:** पनवेल टाउन पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता) की संबंधित धाराओं के तहत नवजात को छोड़ने का मामला दर्ज किया




है। दूसरी ओर, केरल के त्रिशूर जिले में एक युवक रविवार तड़के नशे की हालत में थाने पहुंचा और दावा किया कि उसके बैग में 2 नवजात शिशुओं के कंकाल हैं। पुलिस के अनुसार, युवक ने पुडुक्कड़ थाने में अधिकारियों को बताया कि ये नवजात शिशु एक महिला के साथ उसके संबंधों से पैदा हुए थे। पुलिस के मुताबिक युवक ने दावा किया कि दोनों बच्चों की मौत अलग-अलग समय और स्थान पर हुई थी।

## 31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा: अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत से साफ इनकार किया है। रविवार को उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, हथियार छोड़ो और आत्मसमर्पण करो। अगर आप आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में करीब 10 हजार लोगों ने हथियार छोड़ दिए और मुख्यधारा में शामिल हो गए। शाह ने कहा कि इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। इसी तरह पिछले डेढ़ साल में 2,000 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।




तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद अमित शाह ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऑपरेशन के प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर छवि देखनी चाहिए। शाह ने कहा, 'कांग्रेस इन लोगों (माओवादियों) से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से बात नहीं करने की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों।

### मध्य प्रदेश में नक्सल समस्या खात्मे की ओर: डीजीपी

दूसरी ओर, मध् यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने रविवार को दावा किया कि सूबे में केवल एक जिले में सीमित नक्सल समस्या भी अब खात्मे की ओर है। राज्य पुलिस ने पिछले छह महीने के भीतर मुठभेड़ों में 10 नक्सलियों का सफाया करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार ने देश भर में नक्सलवाद को मार्च 2026 तक पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। मकवाना ने इंदौर जोन के पुलिस अधिकारियों की बैठक के दौरान बताया, 'नक्सल समस्या कई वर्षों से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। हालांकि, मध्यप्रदेश में मोटे तौर पर नक्सल समस्या से केवल बालाघाट जिला प्रभावित है।' उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले छह महीने के दौरान मुठभेड़ों में 10 नक्सलियों का खात्मा किया है और यह एक रिकॉर्ड है।

### यूपी में सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से कांस्टेबल और उसके बेटे की दर्दनाक मौत

**पीलीभीत, एजेंसी।** यूपी के पीलीभीत में सड़क हादसा हो गया। पीलीभीत-शाहजहांपुर हाईवे पर बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एसएसबी कांस्टेबल और उसके पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली बीसलपुर पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाए। हादसा करने के बाद ट्रक को लेकर चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम परसिया निवासी 36 वर्षीय वीरपाल एसएसबी में कांस्टेबल है। उनकी ड्यूटी पीलीभीत में चल रही है। सोमवार सुबह वीरपाल अपने 15 वर्षीय पुत्र सुमित के साथ बाइक से शेरगंज रेलवे स्टेशन पर जा रहे थे। वहां से ट्रेन पकड़ कर उन्हें पीलीभीत ड्यूटी पर आना था। जैसे ही यह लोग कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के हाईवे पर टोल टैक्स के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने उनको टक्कर मार दी।

### पापा मुझे चॉकलेट खानी है पैसे देदो... ये सुनकर गुस्साए पिता ने कर दी 4 साल की अपनी बेटी की हत्या

**लातूर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लातूर जिले से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आयी है शराब के आदी एक व्यक्ति ने अपनी चार वर्षीय बेटी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी, क्योंकि उसने चॉकलेट खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। शराब के आदी एक व्यक्ति ने चॉकलेट खरीदने के लिए पैसे मांगने पर अपनी चार वर्षीय बेटी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान बालाजी राठौड़ के रूप में हुई है और उसे घटना के बाद हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ओमान की खाड़ी में ऑयल टैंकर में आग

### भारतीय मूल के 14 क्रू मेंबर्स सवार थे, भारतीय नौसेना रेस्क्यू के लिए पहुंची

**मस्कट, एजेंसी।** ओमान की खाड़ी में एक ऑयल टैंकर एमटी वायआई चेंग 6 में सोमवार को आग लग गई। इस पर भारतीय मूल के 14 क्रू मेंबर्स सवार थे। इन्होंने भारतीय नौसेना से मदद मांगी, जिसके बाद नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर रेस्क्यू के लिए पहुंचा। 13 भारतीय नौसैनिक और ऑयल टैंकर के 5 क्रू मेंबर्स अभी आग बुझाने में जुटे हैं। लपटों पर काबू पा लिया गया है। भारतीय नौसेना ने एक्स पर घटना की जानकारी देते हुए रेस्क्यू की तस्वीरें पोस्ट की। नौसेना ने बताया कि यह शिप भारत के कांडला से ओमान के शिनस जा रहा था। इसके इंजन रूम में भीषण आग लग गई और बिजली सप्लाई भी ठप हो गई थी। आईएनएस तबर से पहुंची फायर फाइटिंग टीम और उपकरणों को शिप की नाव और हेलिकॉप्टर से ट्रांसफर किया गया।



## बांग्लादेश में हिंदू महिला से गैंग रेप, BNP नेता भी शामिल ! वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप




**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में तीन दिन पहले अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला से कथित तौर पर हुए बलात्कार की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को पूरे देश में आक्रोश उत्पन्न हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना के मुख्य संदिग्ध को कई अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमिल्ला जिले के पुलिस प्रमुख नजीर अहमद खान ने कहा कि मुख्य आरोपी को ढाका के सईदाबाद इलाके में तड़के छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया तथा चार अन्य को सोशल मीडिया पर महिला की तस्वीर व पहचान उजागर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने घटना की निंदा करते हुए परिसर में मार्च निकाला, जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए समर्पित जगन्नाथ हॉल छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थी ने न्याय की मांग करते हुए जुलूस निकाला। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। इस बीच, उच्च न्यायालय ने एक निर्देश जारी कर अधिकारियों से शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो को तुरंत हटाने को कहा। दो न्यायाधीशों की पीठ ने संबंधित अधिकारियों से पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसे आवश्यक उपचार प्रदान करने को भी कहा। मीडिया में आई कुछ खबरों में कहा गया है कि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

इनमें से एक खबर के अनुसार, पड़ोस के लोगों ने शुरुआत में सामूहिक पिटाई के बाद आरोपी को छोड़ दिया और उसे पुलिस को सौंपने के बजाय अस्पताल ले गए। संदिग्ध व्यक्ति अस्पताल से कथित तौर पर भाग गया था। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, महिला कुमिल्ला के मुरादनगर उप-जिले में स्थित अपने मायके जा रही थी, जहां आरोपी रात में जबरन उसके घर में घुसे थे। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे एवं अपनी मां के सलाहकार के रूप में काम कर चुके साजिब अहमद वाजिद ने इस घटना पर अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए 'एक्स का सहारा लिया।

# प्रेमी के किए दो टुकड़े... रियलिटी शो स्टार ने अपने ही ब्वॉयफ्रेंड का किया कत्ल, पुलिस अब भी तलाश रही सिर

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की मशहूर रियलिटी टीवी स्टार तमिका सुएन-रोज़ चेसर पर अपने बॉयफ्रेंड जूलियन स्टोरी की बेरहमी से हत्या का आरोप लगा है।

34 साल की तमिका पर आरोप है कि उसने 39 साल के जूलियन की जान ली और उनका सिर कटा शव दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के पोर्ट लिंकन में उनके घर में मिला। टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक, 19 जून को एक छोटी सी आग लगने की जानकारी पर पुलिस पहुंची तो वहां का मंजर दिल दहलाने वाला था।

पुलिस ने तमिका को गिरफ्तार कर लिया और हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जांच में पता चला कि जूलियन का सिर अभी तक नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि हत्या 17 जून की आधी रात को हुई होगी।

पुलिस ने बताया, जूलियन का शव टुकड़ों में बंटा हुआ था और उनका सिर गायब था। हमने तलाशी की, मगर सिर अब तक नहीं मिला।



यह मंजर पुलिस और आपातकालीन कर्मियों के लिए भी चौंकाने वाला था। एक गवाह ने बताया कि उसने अपार्टमेंट से धुआं निकलते देखा और तमिका से बात की, मगर उसने कुछ नहीं होने की बात कही। फिर वो अपने तीन कुत्तों को लेकर टहलने निकल गई और दरवाजा बंद कर लिया।

जूलियन के परिवार ने बयान दिया, हम एक ऐसी त्रासदी से गुजर रहे हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।उन्होंने पुलिस और आपातकालीन कर्मियों का शुक्रिया अदा किया और कहा, हमारे दोस्तों और इस समुदाय की दुआओं और साथ ने हमें हिम्मत दी है। पुलिस का कहना है कि तमिका को अपार्टमेंट के पीछे बेसुध हालत में पाया गया। वो मानसिक स्वास्थ्य हिरासत में है और दिसंबर में अदालत में पेश होगी।

डिटेक्टिव सुपरिटेंडेंट डैरेन फील्के ने कहा, जूलियन का सिर ढूंढना हमारे लिए ज़रूरी है, ताकि उनके परिवार को सुकून मिले और वो उन्हें आखिरी विदाई दे सकें।

**कौन हैं तमिका और क्यों हैं मशहूर?:** तमिका 2010 में रियलिटी शो ब्यूटी एंड द गीक में रनर-अप रही थीं। इसके बाद उन्होंने प्लेबॉय, राल्फ और एफएचएम जैसे पुरुषों के मैगजीन्स के लिए मॉडलिंग भी की। पुलिस जांच में जुटी है और लोगों से अपील की है कि कोई भी सुराग मिले, तो फौरन खबर दें। तमिका अभी हिरासत में है और इस मामले ने पूरे ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया है।

## यूरोपीय देशों में हीटवेव, स्पेन में तापमान 46 डिग्री पहुंचा; जून में गर्मी ने 60 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा

**बार्सिलोना, एजेंसी।** यूरोप के कई देश भीषण हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन में सबसे ज्यादा गर्मी है, जहां के ज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। स्पेन की राज्य मौसम विज्ञान एजेंसी एईएमईटी के मुताबिक, एल ग्रैनाडो शहर में शनिवार को 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

एईएमईटी के मुताबिक, स्पेन में जून के दौरान गर्मी ने 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले स्पेन के सेविले में आखिरी बार जून, 1965 में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। स्पेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया, हर्जेगोविना, हंगरी, सर्बिया, स्लोवेनिया और स्विटजरलैंड में हीटवेव जारी रहने की आशंका है। पुर्तगाल, इटली और क्रोएशिया में हीटवेव का रेड अलर्ट है। बार्सिलोना में, शनिवार को



एक महिला सफाईकर्मी की गर्मी से मौत हो गई। इटली में बुजुर्गों, कैंसर रोगियों और बेघर लोगों में हीटस्ट्रोक के मामले बढ़ गए हैं। रोम ने 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए शहर के स्विमिंग पूल में फ्री सर्विस का ऐलान किया है।

पश्चिमी बाल्कन के देशों में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। सर्बिया ने 19वीं सदी में तापमान रिकॉर्ड करना शुरू करने के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया। स्लोवेनिया में, शनिवार को जून का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। उत्तरी मैसेडोनिया में 27 जून को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129